रांची, गुरुवार | 14 अगस्त 2025 | वर्ष-26, अंक-193, पृष्ठ-12 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

## झारखण्ड निर्माता, दूरदर्शी, आदिवासी अस्मिता के प्रहरी, सर्वप्रिय एवं हम सबके प्रेरणास्रोत



जन्म- 11 जनवरी 1944 निधन- 04 अगस्त 2025

**प्रिय देशवासियों,**

दिशोम गुरु, आदरणीय शिबू सोरेन जी केवल मेरे पिता ही नहीं थे, बल्कि जल, जंगल और जमीन के प्रहरी, आदिवासी अस्मिता के रक्षक, और देशभर के वंचित, शोषित और गरीब वर्ग की आवाज थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन जनसेवा और संघर्ष को समर्पित किया। चाहे संसद का सदन हो या गांव की चौपाल—उन्होंने हर मंच से अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और हमारे हक-हकूक की रक्षा की।

उनकी स्मृतियां, उनके आदर्श और उनके संघर्ष की गाथा हमें हमेशा प्रेरणा देती रहेंगी। मैं आप सभी से निवेदन करता हूँ कि हम सब मिलकर उनके अधूरे सपनों को साकार करें और एक न्यायपूर्ण, समानता आधारित एवं सम्मानपूर्ण समाज के निर्माण में अपना योगदान दें। दिशोम गुरुजी की विरासत को हम सहेजेंगे, उनके विचारों को आगे बढ़ाएंगे और उनकी सेवा भावना को जन-जन तक पहुँचाएंगे।

मेरे पिता का जाना व्यक्तिगत रूप से मेरे लिए अपूरणीय क्षति है, परंतु उनकी आत्मा को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम सभी उनके बताए मार्ग पर चलेंगे।

### दिशोम गुरु को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि !

आपका
**हेमन्त सोरेन**
**मुख्यमंत्री, झारखण्ड**



**हम, झारखण्ड के वासी, आपके अमूल्य योगदान के लिए हमेशा कृतज्ञ रहेंगे**

**श्राद्धकर्म**

**दशकर्म** : 15 अगस्त 2025 (शुक्रवार) **संस्कारभोज** : 16 अगस्त 2025 (शनिवार)

**कार्यक्रम स्थल** :- ग्राम : नेमरा, थाना : बरलंगा, प्रखण्ड : गोला, जिला : रामगढ़, झारखण्ड

झामुमो केंद्रीय समिति




दिवंगत शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्धकर्म के नौवें दिन बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने परिजनों संग दिशोम गुरु की आत्मा की शांति के लिए पारंपरिक विधि विधान से श्राद्ध की प्रक्रिया पूरी की।



## चंद्रप्रकाश चौधरी ने सीएम हेमंत सोरेन से मिलकर ढांढस बंधाया



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बुधवारकोरामगढ़ के नेमरा जाकर पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेनसे मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि गुरुजी का निधन देश व समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। झारखंड और आदिवासी समाज के प्रति उनका योगदान भुलाया नहीं जा सकता। उनकी महत्वपूर्ण भूमिका एक समाज सुधारक के रूप में भी रहीं, जिन्होंने हमेशाा नशामुक्ति, शिक्षा, आदिवासियों के विकास पर जोर दिया।

### सीएम हेमंत सोरेन पुत्र धर्म के साथ-साथ राजधर्म का भी कर रहे निर्वाह

# जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी न हो : सीएम

- **योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध ढंग से किया जाए : हेमंत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गांव के खुले आंगन, मिट्टी की महक और अपनत्व से भरे वातावरण में रहते हुए भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्राथमिकता जनता की सेवा ही है। इन दिनों अपने पैतृक गांव नेमरा में रहकर एक साथ पुत्र धर्म और राज्य धर्म का निर्वहन कर रहे हैं। एक ओर जहां वे दिवंगत पिता दिशोम गुरु शिबू सोरेन के श्राद्ध कर्म की स्थानीय परंपराओं और रीति-रिवाजों का निर्वाह कर रहे हैं। वहीं राज्य के विकास और प्रशासनिक कार्यों के प्रति पूरी तरह सक्रिय हैं। गांव के सादगीपूर्ण माहौल में रहते हुए वे लगातार विभिन्न विभागों से प्राप्त फाइलों और प्रस्तावों पर निर्णय ले रहे हैं तथा अधिकारियों से फोन और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही न हो और योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन निर्धारित टाईमलाईन से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक, जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनके समाधान में पूरी तत्परता बरती जाए।



## चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने सीएम से की भेंट, शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक आवास, नेमरा पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि झारखंड निर्माता गुरुजी का सादा जीवन, उच्च विचार और संघर्षपूर्ण यात्रा न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगी। उनका योगदान आनेवाली पीढ़ियों को सदैव मार्गदर्शन करता रहेगा। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भेंट कर दिशोम गुरु के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की और इस दुखद घड़ी में प्रदेश के व्यापार एवं उद्योग जगत की ओर से मुख्यमंत्री को सांत्वना दी। चैंबर महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि प्रदेश का व्यापारी एवं उद्यमी समाज, गुरुजी के अद्वितीय योगदान को नमन करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। प्रतिनिधिमंडल में चैम्बर महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, अमित शर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा शामिल थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

## राजद ने गुरुजी को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव अभय कुमार सिंह नेमरा पहुंचे व स्व शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर गुरुजी के प्रति संवेदना जताई। मौके पर अभय कुमार सिंह, शैलेंद्र शर्मा, संजय सिंह, विनोद सिंह, शौकत अंसारी उपस्थित थे।



## प्रकाश झा ने दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आज नेमरा में फिल्म निर्माता/ निर्देशक प्रकाश झा ने मुलाकात कर स्मृति-शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दुःख को सहन करने शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## दिशोम गुरु को 'कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा' ने दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को नेमरा में "कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा" के सदस्यों ने मुलाकात कर उनके प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने स्मृति शेष- दिशोम गुरु शिबू सोरेन को स्मरण करते हुए एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया। जिसमें "गुरूजी" को श्रद्धा व्यक्त करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ सदस्यों ने गुरुजी के जीवन, विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि गुरुजी ने सदैव शिक्षा, सेवा और एकता का संदेश दिया। उनका मार्गदर्शन और प्रेरणा हमेशा समाज को दिशा देता रहेगा। सभा में उपस्थित लोगों ने गुरूजी की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर "कुड़मालि भाखी चारि आखड़ा" के संरक्षक दीपक पुनरियार, जिला संरक्षक सदस्य में अनंत कंड़हरआर, सुभाष पुनरियार, गोविंद पुनरियार, सुखदेव जालबनवार, अशोक हिन्दयार, चंद्र मोहन सखवार , सुभाष हिन्दयार के अलावे सैकड़ों की संख्या में संगठन के पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री से मिले कांग्रेस के मंत्री व नेता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नेमरा स्थित पैतृक आवास में मंत्री इरफान अंसारी, दीपिका पांडेय, शिल्पी नेहा तिर्की, झारखंड प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक प्रदीप यादव एवं विधायक ममता देवी ने मुलाकात कर स्मृति-शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिजनों को इस विकट दु:ख को सहन करने की शक्ति और धैर्य की कामना की।

## झारखंड में रेल यात्री सुविधाओं का हुआ विस्तार रक्षा राज्य मंत्री ने रेल मंत्री का जताया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** 4 जुलाई 2025 को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की थी। इस दौरान रांची सहित पूरे झारखंड में रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार को लेकर उन्हें आग्रह पत्र भी सौंपा था। उसी के आलोक में रेल मंत्री ने रेलवे बोर्ड को निर्देश दिया है और आगे की प्रक्रिया भी आरंभ हुई है। मंत्री का जिन प्रमुख मुद्दों की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया था, उन्हें पूर्ण करने की दिशा में गंभीरता दिखाने के लिए संजय सेठ ने आभार प्रकट किया है। रांची से पुरी के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन। रांची से जयपुर के लिए नई ट्रेन का परिचालन या दूसरी ट्रेन का जयपुर तक विस्तार। रांची से ऋषिकेश हरिद्वार के लिए सीधी ट्रेन का परिचालन। रांची से मुरी, सिल्ली, बरकाकाना होते हुए हजारीबाग तक पैसेंजर ट्रेन का परिचालन। राजधानी रांची से अहमदाबाद के लिए ट्रेन सेवा का परिचालन। इसके अलावा अन्य कई मुद्दों पर रांची की जनभावनाओं से उन्हें अवगत कराया था। 20 दिन के अंदर इस मामले में संज्ञान लेते हुए रेलवे बोर्ड ने आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी, यह सुखद है।

## न्यूज बॉक्स

### प्रमंडलीय आयुक्त ने राज्यपाल को दिया स्वतंत्रता दिवस के लिए आमंत्रण




**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में बुधवार को दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र एवं रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मुलाकात की। मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त ने राज्यपाल संतोष गंगवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह-2025 में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया। रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों एवं कार्यक्रम की रूपरेखा से राज्यपाल को अवगत कराया। ज्ञात हो कि रांची के मोरहाबादी मैदान में 15 अगस्त 2025 को मुख्य समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने फहराया तिरंगा



**रांची।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को अपने नई दिल्ली स्थित आवास पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने तिरंगा फहराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में शुरू हुआ यह अभियान भारत के जन-जन का अभियान बन चुका है। इस अभियान ने 140 करोड़ देशवासियों के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना को और भी प्रज्ज्वलित किया है। हर घर तिरंगा अभियान राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले असंख्य वीरों को याद करने का अभियान है।

### बुद्ध बिहार में अंतरराष्ट्रीय मिलन एवं सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**रांची।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर स्थित बुद्ध बिहार में प्रबुद्ध सोसाइटी, भिक्षु संघ, इंडियन डाक्यूमेंट्री फिल्म्स एवं आपकी आवाज के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय मिलन एवं सम्मान समारोह मनाया गया। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा से जुड़े 24 चयनित लोगों को भारतश्री अवार्ड से अलंकृत किया गया। इसमें प्रमुख रूप से थाईलैंड, कंबोडिया एवं भारत के लोग रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ श्रीप्रकाश बरनवाल ने की। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ भदंत ज्ञानेश्वर ने अंतरराष्ट्रीय मिलन एवं सम्मान समारोह पर प्रकाश डालते हुए अवार्ड प्राप्त करने वाले सभी लोगों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अवार्ड प्राप्त करने वालों में प्रमुख रूप से डॉ टीपी बरनवाल, न्यायाधीश डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ उमेश प्रसाद सिंह, भरत शर्मा, डॉ नीलम बर्मा, पूनम बरनवाल, डॉ भारती शर्मा, डॉ महेश अग्रवाल, डॉ सरोज मिश्रा, डॉ मधूसूदन पांडेय शामिल थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ राहुल कुमार, शुभम सानू, अनूप कुमार मुरारी, सुधा तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।

### प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं में नामांकन के लिए शिविर आयोजित

**रांची।** जयपुर पंचायत में बुधवार को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया व आरबीआई के सहयोग से वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि आरबीआई की उप महाप्रबंधक अनामिका शर्मा व विशिष्ट अतिथि प्रबंधक सन्नी कुमार रहे। शिविर में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में नामांकन और री-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी की गई। अनामिका शर्मा ने 8-10 साल में एक बार पुनः केवाईसी कराने और सरकारी योजनाओं से जुड़ने के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में यूनियन बैंक के नीरज अगम, विपिन बिहारी, शिखा सिंह व साख फाउंडेशन के सचिव मनोज सिंह उपस्थित रहे।

### मोरहाबादी में दिशोम गुरु को समर्पित शोकसभा का हुआ आयोजन



**रांची।** राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बापू बाटिका में बुधवार की सुबह साढ़े सात बजे दिवंगत शिबू सोरेन को समर्पित शोकसभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जनमंच के साथ ही अन्य सामाजिक, राजनीतिक, खेल एवं कला-संस्कृति एवं धार्मिक संगठनों की ओर से आयोजित इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिशोम गुरु के योगदान और यहां के लोगों को शोषण-उत्पीड़न से मुक्ति दिलाने के साथ ही प्रत्येक चेहरे पर मुस्कान बिखेरने के प्रति उनके योगदान की चर्चा की गई। साथ ही, महाजनी प्रथा के विरुद्ध उनके ऐतिहासिक संघर्ष को याद किया गया।

**पहल** 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी भाजपा, बोले बाबूलाल मरांडी

# प्रधानमंत्री मोदी ने तिरंगे की ताकत को बढ़ाया

- **कर्मवीर सिंह ने कहा, तिरंगा भारत की आन बान और शान है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा की प्रदेश इकाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरी तरह जुट गई है। बुधवार से प्रदेश के सभी मंडलों में पार्टी कार्यकर्ताओं और विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों और स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा यात्राएं धूमधाम से निकाली जा रही हैं। सभी जिलों, मंडलों में स्थापित शहीदों, महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई की जा रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को घरों में तिरंगा लगाने की विधिवत शुरुआत की। उन्होंने अपने आवास पर तिरंगा ध्वज लगाया। इस अवसर पर मरांडी ने कहा कि हर भारतीय को यह राष्ट्र ध्वज तिरंगा गर्व से भर देता है। कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर तिरंगे की ताकत बढ़ी है सम्मान बढ़ा है। यह बढ़ते भारत, बदलते भारत, मजबूत भारत की पहचान है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने प्रदेश कार्यालय में तिरंगा लगाते हुए कहा कि यह तिरंगा कोई सामान्य झंडा नहीं, बल्कि भारत की आन बान और शान है। उन्होंने कहा कि इसके तीन रंगों में भारत की सांस्कृतिक विरासत निहित है। केसरिया शौर्य साहस है, जिसने करोड़ों देश भक्तों को मर मिटने के लिए प्रेरित किया। श्वेत रंग 'सत्यमेव जयते' की ताकत है और हरा रंग शस्य श्यामला भारत की पहचान है। उन्होंने सभी लोगों से अपने घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया।




### होनहार पुलिस पदाधिकारियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है राज्य सरकार : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि समाचारों से पता चला है कि झारखंड पुलिस सेवा के अफसरों की आईपीएस में प्रोन्नति के लिए आयोजित यूपीएससी की बैठक इसलिए रद्द हो गई, क्योंकि रिटायरमेंट के बाद भी अवैध एवं गैरकानूनी रूप से डीजीपी के पद पर काम कर रहे अनुराग गुप्ता को उस बैठक में शामिल रखने से यूपीएससी से मना कर दिया। इस वजह से राज्य के जिन योग्य पुलिस अफसरों को तत्काल आईपीएस बनने का अवसर मिलता, वे अनिश्चित काल के लिए टल गया। नेता प्रतिपक्ष मरांडी ने कहा कि जबकि ऐसे प्रोन्नति पाने वाले अफसरों के लिए उनके करियर में यह तरक्की एक-एक दिन के लिए महत्वपूर्ण है।

# सूर्या हांसदा का एनकाउंटर नहीं मर्डर हुआ है : बाबूलाल मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** भाजपा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल ने सरकार पर हमला बोला है। मरांडी ने कहा कि आदिवासी नेता को अपराधी बनाना हो या निर्दोष को दोषी साबित करना हो, पैसे लेकर जमीन पर कब्जा कराना हो या माफियाओं को सरेआम आतंक करने की खुली छूट देना हो, अपने शक के आधार पर किसी की आवाज को दबाने के लिए एनकाउंटर करना हो या खास वर्ग को छूट देकर आदिवासियों की हत्या करना कराना हो इन सारे कार्यों का जिम्मा झारखंड पुलिस में शामिल अपराधी क़िस्म के कुछ लोगों ने अपने कंधे पर ले लिया है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जिस तरह अपराधियों को शरण और संरक्षण देने वाली खुद अपराधी प्रवृत्ति का काम कुछ पुलिस वाले कर रहे है।

### चुनी हुई सरकार की पुलिसिंग में दखल असंवैधानिक : डॉ तनुज खत्री



**रांची।** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा झारखंड की पुलिस व्यवस्था और पदोन्नति प्रक्रिया पर लगातार लगाए जा रहे आरोप न केवल तथ्यों से परे हैं, बल्कि चुनी हुई सरकार के कामकाज में अनुचित और असंवैधानिक हस्तक्षेप भी हैं। राज्य की जनता ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार चुनी है, और पुलिसिंग की सीधी जिम्मेदारी स्वयं मुख्यमंत्री के पास है। ऐसे में चुनी हुई सरकार की पुलिसिंग और प्रशासनिक प्रक्रिया में दखल देना न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है, बल्कि संवैधानिक दायरे से भी बाहर है। विशेष रूप से, नियुक्ति प्रक्रिया पर बार-बार सवाल खड़ा करना पुलिस बल के मनोबल को कमजोर करने का प्रयास प्रतीत होता है। ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयानों से अपराधी तत्वों का मनोबल बढ़ता है और कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उक्त बातें झामुमो के केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों बाबूलाल मरांडी ने यह भी कहा था कि उनके खिलाफ पुलिस के पास कुछ ऐसे साक्ष्य हैं, जिनके सामने आने से उनकी छवि को नुकसान पहुँच सकता है। सवाल उठता है-आख़िर बाबूलाल जी राज्य की पुलिस से इतना भयभीत क्यों हैं? क्या उनके मन में अपने ही किसी पुराने आचरण को लेकर कोई आशंका है? यदि ऐसा नहीं है, तो फिर डर किस बात का? झारखंड की पुलिस कानून और संविधान के तहत कार्य करती है, न कि किसी राजनीतिक इशारे पर।

रांची, गुरुवार | 14 अगस्त 2025 | वर्ष-26, अंक-193, पृष्ठ-12 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 10



### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पैतृक गांव नेमरा में गलियों और पगडंडियों पर घूमते नजर आए, कहा

## गांव का विकास ही राज्य के विकास की असली नींव है

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नेमरा गांव के रास्तों पर चलते हुए, किसानों से मिलते हुए, जल-जंगल-जमीन के मुद्दों पर बोलते हुए — हर जगह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में पिता की विरासत जीवित दिखाई देती है। यह रिश्ता केवल खून का नहीं, बल्कि विचारों, सिद्धांतों और सेवा के संकल्प का है। झारखंड की धरती अपनी प्राकृतिक सुंदरता, घने जंगलों, कल-कल बहती नदियों और हरे-भरे खेतों के लिए जानी जाती है। इस धरती के सच्चे बेटे और वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रकृति से गहरा लगाव है। यह लगाव केवल शब्दों में नहीं, बल्कि उनकी जीवनशैली और नीतियों में साफ दिखाई देता है। गांव के प्राकृतिक वातावरण में पले-बढ़े मुख्यमंत्री आज भी अपने व्यस्त राजनीतिक जीवन में प्रकृति के साथ समय बिताना नहीं भूलते। इसी क्रम में बुधवार को मुख्यमंत्री सोरेन अपने पैतृक गांव नेमरा में सादगीपूर्ण अंदाज में गांव की गलियों और पगडंडियों पर घूमते हुए नजर आए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, गांव का विकास ही राज्य के विकास की असली नींव है। गांव की मिट्टी में खुशबू और हरियाली की ठंडक है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लोग सिर्फ राज्य का मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि अपने पिता दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन की शेष पेज 09 पर

### बोले सीएम

- गांव की मिट्टी में खुशबू और हरियाली की ठंडक है
- जल, जंगल और जमीन राज्य के अस्तित्व का आधार

### झारखंड की आत्मा है जल, जंगल व जमीन

मुख्यमंत्री का बचपन गांव की गोद में बीता, जहां सुबह की ठंडी हवा, खेतों की हरियाली और नदी की कलकल ध्वनि उनका रोज का साथी था। इसी वातावरण में पला-बढ़ा मन आज भी प्रकृति की गोद में सुकून पाता है। मुख्यमंत्री का सपना है कि झारखंड आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उतना ही हरा-भरा, स्वच्छ और जीवनदायी बना रहे, जितना यह आज है। वे मानते हैं कि विकास तभी सार्थक है, जब वह पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति के साथ तालमेल बिठाए। मुख्यमंत्री का मानना है कि जल, जंगल और जमीन केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि झारखंड की आत्मा हैं। ये लोकगीतों, त्योहारों और पारंपरिक रीति-रिवाजों में रचे-बसे हैं। इसलिए, इनके संरक्षण को सांस्कृतिक संरक्षण के रूप में भी देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव का विकास राज्य के सर्वांगीण विकास की बुनियाद है और हमारी सरकार ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज राष्ट्र को करेंगी संबोधित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** पूरे देश में 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का संबोधन गुरुवार की शाम 7:00 बजे आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी संस्करण प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात के 9:30 बजे क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा। इसके एक दिन बाद 15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 79वें स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली के लालकिले की प्राचीर से लगातार 12वीं बार राष्ट्र को संबोधित करेंगे।



**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।

### राज्य के बड़े नेताओं, अधिकारियों से लेकर ग्रामीणों का तांता

# लाखों की भीड़ संभालने के लिए मुस्तैद है प्रशासन




**नेमरा से लौटकर सुनील बादल और मनोज मिश्रा**

- गुरुजी के आवास से तीन किमी पहले से ही सुरक्षा बल तैनात
- आगंतुकों की सुविधाओं का रखा जा रहा है पूरा ध्यान

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा जाने के दोनों रास्ते - गोला से सिल्ली और सिल्ली से गोला - में मंत्रियों, उच्च अधिकारियों से लेकर मोटरसाइकिल, स्कूटी तक पर गुरुजी को श्रद्धांजलि और व्यवस्था संभालने वालों की कतार लगी हुई है। रांची से ओरमांझी होते हुए नेमरा तक की सड़क शानदार बन गई है। वहीं, सिल्ली से नेमरा जाने वाली सड़क पर युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है, जिस पर बंगाल और जमशेदपुर व चाईबासा की ओर जाने वाले लोगों की भीड़ देखी गई। चप्पे-चप्पे पर, पेड़ों के नीचे और अस्थायी पुलिस पोस्ट तक में पुलिसकर्मी तैनात हैं। बड़े-बड़े जेनरेटर की मदद से ग्रामीण रास्तों तक में तेज रोशनी की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी पैदल या वाहन से चलने वाले व्यक्ति को कोई असुविधा न हो।

रांची के वरीय आरक्षी अधीक्षक रह चुके किशोर कौशल और रांची के उपायुक्त रह चुके राहुल सिन्हा सहित रांची और झारखंड के अनेक उच्च अधिकारियों को भारी भीड़ को संभालने की तैयारी की समीक्षा करते हुए देखा गया। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा पुलिसकर्मियों को भारी भीड़ को गाइड करते हुए बुधवार को देखा गया, जबकि गुरुवार से और भी भीड़ बनने की संभावना है। गुरुजी की ऊंचाई पर स्थित आवास तक आने-जाने के लिए रामगढ़ जिला प्रशासन की ओर से बैटरी चालित वाहनों की व्यवस्था की गई है। गर्मी और उमस को देखते हुए बड़ी संख्या में कूलर बड़े-बड़े टेंट में लगाए गए हैं। आमतौर पर कड़ाई से पेश आने वाले पुलिसकर्मी भी हर आम और खास से विनम्रता पूर्वक पेश आ रहे थे। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और वरीय आरक्षी अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा भी तत्पर दिखे। गुरुजी के आवास के बाहर बने अस्थायी बड़े साइज के टेंट में बड़े-बड़े पंखे और कुर्सियों की व्यवस्था की गई है, जो लगभग खचाखच भरी हुई है। राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय सिंह सहित पलामू के कई नेताओं को वहां देखा गया। हॉल के बाहर गुरुजी की तस्वीर लगे टेंट के अंदर श्रद्धांजलि देने वालों की भारी भीड़ थी। पोटका से आए कुछ जनजातीय युवकों ने कहा कि चाहे जितनी भी देर हो, लेकिन कुछ सेकेंड के लिए ही सही मुख्यमंत्री से मिलकर गुरुजी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करके ही जाएंगे। शेष पेज 09 पर

### सीसीआई के गवर्निंग बॉडी के सदस्य निर्वाचित हुए प्रदीप वर्मा



डॉ वर्मा की जीत झारखंड के लिए गर्व का क्षण

**रांची।** दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया (सीसीआई) के गवर्निंग बॉडी चुनाव 2025 में झारखंड के राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। यह पहली बार है, जब झारखंड के किसी सांसद ने इस प्रतिष्ठित क्लब की गवर्निंग बॉडी में सदस्य पद हासिल किया है। इस चुनाव में कुल 1295 वोटरों ने हिस्सा लिया, जिसमें झारखंड से 23 वोटर शामिल थे और 21 ने मतदान किया। चुनाव के दौरान कई राष्ट्रीय स्तर के बड़े नेता, जैसे गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन शेष पेज 09 पर

### झारखंड के 2.22 लाख परिवारों को मिलेगा पक्का घर

**नवीन मेल संवाददाता**



सांसद वीडी राम के प्रयासों से पीएम आवास योजना ग्रामीण में बड़ा आवंटन

**मेदिनीनगर।** झारखंड के लिए एक बड़ी खुशखबरी आई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस 2018 की प्रतीक्षा सूची में शामिल 2,22,069 लाभार्थियों को अब पक्का घर मिलेगा। इस फैसले से झारखंड के साथ-साथ पलामू संसदीय क्षेत्र के गढ़वा और पलामू जिले के हजारों परिवार लाभान्वित होंगे। यह उपलब्धि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयासों से संभव हुई है। सांसद ने 17 जुलाई 2025 को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर और व्यक्तिगत मुलाकात कर इस मुद्दे को मजबूती से रखा था। इसके बाद 3 अगस्त 2025 को केंद्रीय मंत्री से प्राप्त पत्र में स्पष्ट किया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में झारखंड के सभी प्रतीक्षारत लाभार्थियों को आवास देने का लक्ष्य तय किया गया है। सांसद विष्णु दयाल राम ने इस निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति झारखंड वासियों की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल झारखंड बल्कि मेरे पलामू संसदीय क्षेत्र के हजारों गरीब परिवारों के जीवन में खुशियां लाएगा। अब हर जरूरतमंद को अपना पक्का घर मिलेगा। सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री के 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को साकार करता है। अब गढ़वा-पलामू के लोग बेहतर जीवन और सुरक्षित आवास का सपना पूरा कर पाएंगे। इस निर्णय से झारखंड के ग्रामीण इलाकों में आवास निर्माण की रफ्तार तेज होगी और ग्रामीणों के जीवन स्तर में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

### इंडिपेंडेंस डे फुलड्रेस रिहर्सल



स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारी के तहत बुधवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। रिहर्सल में शामिल रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा व अन्य।

### इंडिया | एआइ से भारत में भी नौकरियों को खतरा है या बढ़ेगी वैश्विक शक्ति

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम मेधा के आने के बाद हमारे लिए कई काम आसान हो गए हैं जबकि इससे हमारा जीवन कितना आसान हुआ है और चुनौतियां कितनी बढ़ गई हैं ये अभी वैश्विक चर्चा का विषय है । एक आम भारतीय जो सोशल मीडिया पर फटाफट फोटो,ऑडियो या वीडियो बनते देख रहा है उसे कई बातों का पता नहीं । एक खतरा तो हम यह देख रहे हैं जो साइबर ठग अपना रहे हैं और हमारे बच्चों या निकट संबंधियों की आवाज की नक़ल तैयार कर पैसे वसूलने का प्रयास कर रहे हैं अनेक मामले ऐसे आए हैं जब अभिभावक बिना पूरी बात सुने रिकार्डेड संदेश जिसमें वह अस्पताल में या पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए पैसों की मांग करता है,डर जाते हैं और उन ठगों के चंगुल में फंस जाते हैं । दूसरी ओर क्या बड़ा ख़तरा खास तौर पर बेरोजगारी से जूझ रहे भारत के लिए है जिसमें एआइ मानवीय कार्यों के विकल्प के तौर पर भी उभर रहा है। अंतरराष्ट्रीय जॉब मार्केट में कई नौकरियों में एआइ ने मनुष्यों की तरह दक्षता से काम कर उनकी नौकरी छीन ली है।भारत की सबसे बड़ी मोबाइल कंपनियों एयरटेल और जियो सहित अनेक टेक कंपनियों ने तो अपना कॉल सेंटर लगभग पूरी तरह एआइ के हवाले कर दिया है गूगल के पूर्व एग्जीक्यूटिव मो गव्दात का एक बयान आया है जिसमें उन्होंने लोगों को चेतावनी दी है और कहा है कि आने वाले 15 साल में एआई इंसानों को नरक दिखा देगा बुरा दौरा साल 2027 से शुरू होगा। मो गव्दात ने डायरी ऑफ सीइओ पॉडकास्ट में कहा है कि एआई आने वाले समय में व्हाइट कॉलर जॉब्स को खत्म कर देगा यानी जिन नौकरियों के लिए पढ़ाई या विशेषज्ञता आधारित डिग्री की अनिवार्यता है उन पर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने अपनी स्टार्टअप कंपनी एम्मा.लव का उदाहरण देते हुए बताया कि पहले ऐसी कंपनी को चलाने के लिए 350 लोगों की जरूरत पड़ती थी। लेकिन अब मात्र 3 लोग ये काम कर रहे हैं। एआई का फायदा कुछ अमीर और पावरफुल लोगों को ही मिलेगा, आम लोगों की नौकरियां तो जाएंगी।पॉडकास्ट में मो गव्दात ने बताया कि एआई नौकरियां खत्म करेगा और आर्थिक असमानता को बढ़ाएगा। नौकरिया खत्म होने के बाद लोग आजीविका के साथ-साथ जीवन का उद्देश्य भी खो देंगे। इससे मानसिक समस्याएं होंगी, अकेलापन होगा और सामाजिक विभाजन भी बढ़ेगा। मिडिल क्लास जैसा कुछ नहीं बचेगा। वैसे इसके व्यावहारिक पक्ष को देखें तो एआई को लागू करने का सबसे बड़ा और सबसे स्पष्ट नुकसान यह है कि इसका नौकरियों जैसी दक्षता के लिए विकास बेहद महंगा हो सकता है। आपको एआई से क्या करवाना है, इसके आधार पर लागत बदलती रहती है। एक अनुमान के अनुसार, अधिकांश व्यवसायों के लिए पूरी तरह से लागू एआई समाधान की लागत 20,000 डॉलर से लेकर लाखों डॉलर तक हो सकती है जो भारत के लिए आसान नहीं ।अगर उससे नुकसान हो जाए तो क्या इसकी भरपाई के लिए बीमा हो सकता है ? इस तरह के कुछ मामले की चर्चा लंदन में चर्चा हुई है ।अमेरिका-भारत व्यापार तनावों के बीच भारत खुद को एक विश्वसनीय सहयोगी और एक क्षेत्रीय तकनीकी महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए उत्सुक है पर वैश्विक एआई आपूर्ति श्रृंखलाओं में एकीकृत होने की उसकी कोशिश संसाधनों की कमी, विशेष रूप से कंप्यूटिंग शक्ति और बड़े पैमाने के मॉडलों में के कारण बाधित है। वैश्विक आकांक्षाओं को घरेलू प्राथमिकताओं के साथ संतुलित करते हुए सरकार एक जटिल एआई विकास एजेंडे पर काम कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न क्षेत्रों में एआई के प्रति दृष्टिकोण खंडित हो रहे हैं।



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक




### गोइलकेरा में पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

#### एक एसएलआर राइफल भी बरामद

**नवीन मेल डेस्क**

चाईबासा (पश्चिमी सिंहभूम)। पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र के सौता गांव के पास बुधवार की सुबह पुलिस एवं सुरक्षा बलों के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया। मौके से एक एसएलआर राइफल बरामद की गई है। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान डॉ माइकल राज ने कहा कि चाईबासा के गोइलकेरा इलाके में पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम सर्च ऑपरेशन पर निकली थी। टीम जैसे ही सौता के जंगल-पहाड़ी इलाके में पहुंची, तो नक्सलियों ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस और सुरक्षा बलों ने मोर्चा संभालकर जवाबी कार्रवाई की। करीब एक घंटे तक दोनों ओर से कई राउंड गोलियां चलीं।

इस मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचा है। इलाके की तलाशी के दौरान एक नक्सली का शव बरामद किया गया है। फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। इधर, जानकारी के अनुसार, मुठभेड़ के बाद कुछ नक्सली भागने में सफल हुए, जिनकी तलाश के लिए आसपास के इलाकों में कांबिंग ऑपरेशन जारी है। ज्ञात हो कि पश्चिमी सिंहभूम जिले के नक्सल प्रभावित शेष पेज 09 पर

### स्वतंत्रता दिवस पर होने वाली सभी गतिविधियों का किया गया अनुकरण

# मोरहाबादी मैदान में हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल

- समारोह के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की ज्वायंट ब्रीफिंग भी की गई

नवीन मेल संवाददाता





**रांची।** स्वतंत्रता दिवस 2025 पर रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारी के तहत बुधवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। इस अवसर पर रांची के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा की अगुवाई में आयोजित रिहर्सल में स्वतंत्रता दिवस के दिन होने वाली सभी औपचारिक गतिविधियों का सटीक अनुकरण किया गया। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री एवं एसएसपी चंदन सिन्हा ने परेड की सलामी ली। साथ ही, आला अधिकारियों द्वारा सभी पार्टियों को परेड से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समारोह की सुरक्षा एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग भी की गई। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक, रांची मनोज कौशिक, उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री एवं एसएसपी चंदन सिन्हा ने संयुक्तादेश के मुख्य बिंदुओं को विस्तार से समझाते हुए सभी पदाधिकारियों को समय पर अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर सौंपे गए कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त भजंत्री ने कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य, दायित्व और प्रतिनियुक्ति स्थल की पूरी जानकारी रखें एवं मुख्य अतिथियों के आगमन और निर्गमन की व्यवस्था समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित करें।

वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिया कि समारोह में आने वाले सभी आगंतुकों की सघन जांच करें। कोई भी अवांछित व्यक्ति किसी आपत्तिजनक सामग्री के साथ समारोह स्थल में प्रवेश न करे, इसका विशेष ध्यान रखें।

स्वतंत्रता दिवस पर परेड का समादेशन सहायक पुलिस अधीक्षक श्रुति (भापुसे) करेंगी। दुसरुवान सिंह, परिक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक, रांची परेड का द्वितीय समादेशन करेंगे।

#### मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में हिस्सा लेने वाले विभिन्न प्लाटून

- सीआरपीएफ - एक प्लाटून
- आईटीबीपी - एक प्लाटून
- एसएसबी - एक प्लाटून
- सीआईएसएफ - एक प्लाटून
- झारखंड जगुआर - एक प्लाटून
- जैप-1 - एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैंड पार्टी
- जैप-2 - एक प्लाटून
- जैप-10 - एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैंड पार्टी
- रांची पुलिस (महिला) - एक प्लाटून
- होमगार्ड - एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैंड पार्टी
- एनसीसी एसआर - एक प्लाटून (ब्वॉयज)
- एनसीसी - एक प्लाटून (गर्ल्स)
- रांची पुलिस (पुरुष) - एक प्लाटून
- बिहार पुलिस - एक प्लाटून

## तिलैया में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी हुईं शामिल



**कोडरमा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज तिलैया (कोडरमा) में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें कोडरमा लोकसभा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री व कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ यह जन-आंदोलन आज पूरे देश को एकता के सूत्र में पिरोते हुए राष्ट्रभक्ति और गर्व की भावना को नई ऊँचाइयों पर पहुँचा रहा है। उन्होंने इसे भारत की अखंडता और सांस्कृतिक गौरव का जीवंत प्रतीक बताया।

## प्रखंड के चार विद्यालयों का मूल्यांकन किया गया

**लापुंग।** झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक के निर्देशानुसार पूरे राज्य में किए जा रहे मेरा विद्यालय निपुण में भी निपुण कार्यक्रम के तहत लापुंग प्रखंड के चार चयनित विद्यालयों में चल रहे एफएलएन कार्यक्रम का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान लापुंग प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय लेटे राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग राजकीय प्राथमिक विद्यालय गरई तथा राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोयनारा में पढ़ रहे दूसरी और तीसरी कक्षा के दर्जनों छात्र छात्राओं सहित विद्यालयों का ऑनलाइन सूक्ष्म मूल्यांकन किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### डीएसपीएमयू में करम पूर्व संध्या समारोह को लेकर हुई बैठक



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में 30 अगस्त को 'करम पूर्व संध्या' समारोह मनाया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विश्वविद्यालय के अखड़ा में हुई, जिसकी अध्यक्षता एसीएस यूनिट के पूर्व सचिव मोनू लकड़ा ने की। बैठक में आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) के पदाधिकारी, विभिन्न छात्रावासों के प्रतिनिधि और अन्य संबंधित सदस्य उपस्थित रहे। इस बैठक में कार्यक्रम के लिए गए निर्णयों की समीक्षा की गई और कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आगे की रूपरेखा तैयार की गई।

### लापुंग में निकली तिरंगा यात्रा



**लापुंग।** लापुंग भाजपा मंडल ने आजादी के 79वी वर्षगांठ पर भाजपा नेता विजय सिंह के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर लापुंग भाजपा मंडल प्रभारी दुखहरन सिंह, पूर्व जिप सदस्य बांदे हेरेंज, चरकू साहू, पवन साहू, ओबीसी मोर्चा के नंदलाल साहू, फलिंदर हजाम, कृष्णा नायक, राजेंद्र सिंह, किश्वर नाथ, घनश्याम साहू, धनेश्वर साहू सहित लापुंग के दर्जनों शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा प्रखंड मुख्यालय से प्रारंभ होकर बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति में माल्यार्पण कर समाप्त हो गई।

### खलारी में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी पूरी कल होगा ध्वजारोहण लोगों में उत्साह



**खलारी।** खलारी में 79वें स्वतंत्रता दिवस की तैयारी पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को क्षेत्र के सरकारी, गैरसरकारी संस्थानों, स्कूल चौक चौराहों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी खलारी द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार प्रखंड कार्यालय में सुबह 9:00 बजे ध्वजारोहण होगा। इसके बाद पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय में 9:25 बजे व पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:35 बजे ध्वजारोहण होगा। खलारी व मैक्लुस्कीगंज थाना में सुबह 9:50 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 10:05 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र में 10:15 बजे तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में 10:30 बजे कार्यक्रम होंगे। सभी जनप्रतिनिधियों और प्रखंडवासियों को इस राष्ट्रीय पर्व में शामिल होने का निमंत्रण दिया गया है। इसके अलावा एनके एरिया महाप्रबंधक काार्यालय, सभी परियोजना कार्यालय, यूनियन कार्यालय, सीआईएसएफ यूनिट कैंप, पंचायत सचिवालयों सहित अन्य जगहों पर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया जाएगा। विद्यालयों में एक सप्ताह पहले से ही परेड एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारियां चल रही है। स्वतंत्रता दिवस को लेकर बच्चों में काफी उत्साह हैं। खलारी के बाजार में छोटे बड़े तिरंगा झंडे सहित तिरंगा से संबंधित अन्य सामग्रियों की खूब बिक्री हो रही है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ केडी बाजार में तिरंगा झंडा सहित अन्य सामग्री खरीदते नजर आए।

### जनजातीय महोत्सव का हुआ आयोजन



**मांडर।** भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बुधवार को जनजातीय महोत्सव 2025 का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ दीपाली पराशर के द्वारा दीप प्रज्वलन कर उनकी अगुवाई और मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। डॉ दीपाली पराशर ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य भारत की विविध और समृद्ध जनजातीय परंपराओं का सम्मान करना और विद्यार्थियों को जनजातीय जीवनशैली एवं संस्कृति से परिचित कराना है ताकि उनकी सम्यता एवं संस्कृति को संरक्षित किया जा सके तथा प्रकृति के प्रति प्रेम बना रहे। श्रद्धानंद हाउस द्वारा मुंडा जनजाति, दयानंद हाउस द्वारा हो जनजाति, हंसराज हाउस द्वारा उरांव जनजाति, तथा विवेकानंद हाउस द्वारा संथाल जनजाति की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत की गई। साथ ही प्रस्तुति के दौरान संथाल, मुंडा, उरांव, हो जनजातियों के खान-पान, रहन-सहन, वेशभूषा इत्यादि का सुन्दर समन्वय देखने को मिला।

### सौ केवीए ट्रांसफॉर्मर का हुआ उद्घघाटन

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बुधवार के दिन सिल्ली प्रखंड के अंतर्गत पंचायत लोटा गांव - बीच टोला लोटा में100 केवीए के विजली ट्रांसफॉर्मर का सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर उद्घघाटन किया गया। मौके पर रामकृष्ण साहु ने कहा कि पिछले एक महीने से 100 केवीए का विजली ट्रांसफॉर्मर खराब था।सैकड़ों उपभोक्ता एवं इस क्षेत्र के लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा था परंतु कार्तिक चन्द्र महतो के प्रयास से ट्रांसफॉर्मर मंगवाया गया। अब बीच टोला लोटा के ग्रामीणों को बिजली मिल गयी है। एवं अंधेरे से रोशनी मिल गई है। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो,सिल्ली प्रखंड उपाध्यक्ष निशाकर महतो, मनीराम दास, महासचिव सैय्यद कमर आलम, भागीरथ महतो, मो कलाम, प्रकाश मुंडा, सिल्ली पूर्वी मंडल अध्यक्ष देवाशिष दत्ता, अल्पसंख्यक जिला सचिव रमजान अंसारी, सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस प्रत्याशी विकास रजक,समसेर आलम, मोहताब अंसारी, सहित सम्मानित ग्रामीण भोला भगत, डॉ अशोक महतो, नकुल मोदक, विजली मिस्त्री गंगाधर महतो, चन्द्र मोहन महतो, जयप्रकाश महतो, सुफल बेदिया इत्यादि ग्रामीण उपस्थित हुए।



- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को नेमरा स्थित पैतृक आवास में झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संजय प्रसाद ने मुलाकात कर स्मृति-शेष पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दिया।

## अनगड़ा में सड़क हादसे में 4 लोगों की मौत, एक गंभीर





**रांची।** रांची-पुरुलिया मार्ग में चमघट्टी के निकट बुधवार की रात करीब सवा 9 बजे एक धान लदा ट्रक ऑटो रिक्शा को सीधी टक्कर मारने के बाद आगे जाकर पलट गया। दुर्घटना में ऑटो में सवार 4 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। ऑटो के परखच्चे उड़ गए। मृतकों में 2 महिला, 1 बच्चा शामिल है। दुर्घटना में ऑटो चालक की भी मौत हो गयी। ऑटो झालदा से रांची की तरफ जा रही थी। ट्रक रांची से सिल्ली की ओर जा रहा था। घटना की सूचना मिलते ही अनगड़ा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।अनगड़ा पुलिस ने सभी 4 चार शवों को अपने कब्जे में ले लिया है। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को इलाज के लिए रिम्स भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है।

### मांडर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

**मांडर।** एक गांव एक तिरंगा अभियान और हर घर तिरंगा कार्यक्रम के निमित मांडर विधानसभा के टांगरबस्ली मंडल के अध्यक्ष पूरंजय महतो के नेतृत्व में दो सौ थामे सैकड़ों की संख्या में भाजपाई भारत माता की जय और वंदे मातरम वीर शहीद अमर रहे के नारे के साथ निकले। यह यात्रा बिसाहाखटगा से आरम्भ होकर महुवाजाड़ी प्रयागों नवाटांड टांगरबस्ली चौक नारों बूढ़ा खुखरा होते हुए खुखरा शेल पहुंचा जहां यात्रा का समापन हुआ। विशाखटंगा में शहीद कुलदीप लकड़ा को माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि दी गई। बूढ़ाखुखरा चौक में शाहिद एतवा उरांव एवं शहीद रंजीत खलखो के प्रतिमा पर साफ सफाई करने के बाद माल्यार्पण किया गया एवं उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

### चान्हो में तिरंगा यात्रा का आयोजन हजारों के संख्या में लोग हुए शामिल

# स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाना हम सब की जिम्मेवारी : सन्नी

नवीन मेल संवाददाता

- भाजपा नेता सतीश शाह ने कहा कि शहीदों और महापुरुषों की शौर्य गाथा बच्चों को बताना चाहिए ताकि वे उसका अनुकरण कर कर एक अच्छे नागरिक बन सकें



**चान्हो।** हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त भाजपा चान्हो मंडल द्वारा बुधवार को विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रभापुंज पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं भी शामिल हुए। यह यात्रा स्कूल से आरम्भ होकर चान्हों चौक ,पेट्रोल पंप ब्लॉक मोड़ हुए वापस विद्यालय पहुंचा जहां सन्नी टोप्पो ने अपने संबोधन में कहा की यह तिरंगा हमारी आन बान शान है ,इसके सम्मान में और देश की एकता अखंडता के लिए हम सभी से जितना बन पड़े योगदान देना चाहिए उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों का भारत बनाना हम सबकी जिम्मेवारी है। भाजपा नेता सतीश शाह ने कहा कि शहीदों और महापुरुषों की शौर्य गाथा बच्चों को बताना चाहिए ताकी वे उसका अनुकरण कर कर एक अच्छे नागरिक बन सकें। पूरी तिरंगा यात्रा में भारत माता की जय वंदे मातरम वीर बुधु भगत अमर रहे, वीर बिरसा अमर रहे शहीद जय प्रकाश उरांव अमर रहे शहीद अभिषेक साहू अमर रहे गूंजता रहा मौके पर हजारों की संख्या में प्रभापूंज पब्लिक स्कूल के छात्र छात्राएं शिक्षक गण प्रधानाचार्य शालिक राम पांडे सहित भाजपा चान्हो मंडल के अध्यक्ष विजय महतो युवा मोर्चा के राजीव गुप्ता आविनाश गुप्ता भाजपा नेता सतीश कुमार शाह यमुना उरांव सुनील उरांव रिजवान अंसारी सहितमहामंत्री विशेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष सुनील उरांव,रिजवान,मंत्री रंजित उरांव,वरिष्ठ कैलाश गुप्ता पुनई उरांव सहित सैकड़ो भाजपाई भी उपस्थित रहे।

### लापुंग प्रखंड में शान से लहराएगा तिरंगा

**लापुंग ।** लापुंग प्रखंड में स्वतंत्रता दिवस समारोह की व्यापक तैयारियां की गई है। लापुंग प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, लापुंग स्टेडियम में प्रखंड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, लापुंग थाना में थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, एपीजे पब्लिक स्कूल लापुंग में विद्यालय के संस्थापक एवं समाजसेवी जयनाथ साहु, पीएम श्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा में बहादुर उरांव पीएम श्री राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग में प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु में ऋषि तेज कुमार केरकेट्टा, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया में प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रकाश उरांव, राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग में प्रधानाध्यापक सह डीडीओ शिव प्रसाद महतो सहित विभिन्न विद्यालयों एवं सरकारी संस्थाओं में पदाधिकारी गण एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा अतिथि ध्वजारोहण करेंगे। इस दौरान शान के साथ भारतीय तिरंगा लहराएगा।

### गुरुजी की स्मृति में सामूहिक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**खलारी।** आफिसर्स क्लब, एनके एरिया डकरा में पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की स्मृति में सामूहिक श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम में एनके एरिया के महाप्रबंधक दिनेशकुमार गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। सभी ने बारी-बारी से गुरुजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओं ने उनके आंदोलन, संघर्ष और कोयलांचल क्षेत्र से जुड़े योगदान को याद किया। कहा कि गुरुजी के आंदोलन के कारण ही क्षेत्र में कोयला लोडिंग के माध्यम से रोजगार मिला। उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। सभा में महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता, राम कुमार उरांव, बालेश्वर उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# बीएयू में दिशोम गुरु और डॉ आरपी सिंह रतन के निधन पर शोक सभा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन तथा बीएयू के अवकाशप्राप्त निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ आरपी सिंह रतन के निधन पर कृषि महाविद्यालय प्रेक्षागृह में बुधवार को कुलपति डॉ एससी दुबे की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया तथा दो मिनट का मौन रखकर दोनों दिवंगत आत्माओं की चिरशांति के लिए प्रार्थना की गयी। झारखंड अलग राज्य के निर्माण तथा साहूकारों के चंगुल से ग्रामीणों को मुक्ति दिलाने में दिशोम गुरु के योगदान को याद किया गया। ब्रेन हेमरेज हो जाने के कारण डॉ आरपी सिंह रतन का देहांत मंगलवार को सुबह रांची के एक निजी अस्पताल में हो गया था। वह 72 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार बिहार के शिवहर जिला स्थित उनके पैतृक गांव कटैया में बुधवार को हुआ। उनके पुत्र विश्वेश कुमार ने मुखाग्नि दी। शोकसभा में उपस्थित लोगों दिशोम गुरु तथा डॉ रतन के सामाजिक, मानवीय और प्रशासनिक गुणों को याद किया। उनके बारे में अपने उद्‌गार व्यक्त करने वालों में कुलपति के अलावा डॉ डीके शाही, डॉ रेखा सिन्हा, प्रो डीके रूसिया, डॉ अरुण कुमार तिवारी, डॉ मो नैयर अली तथा अमरेंद्र कुमार वर्मा शामिल थे। राजेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, समस्तीपुर, बिहार से कृषि विज्ञान में एमएससी और पीएचडी की डिग्री प्राप्त करने वाले डॉ रतन ने बीएयू में अपने करियर की शुरुआत कृषि प्रसार शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में वर्ष 1984 में की थी। बाद में वह विभाग के अध्यक्ष बने तथा स्थायी निदेशक प्रसार शिक्षा के रूप में लगभग 12 वर्षों तक कार्य किया।

**सम्मान** खलारी भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

# देशभक्ति और एकता का संदेश लेकर निकली यात्रा : समरीलाल

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल की ओर से पूर्व विधायक समरीलाल के नेतृत्व में बुधवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा राय चौक से शुरू होकर खलारी शहीद चौक तक गई। शुरुआत राय बाजार चौक स्थित स्वतंत्रता सेनानी राम सिंह और बान सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद खलारी मंडल के महिला-पुरूष कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लिए बैंड-बाजे की धुन पर मार्च करते हुए राय बाजार तक पहुंचे। इसके पश्चात कार्यकर्ता बाइक रैली के माध्यम से भारत माता और वंदे मातरम् के जयकारे लगाते हुए चूरी, मानकी, विश्वकर्मा मोड़, डकरा कालोनी, सुभाष नगर, डकरा मेन रोड होते हुए केडी की ओर बढ़े। इस दौरान महिलाओं ने यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं को तिलक लगाया और उन पर पुष्पवर्षा की। तिरंगा यात्रा के दौरान स्वतंत्रता सेनानी बाबू कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। यात्रा मोहन नगर कालोनी होते हुए प्रस्तावित पृथ्वीराज चौहान चौक, केडी अंबेडकर चौक, हिंदू गढ़ी चौक और अंत में शहीद चौक पर पहुंची, जहां वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। समरीलाल ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा देशभक्ति, एकता और बलिदान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। आज हम उन वीरों को नमन करते हैं, जिनके बलिदान से हमें आज़ादी मिली। युवा पीढ़ी को उनके त्याग से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। यात्रा में प्रमुख कार्यकर्ताओं में अरविंद सिंह, फुलेश्वर महतो, आनंद झा, शिवकुमार चौधरी, गणेश यादव, प्रमोद प्रजापति, रतनलाल, दिलीप पासवान, रविन्द्र पासवान सहित बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## खलारी में नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर ली गई शपथ





**खलारी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर बुधवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय, खलारी में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला, सुभाष नगर की बीके प्रीति बहन ने किया और मार्गदर्शन गुमला शिव दर्शन भवन की संचालिका बीके शांति दीदी ने दिया। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नशा मुक्त भारत की शपथ ली। बीके प्रीति बहन ने युवाओं को नशे से दूर रहने और जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। बीके भूमि बहन, बीके संजय भाई, बीके कमल भाई, बीके प्रेमचंद भाई और आदित्य भाई ने नशे के दुष्प्रभाव बताए। इस अवसर पर रामवि खलारी के प्रधानाचार्य उत्तरा कुमार, जनता हाई स्कूल +2 विद्यालय खलारी की प्रधानाचार्य पुष्पा प्रसाद, उमवि महावीरनगर के प्रधानाचार्य रंथु साहु, ज्ञानोदय विद्यालय महावीर नगर से संगीता झा शामिल थी। रंथु साहू ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत के लिए प्रेरित करने हेतु ब्रह्माकुमारी संस्था के प्रयासों की सराहना की। इस महत्वपूर्ण अभियान में उन्होंने संस्था को अपना भरपूर सहयोग दिया और भविष्य में आगे भी भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### रांची जिले में 3 लाख 86 हजार 693 लाभुकों को आधार आधारित सम्मान राशि मिली

# मंईयां सम्मान के लाभुकों को जुलाई की सम्मान राशि का हुआ भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत रांची जिले में लाभुकों को जुलाई महीने की सम्मान राशि (2500 रुपये) का भुगतान उनके बैंक खाते में कर दिया गया है। प्रथम चरण में जिले में कुल 3 लाख 86 हजार 693 लाभार्थियों के खाते में 96 करोड़ 67 लाख 32 हजार 500 की राशि का आधार बेस्ड भुगतान किया गया है। जिन लाभुकों का आवेदन पूर्व में स्वीकृत है और उन्होंने अपना आधार सीडिंग बैंक खाते से नहीं कराया है, वैसे लाभुकों से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा अपना आधार सीडिंग कराने की अपील की गई है, ताकि उन्हें योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

जिले में भौतिक सत्यापन का कार्य जारी है। अतिशीघ्र भौतिक सत्यापन का कार्य संपन्न होने के पश्चात शेष सुयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। वैसे लाभुक जिनका भौतिक सत्यापन लंबित है, वे आंगनबाड़ी सेविका से संपर्क कर तथा सत्यापन प्रपत्र प्राप्त कर अपने भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं।




**जुलाई महीने में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित राशि**

| जगह | राशि | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अनगड़ा | 16490 | हेहल शहरी क्षेत्र (नगर निगम) | 15170 | नामकुम | 17696 |
| अरगोड़ा शहरी क्षेत्र (नगर निगम) | 11923 | इटकी | 10455 | नामकुम शहरी क्षेत्र (नगर निगम) | 8368 |
| बड़गाईं शहरी क्षेत्र (नगर निगम) | 8924 | कांके | 31540 | ओरमांझी | 18164 |
| बेड़ो | 20622 | कांके शहरी क्षेत्र (नगर निगम) | 1291 | राहे | 9527 |
| बुंडू | 8489 | खलारी | 9675 | रातू | 18467 |
| बुंडू नगर पंचायत | 3424 | लापुंग | 11216 | सिल्ली | 21194 |
| बुढ़मू | 17657 | मांडर | 23279 | सोनाहातू | 12820 |
| चान्हो | 19715 | नगड़ी | 17677 | तमाड़ | 18500 |
| | | नगड़ी शहरी क्षेत्र (नगर निगम) | 7439 | सदर शहरी क्षेत्र (नगर निगम) | 26971 |

# बढ़ रही मधुशालाएं, शराब के आगोश में बेलगाम वाहन ले रही बेकसूरों की जान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नशा और नशे में वाहन चलाना दोनों ही आम जीवन के लिए हानिकारक है। राज्य में सड़क दुर्घटना के अधिकतर मामलों में चालक नशे में पाए जाते हैं। हाल ही में झारखंड में कई मामले सामने आए हैं जिसमें रांची के हरमू भाजपा कार्यालय के समीप हुए एक दुर्घटना में कार ने 3 लोगों को कुचला। वहीं मौके पर तीनों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक वाहन चालक नशे में था। हालांकि चालक पर कार्रवाई की गई। लेकिन यह सवाल करना गलत नहीं होगा की राजधानी रांची में ट्राफिक पुलिस के द्वारा ब्रेथ एनालाइजर से रोजाना जांच किया जा रहा है। वहीं स्पीड गन की गाड़ियां भी 10 लोकेशन पर दो वाहन एक्टिव रहती है। बावजूद इसके राजधानी की सड़कों पर देर रात नशे में धूत लोगों की कार की रफ्तार पर कोई लगाम नहीं है।




| | | |
|---|---|---|
| 2023 | | |
| 5315 | एक्सिडेंट | |
| 4173 | मौत | |
| 3585 | घायल | |
| 2024 | | जनवरी से नवंबर तक |
| 4664 | एक्सिडेंट | |
| 3659 | मौत | |
| 2932 | घायल | |

## बिना लाइसेंस भी बेची जाती है शराब

राजधानी रांची में लाइसेंसी बार के अलावा भी छोटे मोटे होटल में भी शराब सर्व किया जाता है। पुलिस के द्वारा कई बार ऐसे मामलों का खुलासा भी किया गया है। सिर्फ राजधानी रांची में ही नहीं बल्कि राज्य के कई जिलों में ऐसी स्थिति है। नगरों के अलावा हाइवे पर लाइन होटलों के द्वारा भी बिना लाइसेंस अवैध तरीके से शराब बेचा जाता हैं। उल्लेखनीय है कि देर रात मेन रोड स्थित एक बार में शराब पीकर एक व्यक्ति ने बार कर्मी की ही हत्या कर दी थी और हाल ही में गौशाला चौक हरमू रोड में एक बार में भोजपुरी गाने के लिए एक वीआइपी के बॉडीगार्ड ने गोली चला दी थी।

## तीन महीने में ब्रेथ एनालाइजर से 92,015 लोगों की हुई जांच

रांची ट्रैफिक पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रांची में पिछले तीन महीनों में ब्रेथ एनालाइजर से 92,015 लोगों की जांच हुई है जिसमें लगभग 185 लोग नशे में वाहन चलाते हुए पाए गए। लोगों पर कार्रवाई की गई। वहीं स्पीड वायलेशन के खिलाफ स्पीड गन के द्वारा कार्रवाई की जाती है। राजधानी में स्पीड वायलेशन कंट्रोल के लिए 2 वाहन है जो 10 लोकेशन को कवर करता है। पिछले तीन महीनों में लगभग 5 हजार चालान स्पीड वायलेशन के खिलाफ जेनरेट किया गया। जानकारी के अनुसार नशे में वाहन चलाते हुए पाए जाने पर 10,000 रुपए का जुर्माना है और भी आगे की कार्रवाई है।

## राजधानी में नहीं है बार के खोले जाने पर कोई लगाम

वहीं उत्पाद विभाग के द्वारा मिली जानकारी के मुताबिक राजधानी में साल भर में मधुशाला, बार खोलने की कोई सीमा नहीं है। उत्पाद विभाग के नियमों को पूरा करने पर उत्पाद विभाग लाइसेंस जारी कर देता है। साल 2024 में करीबन 9 से 10 बार लाइसेंस को स्वीकृति मिली। वहीं साल 2025 में अभी तक मात्र एक ही लाइसेंस का आवेदन अप्रूव हुआ। उत्पाद विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उनका कहना है किसी वर्ष कई अनेकों आवेदन आते हैं तो किसी वर्ष कुछ ही।

## सड़क दुर्घटनाओं में अधिकतर नशे में पाए जाते हैं चालक

रोड सेफ्टी डिपार्टमेंट सड़क सुरक्षा से संबंधित जारी आंकड़ों के अनुसार झारखंड में वर्ष 2023 के मुकाबले 2024 में एक्सीडेंट में कमी आई है। वर्ष 2023 में 5315 एक्सिडेंट हुए थे, जिसमें 4173 लोगों की मौत हुई थी, वहीं सड़क दुर्घटनाओं में 3585 लोग घायल हुए थे। वहीं, वर्ष 2024 में जनवरी से नवंबर तक 11 महीनों में 4664 एक्सीडेंट हुए, जिनमें 3659 लोगों ने अपनी जान गंवाई और 2932 लोग घायल हुए।

# डालसा ने गठित की सरकारी व निजी विद्यालयों के निरीक्षण के लिए टीम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची जिले के अंतर्गत संचालित निजी और सरकारी स्कूलों के निरीक्षण के लिए, डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर की देखरेख में एक टीम का गठन किया गया है। इस टीम का गठन झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के मार्गदर्शन में हुआ है। डालसा टीम में डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा, कविता कुमारी खाती, एलएडीसी सहायक, सौरभ पांडे, शिवानी सिंह, स्वीकृति विनाया, विरेंद्र प्रताप, पीएलवी प्रीति पाल, रिशव जायसवाल, नमिता कुमारी, रेनु देवी, अनिता देवी, सूरज वर्मा, लता कुमारी, मुन्नी देवी, रिया कुमारी, प्रदीप नाग, प्रिया कुमारी, स्नेहलता दुबे, पिंकी गुप्ता, मो ईमरान, साहिष्ता प्रवीण, बेबी सिन्हा, संध्या कुमारी, सूरज मुंडा, युधिष्ठिर महतो, नीतू देवी, बरखा तिर्की, संगीता देवी शामिल हैं। डालसा सचिव, रवि कुमार भास्कर ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची द्वारा गठित टीम रांची जिले के निजि व सरकारी स्कूलों में जाकर न्यायालय द्वारा 30 जुलाई 2025 को दिए गए निर्देशों के अनुपालन की पुष्टि करेंगी कि इसमें स्कूलों के सभी बच्चों की सुरक्षा, कल्याण और संस्थागत सुरक्षा उपाय इत्यादि शामिल हैं या नहीं। यह टीम बच्चों, कर्मचारियों और जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बातचीत करेगी। यदि कोई चूक, कमी या उल्लंघन दिखाई देगा, तो उसका दस्तावेजीकरण करना भी सुनिश्चित किया गया है।

### सरला बिरला स्कूल में मानविकी-2025 की धूम

# आर्ट पिच और थ्रेड्स ओडिसी रहा मुख्य आकर्षण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक मानविकी महोत्सव 'मानविकी- 2025' का शुभारंभ किया, जिसने बौद्धिक, रचनात्मक और सांस्कृतिक माहौल तैयार कर सभी को ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण "ड्रेप ऑफ कल्चर - रैम्प वॉक" था, जिसमें सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने भारतीय राज्यों की विविध संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करने वाले पारंपरिक परिधानों में रैंप वॉक किया। प्रत्येक परिधान ने विरासत और पहचान की कहानी को जीवंत किया और इन सजीव प्रस्तुतियों ने भारत की सांस्कृतिक एकता और जीवंतता का उत्सव मनाया। रचनात्मक सजावटों ने न केवल महोत्सव की दृश्य सुंदरता बढ़ाई, बल्कि रचनात्मक अभिव्यक्ति में पर्यावरणीय जिम्मेदारी के महत्व की भी याद दिलाई। उद्घाटन दिवस में दो प्रमुख कार्यक्रम आयोजित हुए - आर्ट पिच और थ्रेड्स ओडिसी, जिन्होंने कल्पनाशक्ति, अभिव्यक्ति और सांस्कृतिक समझ को एक ही मंच पर साकार कर दिया। पहले दिन का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ, जिससे मानविकी-2025 के आगामी आयोजनों के लिए बड़ी उम्मीदें बंधीं, जहाँ बौद्धिकता और कला का संगम होता है।




# श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में धूमधाम से मनाई जाएगी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट से संचालित रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भागीदारी की उम्मीद है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि मंदिर को विशेष रूप से रंग-बिरंगी विद्युत रोशनियों, फूलों और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित किया जा रहा है। जन्माष्टमी की पूर्व संध्या से ही भजन-कीर्तन, संकीर्तन और प्रभु श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का गुणगान आरंभ हो जाएगा, जो रातभर चलेगा। भक्तों द्वारा झूले में विराजमान बाल गोपाल को झुलाया जाएगा, जिसे 'झूलन महोत्सव' के रूप में मनाया जाएगा।

रात्रि 12:00 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की आरती की जाएगी और ठाकुर जी को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसके उपरांत प्रसाद वितरण होगा। ट्रस्ट के भजन गायको एवं महिला समिति द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# सफलता की मिसाल बने अनुराग व मनाली, डीएवी हेहल ने किया सम्मान

- जेपीएससी परीक्षा में प्राप्त की है सफलता

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



डीएवी पब्लिक स्कूल, हेहल में बुधवार को प्रातःकालीन प्रार्थना सभा के दौरान 11वीं जेपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले दो पूर्व छात्रों — अनुराग सिन्हा और मनाली उरांव — का सम्मान किया गया। अनुराग सिन्हा ने 145वीं रैंक के साथ झारखंड वित्त सेवा में तथा मनाली उरांव ने 343वीं रैंक के साथ झारखंड प्रोबेशन सेवा में स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर प्राचार्य बिपिन राय ने उन्हें स्मृति चिह्न एवं उपहार भेंट किए। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य राय ने कहा, हमारे पूर्व छात्र-छात्राएं जब जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करते हैं, तो यह केवल उनका ही नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार का सम्मान होता है। अनुराग और मनाली ने जिस लगन, अनुशासन और संकल्प के साथ यह उपलब्धि हासिल की है, वह वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। सम्मान प्राप्त करते हुए अनुराग सिन्हा ने कहा, मैं आज जो भी हूं, उसमें डीएवी हेहल के संस्कार और शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। मेहनत, धैर्य और समय का सही उपयोग ही सफलता की कुंजी है। आप सभी को चाहिए कि लक्ष्य निर्धारित कर पूरी निष्ठा से प्रयास करें। मनाली उरांव ने कहा, सफलता का रास्ता हमेशा आसान नहीं होता, लेकिन कठिनाइयां हमें मजबूत बनाती हैं। मैं चाहती हूं कि आप सभी चुनौतियों से घबराएं नहीं, बल्कि उनका सामना पूरे आत्मविश्वास के साथ करें।



सफाई व्यवस्था चौपट बरकट्ठा बाजार में पसरा गंदगी का अंबार

# बरसात में बीमारियों का बढ़ रहा है खतरा




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बरकट्ठा बाजार इन दिनों बदहाल सफाई व्यवस्था के कारण गंदगी के अंबार में तब्दील हो गया है। मुख्य सड़क से लेकर गलियों तक जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। नालियां नहीं रहने से गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। गंदा पानी जमा होकर सड़ांध फैला रहा है। इस दुर्गंध से राहगीरों का गुजरना मुश्किल हो गया है। बरकट्ठा बाजार टॉड में सब्जी दुकान लगाने वाले विक्रेताओं का कहना है कि जब बहुत अधिक गंदगी जमा हो जाती है तभी यहां सफाई होती है। हम लोगों का जीना दूभर हो गया है और बाजार समिति के पदाधिकारी इस पर कोई संज्ञान नहीं लेते हैं। बाजार में मांस-मछली की दुकानों के पास फेंके गए कचरे और सड़े-गले अवशेष से मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। वहीं बारिश के कारण गंदगी और अधिक फैल गई है, जिससे डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही सफाई अभियान नहीं चलाया गया, तो यह गंदगी गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है। लोगों ने सामूहिक रूप से प्रशासन से तत्काल सफाई कराने और नियमित कचरा उठाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।

# शिक्षक नियुक्ति काउंसलिंग में आए 80 अभ्यर्थी

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला प्रतिनिधि। जिले के उत्क्रमित मध्य विद्यालयों के लिए शिक्षकों की होने वाली नियुक्ति को लेकर प्रथम काउंसलिंग सोमवार और डायट में हुई। साइंस विषय के लिए 81 चयनित अभ्यर्थियों की सूची जिले को भेजी गई थी।इसमें से 80 अभ्यर्थी काउसलिंग में शामिल हुए। इन अभ्यर्थियों के कागजातों का मिलान किया गया। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों को भेजा था। इन प्रमाण पत्रों का मिलान मूल प्रमाण पत्र से किया गया। बताया जाता है कि कई अभ्यर्थियों का मामला लटक सकता है। जिन अभ्यर्थियों ने विज्ञापन में अंकित शर्तो के अनुरूप कागजात नहीं दिखा सके, उनकी नियुक्ति का मामला कुछ दिनों के लिए टल सकता है। हालांकि काउंसलिंग में आए ऐसे अभ्यर्थी अपनी दलीले रख रहे थे तथा कोर्ट के आदेश को भी दिखा रहे थे। बताया जाता है कि सभी मामले को जिला शिक्षा स्थापना समिति के समक्ष रख कर इसका निपटारा किया जाएगा। विषयवार काउंसलिंग की प्रक्रिया होगी। इसके बाद ही शिक्षकों का पदस्थापन करते हुए नियुक्ति पत्र सौपा जाएगा। उम्मीद जताई जा रही है कि इस माह के बाद उत्क्रमित मध्य विद्यालयों में शिक्षकी की कमी कुछ हद तक दूर हो सकेगी। काउंसलिंग को लेकर डीएसइ आकाश कुमार ने बताया कि नियुक्ति के लिए हुई काउंसलिंग में अभ्यर्थियों को अपनी बात रखने के लिए समय दिया जा रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ चंद्रकांत शुक्ला का डॉ सुनील कुमार ने किया भव्य स्वागत



**रामगढ़।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ चंद्रकांत शुक्ला का बुधवार को डॉ सुनील कुमार कश्यप और उनके परिवार ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। संस्कृत के विद्वान राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ चंद्रकांत शुक्ला अपने शिष्य डॉ सुनील कुमार कश्यप और उनके परिवार को प्रतिमा कश्यप सदन प्राचीन शिव मंदिर कैथा उनके घर जाकर देश-विदेश में हो रहे संस्कृत प्रचार प्रसार की जानकारी दी। कहा कि 14 अगस्त को पूरे देश में संस्कृत सप्ताह समारोह का आयोजन हो रहा है। डॉ चंद्रकांत शुक्ला ने बताया कि इन दिनों पूरे देश में संस्कृत का वातावरण बन रहा है। संस्कृत पढ़ने वालों की संख्या बढ़ने लगी है । बताया कि दक्षिण भारत कोयंबटूर में नवंबर महीने में तीन दिवसीय अखिल भारतीय संस्कृत भारती के तत्वाधान में विश्व संस्कृत सम्मेलन होने जा रही है । इसमें हजारों हजार की संख्या में संस्कृत प्रेमी शामिल होंगे। बताया कि सम्मेलन में विश्व स्तर के संस्कृत के मूर्धन्य विद्वान भाग लेंगे। इसकी तैयारी व्यापक रूप से चल रही है । उसी के बारे में हमारे जैसे विद्वानों को जिम्मेवारी दी गई है झारखंड से भी सैकड़ो की संख्या में संस्कृत के विद्वान भाग लेंगे।

### डालसा ने परियोजना उच्च विद्यालय में चलाया विधिक जागरूकता अभियान




**बरही।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने परियोजना उच्च विद्यालय गौरिया करमा विधिक जागरूकता अभियान चलाया. इस दौरान बच्चों को सड़क दुर्घटना क्लेम, ह्यूमन ट्रैफिकिंग, बाल संरक्षण अधिनियम व साईबर क्राइम की जानकारी देते हुए उसके बचाव की जानकारियां दी गई. बताया गया कि प्रत्येक पंचायत में पारा लीगल वालेंटियर नियुक्त हैं. जो ग्रामीणों की समस्या को सिविल कोर्ट के न्याय सदन स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय के माध्यम से निदान करवाने के कार्य करते हैं. जहां छोटे मोटे मुकदमों को आपसी सलाह के बाद पूर्ण रूपेण निपटारा किया जा सकता है. इसके फैसले को किसी भी अदालत में अपील नहीं किया जा सकता है. इस दौरान गौरिया करमा पंचायत के पीएलवी सुनील कुमार वर्मा और एलएसयूसी राजदेव कुमार यादव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी देते हुए समस्या की जानकारी देने का सुझाव दिया. डिजिटल क्राइम से सतर्क एवं सावधान रहने की सलाह दी. साथ हीं डिजिटल फ्रॉड होने पर 1930 पर डायल कर शिकायत करने की बात कही. इस दौरान विद्यालय की विद्यार्थियों ने जागरूकता अभियान के तहत रैली भी निकाली.

# बरही विधायक पहुंचे नेमरा दिवंगत को दी श्रद्धांजलि



**बरही।** स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव नेमरा पहुंचकर दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र व राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन, विधायक बसंत सोरेन, कल्पना सोरेन सहित अन्य परिजनों से मुलाकात किया. गुरुजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मृतात्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दिया. उन्होंने कहा कि झारखंड निर्माण के मुख्य आंदोलनकारी के रूप में खुद को समर्पित करने वाले दिवंगत गुरु साक्षात त्याग व धैर्य के प्रतिमूर्ति थे. उनकी मृत्यु से राज्यवासी आहत हैं, पूरे राज्य ने अपना अभिभावक खो दिया है. उन्होंने कहा कि गुरुजी द्वारा किए गए कार्य हमेशा झारखंड की जनता को प्रेरित करते रहेंगे. जल, जंगल व जमीन की रक्षा व आदिवासियों के विकास के लिए गुरूजी का समर्पण अतुलनीय है, जिसे आजीवन नहीं भुलाया जा सकता है. झारखंड की जनता उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी. इस दौरान उनके साथ हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, बटेश्वर मेहता आदि भी मौजूद थे.

देशभक्ति से सराबोर हुआ धनवार पंचायत, तिरंगा यात्रा में उमड़ी भीड़

# तिरंगा के महत्व से अवगत कराना ही अभियान का उद्देश्य : मुखिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** आज़ादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित होने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत धनवार पंचायत का हर एक गांव देशभक्ति में सराबोर हो गया. हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति गीत व धुन पर उत्साहित ग्रामीणों के भारत माता की जय, वीर शहीद अमर रहे जैसे गगनभेदी नारों से पूरा पंचायत गुंजायमान हो उठा. अभियान के नायक स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने गांव वालों को 79वीं स्वतंत्रता दिवस के लिए खूब जोश भरा. लोगों को तिरंगा का महत्व बताया और हर घर तिरंगा के तहत अपने घरों पर तिरंगा फहराने की अपील भी किया. इस दौरान मुखिया ने पंचायत के विभिन्न गांव का भ्रमण कर लोगों को उत्साहित भी किया. मुखिया ने कहा कि पंचायत का कोई भी घर तिरंगे से वंचित न रहे, यह उनका संकल्प है. कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व से अवगत कराना व स्वतंत्रता दिवस को गौरवपूर्ण तरीके से मनाना था. कार्यक्रम में प्रकाश साव, किशोर प्रसाद, मनोज कुमार, नागेश्वर कुमार, मंटू प्रसाद, बुधन प्रसाद, विशेश्वर महतो, दिनेश यादव, सोनू कुमार, अनुज कुमार, उमा प्रसाद, अमर कुमार, जयप्रकाश प्रसाद, संतोष कुमार, नंदलाल महतो आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

### भाजपा कैंट मंडल द्वारा देशभक्ति और उत्साह के माहौल में तिरंगा पद यात्रा का आयोजन

**रामगढ़।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मण्डल में केंद्र द्वारा प्रायोजित स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर घर घर तिरंगा यात्रा के तहत नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव के नेतृत्व में तिरंगा पद यात्रा देशभक्ति और उत्साह के माहौल में निकाली गई। तिरंगा पद यात्रा का शुभारंभ होटल ला मेरिटल के निकट रामगढ़ प्रखंड कार्यालय से किया गया। और समापन रामगढ़ की हृदयस्थली सुभाष चौक तक की गई। मौके पर पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि देश के नरेन्द्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति एवं निर्णायक नेतृत्व,सेना के शौर्य एवं पराक्रम तथा ऑपरेशन सिंदूर पूर्णत: सफल रहा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया,समृद्धशाली,शक्तिशाली एवं आत्मनिर्भर भारत है। यह भारत के विजयोत्सव और गौरवगान का सत्र है। पूरे देश भर में हर्षोल्लास के साथ हाथों में तिरंगा लेकर देश भक्ति के जज्बे के साथ घर घर तिरंगा-तिरंगा यात्रा कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रजापति, महामंत्री विजय जायसवाल,कार्यक्रम प्रभारी संजीव बाबला,प्रो संजय प्रसाद सिंह,जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल सिंह,ओबीसी मोर्चा हजारीबाग के प्रभारी दीपक सोनकर,काकू सिंह,अनिता देवी,ईश्वर पासवान,अंशु पांडेय,उपेंद्र नायक आदि शामिल हुए।

### दो दिनों से आईसीआईसीआई बैंक में निकासी फॉर्म नहीं ग्राहक परेशान




**बरही ।** धनबाद रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक में पिछले दो दिनो ने निकासी फॉर्म नहीं है. जिससे ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इस संबध में बैंक मैनेजर ने अनिश्चितताओं भरे शैली में जनाब दिया कि फॉर्म समाप्त हो गए है. ऑर्डर किया गया है. ट्रांसपोर्ट मेवलगा हुआ है. शीघ्र हीं आ जायेगा. जब तक निकासी फॉर्म नही आते हैं बैंक काउंटर से नकदी निकासी बंद रहेंगे. ग्राहक एटीएम या ऐप की मदद से निकासी कर सकते है. शाखा से निकासी फॉर्म आने के बाद ही नकदी निकासी संभव हो पाएगा, तब तक ग्राहकों को इंतजार करना पड़ेगा.उक्त जानकारी कोनरा निवासी होम्यो पैथ चिकित्सक डॉ मुख्तार अली कुरैशी ने दी. उन्होंने बताया कि वह पिछले कई वर्षो से इस बैंक के ग्राहक हैं. उन्हे अपने क्लिनीक के लिए दवा मंगवाना है. परंतु निकासी फॉर्म के अभाव में बैंक पैसे नहीं दे रहा है. उनके पास एटीएम या चेक बुक भी नहीं है. उन्होंने बताया कि बैंक के मैनेजर या कर्मी भी ग्राहकों से सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं. कई ऐसे ग्रामीण महिलाएं या वृद्ध है जिन्हे ऐप या मोबाईल चलाना भी नहीं आता है और न हीं उनके पास एटीएम कार्ड है. ऐसे में लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है.

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे भैया-बहन

# सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा प्रोजेक्ट में हुआ पूर्वाभ्यास



**नवीन मेल संवाददाता**

- **पूर्वाभ्यास के दौरान भैया-बहनों ने देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण,भाषण,योगभ्यास,डंबल ,पिरामिड,चक्र की शानदार प्रस्तुति दी**

**रामगढ़।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर, रजरप्पा प्रोजेक्ट में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले भव्य कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में 13 अगस्त को विद्यालय प्रांगण में छात्रों ने पूरे उत्साह के साथ पूर्वाभ्यास किया। पूर्वाभ्यास के दौरान भैया-बहनों ने देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण,भाषण,योगभ्यास,डंबल,पिरामिड,चक्र की शानदार प्रस्तुति दी।आचार्यों के मार्गदर्शन में बच्चों ने देशभक्ति के रंग में रंगे विविध कार्यक्रमों का अभ्यास किया।विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर ही नहीं, बल्कि यह हमें अपने देश के प्रति कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन और एकता के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने का संदेश दिया। पूर्वाभ्यास के दौरान विद्यालय परिसर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला और तिरंगे के रंग में रंगे बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के दिन ध्वजारोहण सुबह 7:30 बजे विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह परियोजना पदाधिकारी ललन कुमार राय द्वारा किया जाएगा। सभी बच्चे स्वतंत्रता दिवस के दिन अपने अभ्यास को पूरी तरह से प्रदर्शित करेंगे।

### डॉ बीआर अंबेडकर स्कूल में हाथी दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

**रामगढ़।** डॉ भीमराव अंबेडकर उच्च विद्यालय ड्राइवर हट के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय हाथी दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इस विशेष मौके पर प्रधानाचार्य देवनंदन उर्फ रमेश सर ने हाथी के संरक्षण व उनसे बचाव के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। स्कूल प्रबंधन की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। मौके पर बच्चों ने कविता, निबंध, चित्र कहानी के माध्यम से हाथी के संरक्षण को उल्लेखित किया। बच्चों ने नोटिस बोर्ड सजाने में भाग लिया इसमें सारे शिक्षक शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा। मौके पर मुख्य रुप से उपेन कुजूर, रोमा डे, फिरोज आलम, अक्षय कुमार, ममता कुमारी, मिली मिंज, रानी कुमारी, राखी देवी, रीना देवी, रानी कुमारी, खुशबू देवी, मुकेश कुमार, पूजा सिंह, पूनम कुमारी, धीरज गुप्ता, प्रेरणा सिंह, राजू डे का योगदान सराहनीय रहा।

इनरव्हील क्लब में देशभक्ति गीत प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

# प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मन में देशभक्ति की भावना जागृत करना

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब रामगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली अंतर-विद्यालय देशभक्ति गीत प्रतियोगिता इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर क्लब द्वारा रोटरी हॉल में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मन में देशभक्ति की भावना जागृत करना और उनमें देश प्रेम के संस्कार विकसित करना है। क्लब के सदस्यों का मानना है कि इसके साथ छात्रों में गायन और वाद्य यंत्रों को बजाने की कला मे निखार आता है। इस प्रतियोगिता में रामगढ़ के अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप जला कर की गई और मंच का संचालन रंजू अग्रवाल और हरमीत कौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को दो वर्गों जूनियर एवं सीनियर में विभाजित किया गया। प्रतिभागियों ने स्वर और संगीत के माध्यम से देश प्रेम की अनूठी छटा बिखेरी। कार्यक्रम के जज भरत घोष और अभय पाल द्वारा उत्कृष्ट प्रस्तुतियों के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया तथा प्रथम द्वितीय तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार दिए गए। विद्यार्थियों के बीच फूड पैकेट्स बांटे गए.प्रतियोगिता का परिणाम इस तरह से रहा।

**जूनियर ग्रुप में :** प्रथम पुरस्कार_ डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना और श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रहा।

**द्वितीय पुरस्कार :** राधा गोविंद सीनियर सेकेनडरी स्कूल रहा।

तृतीय पुरस्कार : आर्मी स्कूल रहा।

सांत्वना पुरस्कार : श्री कृष्ण विद्या मंदिर और राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु मंदिर रहा।

**सीनियर ग्रुप में :** प्रथम पुरस्कार_ श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल और राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती शिशु मंदिर रहा।

**द्वितीय पुरस्का :** राधा गोविंद सीनियर सेकेनडरी स्कूल रहा।

तृतीय पुरस्का : डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना रहा।

### वीडियो वायरल की धमकी से आहत महिला ने की आत्महत्या

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा रिवर साइड स्थित दुंदुवा मांझी टोला में सोमवार को एक विवाहिता ने आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान 40 वर्षीय सोमरी देवी के रूप में हुई है, जो स्थानीय चंदन मांझी की पत्नी थीं। बताया जा रहा है कि सोमरी देवी का अपने रिश्ते में देवर लगने वाले दीपक सोरेन से अवैध संबंध था, जिसे लेकर दीपक की पत्नी मालती किस्कू और बड़ी बहन अंजलि सोरेन लगातार विरोध करती थीं। घटना के दिन सोमवार को सोमरी देवी बकरी चरा रही थीं, तभी मालती और अंजलि जबरन उन्हें अपने घर ले गईं और मारपीट की। इस दौरान दोनों ने यह धमकी दी कि उनके पास उसके आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें हैं, जिन्हें वे सोशल मीडिया के पर वायरल कर देंगी। यह सुनकर भयभीत और आहत सोमरी देवी ने उनके ही घर के एक कमरे में खुद को बंद कर लिया और फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग बड़ी संख्या में उरीमारी से दुंदुवा पहुंचे और दीपक सोरेन के घर पर हमला बोल दिया। गुस्साए परिजनों ने मालती किस्कू और अंजलि सोरेन की बेरहमी से पिटाई की। दोनों को गंभीर अवस्था में भुरकुंडा अस्पताल और फिर रामगढ़ सदर अस्पताल रेफर किया गया।

**शिक्षा को बढ़ावा** गोल्ड मेडलिस्ट सृष्टि बच्चों को दे रही हैं विज्ञान की जानकारी

# आत्मविश्वास, नियमित प्रयास किसी भी सफलता की मुख्य कुंजी है : सृष्टि

**नवीन मेल संवाददाता**

- **धानाचार्य श्री पांडेय ने बताया कि सृष्टि एक धैर्यवान, प्रतिभावान तथा विश्वासी व विद्यालय के लिए समर्पित आचार्या हैं**




**बरही ।** एक जौहरी ही हीरे की सही पहचान कर सकता है. यह वाक्य भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय के ऊपर सटीक देखने को मिला है. जिन्होंने अपने विद्यालय में सृष्टि एक्का नामक गोल्ड मेडलिस्ट विज्ञान शिक्षिका को पदस्थापन करवाने का काम किया है. रांची की रहने वाली 29 वर्षीया सृष्टि जंतु विज्ञान में एमएससी बीएड हैं. जिन्होंने बीते माह 8 जुलाई को विद्यालय में बतौर जीव विज्ञान आचार्या योगदान दिया है. सौम्य व प्रतिभावान इस आचार्या ने अपनी प्रतिभा के दम पर मात्र एक माह के अंदर ही अपने कार्यो से प्रबंधन का दिल जीत लिया है. कक्षा वाचन या अन्य विषय वस्तु पर किए गए संवाद की मधुर्यता व गुणवता से विद्यालय के भैया-बहनों, वरिष्ठ आचार्य-आचार्या सहित प्रधानाचार्य भी प्रभावित हैं. प्रधानाचार्य श्री पांडेय ने बताया कि सृष्टि एक धैर्यवान, प्रतिभावान तथा विश्वासी व विद्यालय के लिए समर्पित आचार्या हैं. जिन्होंने प्रबंधन द्वारा सौंपे गए अब तक के सभी कार्य को गुणवता के साथ किया है. इन्होंने एंकरिंग हो या पठन पाठन जैसे कार्य, सभी को रुचिकर बनाते हुए पूर्ण समर्पण दिखाया है. जो एक अच्छे आचार्या के गुण है. उन्होंने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है. दो बहनों व एक भाई में बड़ी आचार्या सृष्टि ने बताया कि रेलवे में कार्यरत उनके पिता का 2014 में निधन हो गया. भाई का अनुकंपा के आधार पर नौकरी हुई. मां कुशल गृहिणी हैं. 2018 में संत जेवियर कॉलेज रांची से उन्होंने जंतु विज्ञान में स्नातक किया. रांची यूनिवर्सिटी से पीजी करने के बाद बीएड की भी शिक्षा ग्रहण किया है. इसी क्रम में 2024 विश्वविद्यालय ने उन्हे जंतु विज्ञान में गोल्ड मेडलिस्ट भी घोषित किया. 38वीं चैंपियनशिप में राज्यपाल संतोष गंगवार के हाथों इन्हे सम्मानित भी किया गया है.

# शिक्षा के रास्ते की दूरी घटाएगी साइकिल : सुधीर मंगलेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड मुख्यालय में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 100 छात्र-छात्राओं को साइकिल प्रदान की गई। यह पहल विद्यार्थियों की शिक्षा यात्रा को और अधिक सुगम, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरदराज़ क्षेत्रों के बच्चों को समय पर विद्यालय पहुँचने में सहायता प्रदान करना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना और शिक्षा के प्रति उनकी निरंतरता को बनाए रखना है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता सुधीर मंगलेश, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मिथलेस कुमार एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी जॉर्ज टुडू व कई शिक्षकगण मौजूद थे। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड सरकार की यह योजना केवल एक साधन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने, उनके भीतर आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में शिक्षा ही वह आधार है, जो आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित और उज्ज्वल बना सकती है और साइकिल जैसे साधन इस दिशा में एक बड़ी भूमिका निभाते हैं।

### विश्व ब्राह्मण संघ ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

**रामगढ़।** विश्व ब्राह्मण संघ का एक प्रतिनिधिमंडल नेमरा पहुंचा। इस दौरान झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरू शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसका नेतृत्व विश्व ब्राह्मण संघ झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह विप्र फाउंडेशन के प्रदेश महामंत्री प्रदीप कुमार शर्मा ने किया। मौके पर झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले व गहरा दुःख व्यक्त करते हुए सांत्वना दी। कहा कि हमसभी गुरुजी के झारखंड आन्दोलन में प्रमुख योगदान के लिए कभी भी नहीं भूलेंगे। गुरुजी के कारण ही हमें झारखंड अलग राज्य मिला है। मौके पर जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पांडेय, महासचिव अरुण बनर्जी, कोषाध्यक्ष गोकुल शर्मा, जिला संगठन मंत्री भूपेश मनी तिवारी, शम्भु झा, प्रमोद तिवारी, मुना मिश्रा आदि मौजूद थे।

# अंबेडकर पार्क पीटीपीएस पतरातू में खतियान अधिकार सभा सह मिलन समारोह आयोजित

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के पतरातु प्रखंड अंतर्गत तेलियातु मोड स्थित जेएलकेएम ऑफिस में आगामी 24 अगस्त 2025 के खतियान अधिकार सभा सह मिलन समारोह कार्यक्रम को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत पदाधिकारी, सक्रिय सदस्य व ग्रामीण जनता उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डुमरी के विधायक, जेएलकेएम पार्टी के सुप्रीमो सह बीकेएमएस के महामंत्री जयराम महतो होंगे। यह कार्यक्रम भव्य एवं ऐतिहासिक होगी। इस पार्टी में सभी समुदाय के लोग जुड़े रहे हैं । क्योंकि सभी लोगों की एक उम्मीद जाग चुकी है। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा पार्टी में गरीब ,शोषित, पीड़ित, वंचित, दबे, कुचले लोगों की एक उम्मीद एवं आशा भरी निगाह से देखते हैं। क्योंकि झारखंड का विकास जयराम महतो के हाथों ही संभव है यहां की खनिज संपदा पर बाहरी लोगों का नजर रहता है। स्थानीय नीति, नियोजन नीति एवं विस्थापन नीति बनने पर ही झारखंडवासियों का भला होगा। यह पार्टी यहां की मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए भारतीय क्रांतिकारी मजदूर संघ का गठन भी किया गया है। जिस कंपनी में, फैक्ट्री के संस्थान में मजदूरों के साथ अन्याय, शोषण तथा परेशान किया जाएगा तो बिकेएमएस के माध्यम से लोगो की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा ।

## स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गर्व और प्रतिबद्धता का पर्व : संजय सर्राफ



रांची। अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य भारती रांची के उपाध्यक्ष सह झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ ने कहा कि हर वर्ष 15 अगस्त को हम भारतवासी स्वतंत्रता दिवस को गर्व, उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाते हैं। यह दिन केवल ब्रिटिश शासन से मुक्ति का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह भारत के स्वतंत्र अस्तित्व, आत्मनिर्भरता और लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना का उत्सव भी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष हम 79वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं, जो हमें हमारे गौरवशाली अतीत की याद दिलाने के साथ-साथ भविष्य के लिए नई दिशा में प्रेरित करता है। 15 अगस्त 1947 को भारत ने लगभग दो शताब्दियों की गुलामी से मुक्ति प्राप्त की थी। यह स्वतंत्रता असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और अथक संघर्ष का परिणाम थी।

## न्यूज बॉक्स

### बरकट्ठा पुलिस ने अवैध गिट्टी लदे हाईवा को पकड़ा, चालक को भेजा जेल



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा पुलिस ने अवैध गिट्टी छर्री लदा हाइवा गाड़ी मंगलवार की रात को ग्राम कोषमा महावर मोड़ के समीप से पकड़ा है. हाइवा गाड़ी नंबर बीआर 27 जीए 0037 में एक हजार सीएफटी गिट्टी छर्री को लादकर कर नवादा ले जाया जा रहा था. जांच में बिना चालान का गिट्टी छर्री लदा था. पुलिस ने गाड़ी के चालक ग्राम अकबर डीह नवादा बिहार निवासी शंकर कुमार यादव पिता राजेंद्र यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. बरकट्ठा थाना में कांड संख्या 87/25 के तहत मामला दर्ज किया गया है.

### वोट चोरी' के खिलाफ अभियान चलाएगी कांग्रेस पार्टी : के राजू

**रांची।** राज्य के प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने बुधवार को रांची में कहा कि कांग्रेस और 'आईएनडीआईए' की पार्टियां देशभर में वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों और 'वोट चोरी' के खिलाफ व्यापक अभियान चलाएंगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा को चुनाव आयोग का पूरा समर्थन मिल रहा है और चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता खत्म की जा रही है। राजू ने बुधवार को रांची पहुंचने के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा, राहुल गांधी ने देश के सामने सबूत रखे हैं कि कैसे एक विधानसभा क्षेत्र में एक लाख वोट चोरी किए गए। उनके प्रेजेंटेशन में कई जगह डुप्लीकेट और फर्जी वोट मिले हैं, यहां तक कि एक घर में 100 से ज्यादा वोट दर्ज हैं। अब देश भर में प्रदेश कांग्रेस कमेटियां जागरूकता बढ़ाने और भविष्य में ऐसी गड़बड़ियां रोकने के लिए अभियान चलाएंगी। उन्होंने कहा कि पहले चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश को मिलाकर गठित समिति करती थी, लेकिन अब मुख्य न्यायाधीश को इस समिति से बाहर कर दिया गया है। साथ ही, पहले इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में वोटर लिस्ट दी जाती थी, जो अब उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। पोलिंग बूथों की सीसीटीवी फुटेज देने के नियम भी बदले गए हैं।

### जेएसएससी से अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसलिंग की तिथि घोषित

**रांची।** सहायक आचार्य संवर्ग के अंतर्गत इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा-1 से 5) तथा स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8) के पद पर नियुक्ति के लिए झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा भाषा विषय के सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों की जिला स्तरीय काउंसिलिंग 19 अगस्त 2025 को होगी। यह काउंसिलिंग रांची समाहरणालय भवन के 'ए' ब्लॉक के रूम नंबर जी-14 एवं जी-15 में होगी। ये अभ्यर्थी आयोग के विज्ञापन सं. 13/2023 के आलोक में झारखंड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर अनुशंसित किए गए हैं। रांची के जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर झारखंड कर्मचारी चयन अयोग के विज्ञान सं. 13/2023 के आलोक में विभाग द्वारा प्राप्त सफल घोषित एवं अनुशंसित कुल 111 अभ्यर्थियों की सूची एवं जांच-पत्रक, दिशा-निर्देश एवं शेड्यूल जिले के अधिकारिक बेबसाइट पर उपलब्ध हैं। जिला प्रशासन ने सभी सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों से कहा है कि संलग्न जांच-पत्रक को सही-सही भरकर काउंसिलिंग की तिथि एवं निर्धारित समय पर अपने सभी शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक मूल प्रमाण-पत्र सहित (02 प्रति में) स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अभ्यर्थी मूल शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं स्व अभिप्रमाणित छायाप्रति जांच पत्रक के क्रमविन्यास के अनुसार दो फोल्डर में संधारित करते हुए काउसिलिग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। फोल्डर के ऊपरी भाग में साफ-साफ बड़े अक्षरों में सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों का नाम, पिता का नाम, क्रमांक, कोटि एवं विषय आवश्यक रूप से अंकित किया जाए। इस संबंध में सफल घोषित एवं अनुशंसित अभ्यर्थियों को उनके वाट्सएप/एसएमएस एवं ई-मेल के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से भी सूचित किया गया है।

### राष्ट्रभक्ति दिखावे से नहीं, सिद्धांतों से साबित होती है : फुरकान अंसारी



**रांची।** पूर्व सांसद फुरकान अंसारी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रवाद केवल शब्द नहीं, बल्कि एक गहरी भावना और जीवन जीने का तरीका है। इसकी असली परिभाषा भारतवर्ष के अस्तित्व, उसके संघर्ष और बलिदान में छिपी है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाने से कोई राष्ट्रभक्त नहीं बन जाता और न ही केवल "जन गण मन" गा लेने या माथे पर तिलक लगाने से देशभक्ति साबित होती है। अंसारी ने स्पष्ट कहा कि अगर राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रवाद को सच में समझना है, तो महात्मा गांधी की नीतियों को पढ़ना, समझना और आत्मसात करना होगा — क्योंकि इन्हीं सिद्धांतों ने भारत को आज़ादी दिलाई। इन्हीं नीतियों के लिए हज़ारों कांग्रेसी जेल गए। पंडित जवाहरलाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महान नेता वर्षों तक जेल में रहे। यह सच्ची देशभक्ति थी, जो गांधीजी के सिद्धांतों को अपनाने से संभव हुई। उन्होंने कहा, "देशभक्ति का मतलब सिर्फ झंडा लगाना नहीं बल्कि संविधान का सम्मान और रक्षा करना है।"भाजपा के "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल वोट बैंक की राजनीति है, जो आरएसएस और गोडसे की सोच पर आधारित एक दिखावा है।गुजरात से हज़ारों झंडे मंगवाने का मकसद देशभक्ति नहीं, बल्कि व्यापार और वोट बटोरना है। उन्होंने कहा, "सच्चा हिंदुस्तानी हमेशा से तिरंगे को सम्मान और गर्व के साथ फहराता आया है, उसे किसी प्रचार की ज़रूरत नहीं होती।" भाजपा पर लोकतंत्र और संविधान से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए अंसारी ने कहा, "वोट चोरवा राष्ट्रभक्त नहीं हो सकता।

## कुरडेग प्रखंड में पंचायत उन्नति सूचकांक पर कार्यशाला का हुआ समापन



**कुरडेग।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को पंचायती राज विभाग के तहत पंचायत उन्नति सूचकांक विषय पर प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नैमन कुजूर ने की।कार्यशाला का शुभारंभ प्रमुख सरस्वती देवी, उपप्रमुख अजय जायसवाल, बीडीओ नैमन कुजूर एवं सीओ किरण डांग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।पंचायती राज के प्रखंड समन्वयक गौरव कुमार और बीपीएम जितेंद्र साहू ने पंचायत उन्नति सूचकांक (1.0) के उद्देश्यों, मापदंडों और कार्यान्वयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह सूचकांक पंचायतों के समग्र विकास का आकलन करने का एक महत्वपूर्ण उपकरण है।बीडीओ नैमन कुजूर ने आगामी सूचकांक में बेहतर परिणाम लाने के लिए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व पर विशेष जोर देने की बात कही। साथ ही उन्होंने सभी कर्मियों, पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आह्वान किया।कार्यशाला में जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव, वीएलई, रोजगार सेवक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीयूजे में एनएसएस ने किया रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

# झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय का परिसर रंगों और उत्सव की भावना से भर उठा

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** स्वतंत्रता दिवस समारोह सप्ताह के अंतर्गत एनएसएस, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) ने बुधवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। इससे पूरा परिसर रंगों और उत्सव की भावना से भर उठा। यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के पुस्तकालय परिसर में आयोजित हुई। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों का प्रतिनिधित्व करते हुए 12 समूहों ने भाग लिया। प्रत्येक समूह में पांच सदस्य थे। एनएसएस संयोजक डॉ हृषिकेश महतो ने बताया कि प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता और टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। यह एक मनोरंजक आयोजन रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने मिलकर अपनी कल्पनाओं को फर्श पर उतारा और पुस्तकालय के प्रवेश द्वार को देशभक्ति के रंगों और डिजाइनों के जीवंत कैनवास में बदल दिया। एनएसएस की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ प्रज्ञा शुक्ला ने बताया कि सभी प्रतिभागियों की रचना को सभी ने काफी सराहा और जजों ने कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार पुरस्कारों के लिए चयनित किया। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा और पुरस्कृत 15 अगस्त 2025 को विश्वविद्यालय के स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान कुलपति महोदय के मौजूदगी में किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ अर्पणा राज, डॉ भगवती देवी और डॉ कैलसंग वांग्मू ने जज की भूमिका निभाई।

## पिथरा गांव मामले पर पूर्व मंत्री का संज्ञान, प्रशासनिक हस्तक्षेप से हुआ शव का दाह संस्कार

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड अंतर्गत पिथरा भंडार टोली में बुधवार को उस समय तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जब ग्रामीणों ने मृतक छकन साव के शव को नदी में दाह संस्कार करने से रोक दिया और सड़क जाम कर दिया।मामले की जानकारी मिलते ही पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने पुलिस अधीक्षक एम अर्शी और एसडीओ सिमडेगा से संपर्क कर स्थिति की जानकारी ली और समस्या के समाधान की पहल की। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद विवाद सुलझाया गया और शव का दाह संस्कार संपन्न हुआ।पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि इस तरह की घटनाएं बार-बार होना सामाजिक सौहार्द के लिए उचित नहीं है। प्रशासन को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर स्थायी समाधान निकालना चाहिए। इस पर प्रशासन की ओर से आश्वासन दिया गया कि जल्द ही जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में दोनों पक्षों की बैठक कर स्थायी समाधान निकाला जाएगा।

### महेश्वरी समाज की महिलाओं ने की नीमड़ी माता की पूजा, मांगा आशीष

**जमशेदपुर।** मंगलवार को कजरी तीज का पर्व माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने श्रद्धा के साथ मनाया। सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य की और कुंवारी कन्याओं ने योग्य वर की प्राप्ति की कामना करते हुए कजरी (सातूड़ी) तीज का व्रत रखा। व्रतियों ने दिनभर निराहार रहकर रात्रि में चंद्रोदय के दर्शन के बाद नीमड़ी माता की पूजा और तीज माता की कथा का श्रवण किया। शाम को महिलाओं ने घरों के बाहर चबूतरे पर तलाई बनाकर दूध मिश्रित जल में फल-सब्जियों, आभूषणों की प्रतिकृति सजाई और मौसमी फल, मोली, ककड़ी, आक पत्ता, सत्तू, चावल, रोरी, नींबू, मेहंदी आदि से पूजन की परंपरा निभाई। रात में चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर पति व पुत्र की दीर्घायु की प्रार्थना की।

## आजसू पार्टी की बड़कागांव विधानसभा समीक्षा बैठक

# जनमुद्दों पर अपना संघर्ष तेज करेगी आजसू : सुदेश महतो

नवीन मेल संवाददाता



रांची। आजसू पार्टी के बड़कागांव विधानसभा की समीक्षा बैठक बुधवार को केंद्रीय कार्यालय में हुई। बैठक में तय हुआ कि 24 अगस्त 2025 को उरीमारी, शनिचरा बाज़ार में बड़कागांव विधान सभा स्तरीय सम्मेलन सह मिलन समारोह होगा। आजसू पार्टी प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड को बदलने के लिए नौजवानों और छात्रों को नए संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। श्री महतो ने कहा कि आजसू ने जिन सपनों और आकांक्षाओं के लिए संघर्ष किया, आज उन्हीं सपनों को आगे बढ़ाने का दायित्व नई पीढ़ी के कंधों पर है। कार्यकर्ता जनता के विश्वास को बनाए रखें। जनमुद्दों पर संघर्ष को तेज करने के लिए आजसू पार्टी कमर कस चुकी है। मांडू विधायक निर्मल महतो ने कहा कि संगठन को गांव गांव तक ले जाने के लिए कार्यकर्ताओं को अपनी भूमिका तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि वह स्वयं को विधायक नहीं, बल्कि एक कार्यकर्ता के रूप में ही जनता के बीच प्रस्तुत करते हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।बैठक में केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता संजय मेहता, रामगढ़ जिला अध्यक्ष श्री दिलीप दांगी, हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष श्री परमेश्वर महतो समेत अन्य प्रमुख उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जयधर डैम में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव



**बानो।** थाना क्षेत्र के जयधर डैम से पुलिस ने बुधवार को अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। मिली जानकारी के अनुसार शव लगभग 4-5 दिन पुराना बताया जा रहा है।पुलिस निरीक्षक रामानुज कुमार वर्मा और बानो थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों ने डैम में लाश देख पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर वर्मा और थाना प्रभारी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को बाहर निकाला।पुलिस अज्ञात मृतक की पहचान के प्रयास में जुटी है तथा आसपास के लोगों से भी पहचान कराने की अपील की गई है। वहीं, बानो पुलिस घटना की परिस्थितियों और कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है।

## बीएयू में मनाया जा रहा है एंटी रैगिंग सप्ताह



रांची। यूजीसी के निर्देश पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) में एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया जा रहा है। इसकी शुरुआत मंगलवार को रांची कृषि महाविद्यालय प्रेक्षागृह में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम से हुई। कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ डीके शाही, निदेशक छात्र कल्याण डॉ बीके अग्रवाल तथा निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ रेखा सिन्हा ने रैगिंग के मनोवैज्ञानिक एवं भावनात्मक दुष्प्रभावों की चर्चा करते हुए ऐसे कृत्य में किसी भी प्रकार की सलंग्नता से बचने का परामर्श विद्यार्थियों को दिया। रैगिंग करने वालों के खिलाफ होने वाली अनुशासनिक कार्रवाई के प्रावधानों से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। डॉ अंकिता ने रैगिंग विरोधी कानूनों के प्रति विद्यार्थियों को सेंसिटाइज किया।स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक एवं वार्डन डॉ नीरज कुमार ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर शशि किरण तिर्की ने किया।

### दो दिवसीय जनजातीय महोत्सव का हुआ समापन

रांची। सांस्कृतिक कार्य निदेशालय पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा आयोजित दो दिवसीय जनजातीय महोत्सव का समापन हो गया। मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने अपने झारखंड के मनमोहक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया।जनजातीय महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम झारखंड सरकार द्वारा वित्तीय सहायता अनुदान के अंतर्गत आयोजित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र कुमार व पद्मश्री महावीर नायक जी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## विश्वविद्यालय में एंटी-रैगिंग सप्ताह का किया गया शुभारंभ

# रैगिंग जैसी कुप्रथा शिक्षा के पवित्र वातावरण को आहत करती है : कुलाधिपति

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय में एंटी-रैगिंग सप्ताह का शुभारंभ गरिमामय माहौल में किया गया।कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रेम प्रकाश ने एंटी-रैगिंग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि रैगिंग न केवल एक दंडनीय अपराध है, बल्कि यह मानवता और आपसी सम्मान के मूल्यों के विरुद्ध है। विश्वविद्यालय में हम सभी छात्रों के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और मित्रवत वातावरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन. साह ने अपने संबोधन में कहा—रैगिंग जैसी कुप्रथा शिक्षा के पवित्र वातावरण को आहत करती है। हमारा लक्ष्य है कि राधा गोविंद विश्वविद्यालय देश में रैगिंग-मुक्त परिसर का उदाहरण बने। सचिव प्रियंका कुमारी ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी छात्र-छात्राओं को आपसी भाईचारा, सहयोग और सम्मान की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो डॉ रश्मि ने अपने वक्तव्य में कहा—शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी केवल शिक्षा प्रदान करना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण देना भी है। रैगिंग पर रोक केवल नियमों से नहीं, बल्कि जागरूकता और संवेदनशीलता से संभव है। कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि रैगिंग से छात्रों में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कार्यक्रम के पहले दिन वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं का विषय "रैगिंग मुक्त परिसर – हमारी जिम्मेदारी" रखा गया था। मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार , प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, एंटी- रैगिंग सदस्य डॉ. ममता, डॉ. पूनम, डॉ. रंजना पांडे, डॉ. अरविंद, डॉ. राकेश , और अनूप कुमार सहित विश्वविद्यालय के सभी संकाय सदस्य और छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। और प्रतिभागियों ने रचनात्मकता व जागरूकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### राजधानी के प्रतिष्ठित होटल में चल रहा था जुआ, 10 गिरफ्तार

रांची। राजधानी रांची के जाने माने रेडिसन ब्लू होटल में चल रहे जुए के बड़े रैकेट का पुलिस के द्वारा पर्दाफाश किया गया। मंगलवार की देर रात पुलिस ने गुप्त सुचना के आधार पर कार्रवाई कर 10 लोगों को गिरफतार किया गया। गिरफतार लोग होटल के कमरे में जुआ खेलते पकड़े गए। वहीं, आरोपियों से नकद, ताश की गड्डियां और अन्य सामान बरामद हुआ। पांच सितारा होटल में इस तरह का रैकेट सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।


कार्यालयय रँची नगर निगम, (सामान्य शाखा)
कचहरी रोड, रांची, पिन – 834001
e-mail :- support@ranchimunicipal.com

पत्रांक :– 744 | आवश्यक सूचना | दिनांक :– 12.08.2025

दिनांक 15.08.2025 को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर रांची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले सभी बधशाला एवं मांस, मछली, मुर्गा की दुकानें पूर्णतः बन्द रहेगी एवं क्रय–विक्रय बन्द रहेगा।

दिनांक 15.08.2025 को जो भी मांस, मछली, मुर्गा बिक्री करते हुये पाये जायेंगे, उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
उप प्रशासक,
रांची नगर निगम, रांची

PR 359443 Ranchi Municipal Corporation(25-26)#D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"धर्म और अधर्म, सेवा और परमार्थ के झमेलों में पड़कर मैंने बहुत ठोकरें खाईं। मैंने देख लिया कि दुनिया दुनियादारों के लिए है, जो अवसर और काल देखकर काम करते हैं। सिद्धांतवादियों के लिए यह अनुकूल स्थान नहीं है।" - प्रेमचंद

## संपादकीय

# टैरिफ का जवाब निर्यात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। गौरतलब है कि अमेरिकी डेयरी उत्पादों और आनुवांशिक रूप से संवर्धित (जीएम) फसलों के लिए बाजार पहुंच पर मतभेद के चलते भारत और अमेरिका के बीच एक अगस्त की निर्धारित समय-सीमा में अंतरिम व्यापार समझौता नहीं हो पाया। नतीजतन डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय निर्यात पर 25 फीसदी शुल्क (टैरिफ) लागू कर दिया और रूस से तेल खरीदने के कारण भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाने का आदेश जारी कर दिया। भारत अब ब्राजील के साथ सर्वाधिक 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ वाला देश बन गया है, जबकि भारत के निर्यात प्रतिस्पर्धी एशियाई देशों पर भी कम टैरिफ लगा है। ऐसे में जहां चालू वित्त वर्ष में भारत के लिए 900 अरब डॉलर के रिकॉर्ड निर्यात के लक्ष्य को पाना मुश्किल है, वहीं देश की अनुमानित विकास दर के घटकर छह फीसदी पर पहुंचने की चुनौती भी बढ़ गई है। इसलिए टैरिफ चुनौती का मुकाबला करने के लिए नई रणनीति के तहत किसानों और निर्यातकों को सब्सिडी देने, घरेलू खपत को बढ़ाने, एमएसएमई की मजबूती, स्वदेशी व आत्मनिर्भर भारत अभियान एवं मुक्त व्यापार समझौतों की ओर तेजी से बढ़ना होगा। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दोनों देशों के बीच कारोबार में तेजी आने की संभावनाएं दिखाई दे रही थीं, जो अब धूमिल हो गई हैं। भारत ने कृषि और डेयरी क्षेत्र में रियायत नहीं देने की दृढ़ता दिखाई है, जिसके कारण दबाव बढ़ाने के लिए अमेरिका ने उच्च टैरिफ का एलान किया है। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात प्रधान नहीं है, फिर भी अब उसे वैश्विक व्यापार में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार और निर्यात गंतव्य है। वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को 86.5 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया, जिसमें भारत का व्यापार अधिशेष 40.8 अरब डॉलर रहा। उच्च टैरिफ से भारत के कई उद्योग-कारोबार प्रभावित होंगे। मसलन, ऑटो कंपोनेंट बनाने वाली कंपनियां, टेक्सटाइल्स, धातु और फार्मा कंपनियों पर टैरिफ का असर देखने को मिल सकता है। उच्च टैरिफ से विकास दर और निर्यात घटने की चुनौतियों का सामना करने के लिए सरकार ने रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ना शुरू किया है। नई रणनीति के तहत वाणिज्य मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों के निर्यातकों के साथ बैठकें की हैं, ताकि उच्च शुल्क के कारण होने वाली समस्याओं को समझकर उन्हें राहत दी जा सके। निर्यातक सरकार से वित्तीय सहायता, किफायती ऋण, ब्याज सब्सिडी चाहते हैं। वे बकाया राशि का समय पर भुगतान और राजकोषीय प्रोत्साहनों के विस्तार की जरूरत महसूस कर रहे हैं। अब भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को और बहिर्मुखी बनाना होगा। भारत द्वारा ईएफटीए, यूएई, ऑस्ट्रेलिया और यूके के साथ किए गए एफटीए अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। भारत को यूएई और ऑस्ट्रेलिया के साथ एफटीए से मजबूत लाभ हुआ है। यूएई के साथ सेवाओं का निर्यात लगभग दोगुना हो गया है। भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए पर हस्ताक्षर हो गए हैं। भारत में स्विट्जरलैंड की राजदूत माया तिस्साफी ने कहा कि भारत और यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के बीच व्यापार समझौता अक्तूबर से लागू हो जाएगा।

*ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में दोनों देशों के बीच कारोबार में तेजी आने की संभावनाएं दिखाई दे रही थीं, जो अब धूमिल हो गई हैं।*

# मुनीर की परमाणु धमकी में छुपा हुआ है ट्रंप के टोटके का राज



अमेरिकी दौरे पर गए पाकिस्तानी जनरल असीम मुनीर ने फिर से परमाणु हमले की धमकी दी है। अमेरिका की धरती से मुनीर की यह धमकी तब सामने आई है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के द्वारा अपने ही देश के इलेक्ट्रोल सिस्टम को लेकर सवाल उठाया जा रहा है। यह सबकुछ कोई संयोग भर नहीं है क्योंकि मुनीर की यह धमकी और ट्रम्प का ट्वीट तब सामने आया है जब भारत का विपक्ष व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भारत के चुनाव आयोग को कटघरे में खड़ा किए जा रहे हैं। टाईमिंग देखिए कि अमेरिका की धरती से एक पाकिस्तानी जेनरल एटम बम की धमकी दे रहा है, अमेरिकी राष्ट्रपति "ड्रग कार्टेल" पर चुनावी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए ट्वीट कर रहा है और प्रतिपक्ष वोटर लिस्ट, वोटिंग मशीन व वोट चोरी को लेकर सवाल खड़े किए जा रहा है। संदेश साफ है कि जब अमेरिका में उच्चतम स्तर पर चुनावी गड़बड़ी संभव है तो भारत में ऐसा क्यों नहीं हो सकता? अमेरिकी फितरत यह कि अब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का दावा करने वाले भारत की बारी है! याद कीजिए जब इसी अमेरिका ने कभी परमाणु बम व रासायनिक हथियारों का प्रोपेगंडा खड़ा करते हुए सद्दाम हुसैन को बेवजह बलि का बकरा बना दिया तो इलेक्ट्रोरल प्रोपेगंडा के बहाने बांग्लादेश की शेख हसीना को तख्तापलट का शिकार बना दिया गया। गनीमत मानिए कि भारत को अमेरिका के इन हरकतों का पूरा पूरा अहसास है तभी तो भारत के प्रधानमंत्री श्री मोदी के वक्तव्य "मुझे इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी" को कोरा गप्प न मानकर आने वाले खतरे से सावधान रहने का संकेत माना जा रहा है। भारत को यह भी बखूबी पता है कि यह वही अमेरिका है जिसे न भारत से बीस लाख करोड़ रुपए कर्ज लेते वक्त कोई परेशानी हुई, न विगत ग्यारह वर्षों से अमेरिका से वसूले जा रहे भारतीय शुल्क से कोई परेशानी थी, न भारत को डेड इकोनॉमी कहने में कोई शर्म आई और न विगत दो वर्षों तक रूसी तेल के आयात पर कोई आपत्ति थी। अब जबकि "हाउडी मोदी" का राग अलापने वाले ट्रम्प को रूसी तेल के कारोबार में "ब्लड मनी" नजर आ रहा है तो सवाल यह उठ रहे हैं कि यह सबकुछ कहीं "ऑपरेशन सिंदूर" से पैदा हुए भय का परिणाम तो नहीं है? यह बात सही भी है क्योंकि वन चाईल्ड की नीति के कारण चीन की आबादी बिगड़ चुकी है, उसके भविष्य पर बुढ़ापे का खतरा मंडरा रहा है, इकॉनोमी स्थिर हो चुकी है और अमेरिकी थिंक टैंक इस तरफ से निश्चिंत हैं।



आज की बात



केदारनाथ दास

दूसरी ओर ऑपरेशन सिंदूर है जिसने न केवल पाकिस्तान के कई एयर बेस को तबाह कर दिया बल्कि भारत के वर्ल्ड क्लास मिलिटरी क्षमता को विश्व पटल पर स्थापित करने का कारनामा भी कर दिखाया। सैन्य ताकत, रणनीतिक तैयारियों और आत्मनिर्भर रक्षा तकनीक के कारण अब भारत को नये सुपर पावर के तौर पर देखा जा रहा है और अमेरिका के डीप स्टेट को भी यह चिंता सता रही है कि आने वाले समय में उसके वर्चस्व को यदि कोई चुनौती दे सकता है तो वह भारत ही होगा।

भारतीय वायुसेना और नौसेना के हाइटेक एयर डिफेंस, आत्मनिर्भर मिसाइलों, सटीक सैटेलाइट निगरानी और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर की अविश्वसनीय क्षमता से अमेरिका सहित पूरा विश्व हैरान है तो चुनौति की इस कुंठा से वॉशिंगटन हताश व निराश है। इस कुंठा परिणाम सामने है जब वह पाकिस्तान को भड़काने, भारत के भीतर अव्यवस्था फैलाने और नेतृत्व परिवर्तन की साजिश जैसी ओछी हरकतों पर उतर आया है। बहरहाल इन हरकतों से भारत बेखबर नहीं है। उसे यह बखूबी पता है कि वह विश्व का सबसे बड़ा बाजार है और कृषि सहित कुछ अन्य क्षेत्रों के लिए दरवाजा खोलते ही अमेरिका से पुनः 'हाउडी मोदी' की आवाज भी आने लगेगी। इसी तरह भारत यह भी जानता है कि आज का भारत खुद में एक सुपर पावर है, ट्रम्प के तमाम टोटकों के बावजूद भारत का बजरंगी अपना रंग दिखाने में पूरी तरह सक्षम भी है और देश एक भरोसेमंद नेतृत्व के पास महफूज है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## इग्नू में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा में डिप्लोमा

आज के वैश्विक परिदृश्य में शिक्षकों के पेशेवर विकास, बेहतर कक्षा प्रबंधन तथा नवीनतम शिक्षण विधियों और तकनीकों की जानकारी के लिए प्रशिक्षण अत्यंत जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से इग्नू कई कार्यक्रम चला रही जिनको पूरा कर अध्यापन कौशल को विकसित कर शिक्षण के क्षेत्र में कैरियर का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। स्थापना के समय से ही इग्नू शिक्षण प्रशिक्षण प्रदान करता रहा है। 1987 में इग्नू की शुरूआत मैनेजमेंट तथा बी.एड. कार्यक्रम से हुई थी जिसका कारण शिक्षण क्षेत्र में बदलते जरूरतों के अनुसार कौशल की जरूरत रहीं। इग्नू के शिक्षण संबंधी कार्यक्रमों में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा में डिप्लोमा (डीईसीई), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन हायर एडुकेशन (पीजीडीएचई), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एडुकेशन टेक्नोलॉजी (पीजीडीईटी), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन स्कूल लीडरशिप मैनेजमेंट (पीजीडीएसएलएम), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन एडुकेशनल मैनेजमेंट व एडमिनिट्रेशन (पीजीडीईएमए). डिप्लोमा इन वैल्यू एडुकेशन (डीवीई), सर्टिफिकेट इन काउंसेलिंग (सीआईजी), सर्टिफिकेट इन टीचिंग इन इंगलिश (सीटीई) व सर्टिफिकेट इन टीचिंग प्राइमरी मैथेमैटिक्स, स्नातकोत्त कार्यक्रमों में एम. ए. एडुकेशन (एमएईडीयू), एम.ए. इन एडल्ट एडुकेशन (एमएएई), कार्यक्रम उपलब्ध किए जा रहे हैं। बीएड के साथ एमए इन एडुकेशन का अभ्यर्थी शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र में व्याख्याता पद के लिए अर्हता प्राप्त कर दूरस्थ शिक्षण संस्था में एमएडीई कैरियर का विकल्प प्रदान करता है। एमएएई द्वारा प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान तथा शिक्षण के विकल्प प्राप्त होते हैं। पीजीडीएचई कार्यक्रम 2 उन्मुखीकरण कोर्स के बराबर मान्य है और उच्च शिक्षा के विभिन्न आयामों से अवगत कराने के साथ प्रैक्टिक्ल कुशलता प्रदान करता है। विद्यालय में बेहतर प्रबंधक तथा कुशल प्रशासक बनने की दिशा में पी.जी. डिप्लोमा (पीजीडीईएमए) तथा (पीजीडीएसएलएम) बेहतर नेतृत्व का प्रशिक्षण प्रदान करता है। पीजीडीईटी शिक्षण प्रशिक्षण में मीडिया टेक्नोलॉजी के बेहतर प्रयोग तथा नई तकनीकी के बारे में जानकारी प्रदान करता है। वहीं मूल्य आधारित शिक्षण में डिप्लोमा शिक्षा द्वारा मानवोचित सांस्कृतिक, प्रजातांत्रिक मूल्यों की सीख प्रदान करके संवेदनशील बनने की प्रेरणा प्रदान करता है। सीआईजी एक बेहतर परामर्शदाता बनने, सीटीपीएम गणित बेहतर ढंग से पढ़ाने तथा सीटीई अंग्रेजी पढ़ाने के लिए व कौशल प्रदान करते हैं। ये सर्टिफिकेट कार्यक्रम छह महीने के कार्यक्रम हैं। यूजीसी के 2022 वर्ष में निर्गत अधिसूचना के अनुसार दो डिग्रियाँ साथ में की जा सकती है। यदि कोई दूसरे विश्वविद्यालय से रेगुलर विषय का अध्ययन कर रहा हो तो इग्नू से साथ-साथ दूरस्थ शिक्षा मोड में दूसरी डिग्री की पढ़ाई कर सकता है। इन सभी कार्यक्रमों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित। इच्छुक इसके वेबसाइट द्वारा www.ignou.ac.in द्वारा आवेदन कर सकते हैं।

व्यंग्य की बात



अरविन्द मनोज कुमार सिंह

# जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं सामाजिक एकता व सांस्कृतिक समृद्धि का है पर्व

श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट व विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि इस वर्ष श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त शनिवार को मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार,यह पर्व भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। तिथि प्रारंभ होगी 15 अगस्त की रात्रि 11:48 बजे और समाप्त होगी 16 अगस्त की रात्रि 10:15 बजे तक। अतः 16 अगस्त की मध्यरात्रि को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाना अधिक शास्त्रसम्मत माना गया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भगवान श्रीकृष्ण के पृथ्वी पर अवतरण की स्मृति में मनाया जाता है। द्वापर युग में जब पृथ्वी पर अधर्म, अत्याचार, पाप और अन्याय चरम पर था, तब भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया। उनका जन्म कंस के कारागार में, रात्रि के अंधकार में हुआ, जो यह दर्शाता है कि जब-जब अंधकार (अन्याय) बढ़ेगा, ईश्वर स्वयं धरती पर अवतरित होंगे श्रीकृष्ण का जीवन मात्र लीलामय न था, अपितु संपूर्ण मानवता के लिए एक मार्गदर्शक ग्रंथ भी था। बाल्यकाल में माखनचोरी, ग्वाल-बालों के संग लीला, कंस-वध, रासलीला, अर्जुन को गीता का उपदेश-ये सभी घटनाएं आज भी धर्म, प्रेम, कर्म और ज्ञान के प्रतीक हैं।जन्माष्टमी के दिन भक्त व्रत रखते हैं और दिनभर उपवास करते हैं। घरों, मंदिरों एवं कृष्ण मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया जाता है। झांकियां, झूले, रासलीला का आयोजन किया जाता है।मध्यरात्रि को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रतीकात्मक रूप से अभिषेक, श्रृंगार और आरती की जाती है। भोग में माखन, मिश्री, फल, पंचामृत और 56 प्रकार के व्यंजन चढ़ाए जाते हैं। भक्त हरे कृष्णा महामंत्र, भजन और कीर्तन करते हैं। कई स्थानों पर दही-हांडी प्रतियोगिताएं भी होती हैं जो श्रीकृष्ण के बालरूप की झलक प्रस्तुत करती हैं। भारत में ही नहीं,विदेशों में भी जन्माष्टमी बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है। वृंदावन, मथुरा, द्वारका, और इस्कॉन मंदिरों में लाखों भक्त एकत्र होकर भक्ति का अनुपम दृश्य प्रस्तुत करते हैं। यह पर्व केवल धार्मिक नहीं, सांस्कृतिक एकता और सामाजिक उत्सव का भी प्रतीक है। श्रीकृष्ण का गीता उपदेश-कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन-आज भी मानव जाति के लिए पथ-प्रदर्शक बना हुआ है। श्रीकृष्ण केवल एक देवता नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक संपूर्ण शैली हैं। उनकी लीलाएं हमें सिखाती हैं कि कैसे धर्म, प्रेम, मित्रता, राजनीति, युद्ध और जीवन के हर क्षेत्र में संतुलन बनाए रखा जाए। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि आध्यात्मिक जागरण, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का पर्व है। इस दिन हम यह संकल्प लें कि जीवन में सत्य, प्रेम, न्याय और कर्म को अपनाकर हम श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को आत्मसात करें।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



संजय सर्राफ

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 16 अगस्त को, धर्म, भक्ति व आनंद का पर्व



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

प्रश्न खुदी से, मांगते, उत्तर खुद से आप।
आत्मबोध की यह कथा, क्यों लगती अभिशाप।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# जल, जंगल व जमीन : आदिवासियों की लड़ाई या सियासी एजेंडा?

सुबह की पहली किरणें साल के पत्तों पर पड़ी थीं, हवा में महुआ के फूलों की खुशबू घुली थी लेकिन इन जंगलों की खामोशी में एक चीख दब गई है-वो चीख, जो हंसदेव से नीलगिरी तक और झारखंड के सारंडा की घाटियों तक गूंज रही है। कुछ जड़ें मिट्टी में नहीं, इंसानों के दिलों में उगती हैं-जैसे आदिवासियों के दिल में जल, जंगल और ज़मीन। ये सिर्फ़ संसाधन नहीं, बल्कि उनकी सांसों की लय, उनकी संस्कृति की गहराई और उनके अस्तित्व की धड़कन हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी उन्होंने इन जंगलों की छांव में जीना सीखा, नदियों की गोद में खेला और ज़मीन की गोद में अपना पसीना बहाया। लेकिन जब इन पर पहरे लग गए-कभी अंग्रेज़ी हुकूमत के 'फ़ॉरेस्ट लॉ' के नाम पर, तो कभी आज़ादी के बाद विकास के नाम पर-तब से यह संघर्ष जारी है। जल, जंगल और ज़मीन-ये तीन शब्द मात्र नहीं, बल्कि आदिवासी जीवन की सांस, उनकी संस्कृति की जड़ें और उनके अस्तित्व की धड़कन हैं। सदियों से आदिवासी समाज इन संसाधनों की रक्षा के लिए संघर्ष करता आया है। उनके इतिहास में अनगिनत महापुरुष हुए, जिन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राण न्योछावर कर दिए। लेकिन आज भी सवाल वही है- क्या यह लड़ाई सच में आदिवासियों के हित में है, या महज़ चुनावी नारों और घोषणाओं तक सीमित रह गई है? चुनाव आते ही सत्ता के गलियारों में जल, जंगल और ज़मीन की गूंज तेज़ हो जाती है। मंचों से मीठे वादों की बारिश होती है-"आदिवासियों की धरोहर बचाई जाएगी, उनकी संस्कृति को सम्मान मिलेगा।" लेकिन जैसे ही चुनावी बयार थमती है, चेहरों से मुखौटे उतर जाते हैं। असलियत यह है कि सत्ता के लिए इन धरोहरों को बचाना नहीं, बल्कि इन्हें पूंजीपति मित्रों के लिए लूट का रास्ता बना देना ही असली एजेंडा है। अंग्रेज़ों के शासनकाल में फ़ॉरेस्ट लॉ के नाम पर आदिवासियों को उनके अपने ही घर-जंगल से बेदख़ल कर दिया गया। जिन पेड़ों को उन्होंने माँ की तरह पाला, जिन नदियों के किनारे पीढ़ियाँ पलीं-उन्हीं पर ताले जड़ दिए गए। आज़ादी के 75 साल बाद भी तस्वीर बहुत नहीं बदली है। आज भी यदि कोई आदिवासी जंगल से दातून तोड़े, कंद-मूल खोदे या जलावन की लकड़ी ले आए-तो उसे अपराधी की तरह घेर लिया जाता है। विडंबना यह है कि सदियों से जंगल की रक्षा करने वाले ही अपने जंगल में अजनबी बना दिए गए हैं।दूसरी ओर, "विकास" के नाम पर हसदेव, नीलगिरी और सरंडा जैसे पवित्र जंगल रातों-रात काट दिए जाते हैं। जहाँ कभी पंछियों के गीत गूंजते थे, अब खनन मशीनों का शोर है। जहाँ कभी निर्मल नदी बहती थी, अब लालच की काली धारा बह रही है।लेकिन इस अंधेरे में उम्मीद की मशाल हमारे जन-नायकों से मिलती है- बिरसा मुंडा, जिन्होंने "अबुआ डिसुम, अबुआ राज" का सपना जगाया-अपनी धरती, अपना राज। सिधूऔर कान्हू मुर्मू, जिन्होंने संथाल हूल की आग से अंग्रेज़ी हुकूमत को चुनौती दी। तिलका मांझी, जिन्होंने धनुष-बाण से अन्याय की दीवारों को भेदा। ये नायक हमें याद दिलाते हैं-जंगल, ज़मीन, नदियां और पहाड़ सिर्फ़ संसाधन नहीं, ये हमारी आत्मा हैं। इन्हें खोना मतलब अपने अस्तित्व को खोना है। क्योंकि जंगल, नदी और पहाड़ सिर्फ़ ज़मीन का टुकड़ा नहीं, हमारे पूर्वजों की धड़कन हैं। इन्हें खोना मतलब अपने इतिहास, अपनी पहचान और अपनी आने वाली पीढ़ियों को अंधेरे में धकेलना है। अगर हमने अपनी जड़ों को बचा लिया, तो आने वाली पीढ़ियां भी इन जंगलों में चिड़ियों की चहचहाहट सुनेंगी, इन नदियों में मछलियों की छलांग देखेंगी, और इन पहाड़ों पर सूरज की पहली किरण महसूस करेंगी। वरना इतिहास हमें माफ़ नहीं करेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



रोनित नायक



स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सभी प्रखंडों में निकाली गई तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के भाव से भरा माहौल

नवीन मेल संवाददाता




**सिमडेगा।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी ने जिले के विभिन्न प्रखंडों में तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय वंदे मातरम और इंकलाब जिंदाबाद के नारों से पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।कुरडेग में तिरंगा यात्रा के बाद जिला परिषद उपाध्यक्ष सह भाजपा नेत्री सोनी पैंकरा ने कहा कि तिरंगा हमारी एकता का प्रतीक है। इसके नीचे सभी जाति और पंथ के लोग एकजुट होते हैं। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को प्रबल करना और सेवा के मनोबल को बढ़ाना है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर सहित सभी सैन्य अभियानों पर गर्व जताया।इसी तरह पाकर टांड़, बोलबा, जलडेगा मंडल में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोशो-खरोश के साथ तिरंगा यात्रा निकाली और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया।इन अवसरों पर अजय जायसवाल, रविंद्र शर्मा, सीताराम प्रसाद, मनिंदर बिंझिया, मोतीलाल ओहदार, सुरजन बड़ाईक, सुभाष प्रसाद, चतुर बड़ाईक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा बानो मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा, घर-घर वितरित हुआ राष्ट्रीय ध्वज

नवीन मेल संवाददाता




**बानो।** स्वतंत्रता दिवस के पूर्व बुधवार को भाजपा मंडल बानो कमेटी ने तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। नेतृत्व मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ने किया। यात्रा की शुरुआत जयपाल सिंह मुंडा चौक से हुई और बिरसा चौक तक पहुंची। इस दौरान धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।भाजपा कार्यकर्ता भारत माता की जय, वंदे मातरम, और इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ यात्रा में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान 'घर-घर तिरंगा' अभियान भी चलाया गया, जिसमें कार्यकर्ताओं ने लोगों के घरों में जाकर तिरंगा झंडा वितरित किया और 15 अगस्त को अपने घरों पर झंडा लगाने का आग्रह किया।बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक ने कहा कि तिरंगा यात्रा स्वतंत्रता और अखंडता का प्रतीक है और हर नागरिक को इसका सम्मान करना चाहिए।मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुषमा मिश्रा, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाइक, मंडल अध्यक्ष रीना देवी, पूसो देवी, कल्पना तमगरिया, युवा मोर्चा अध्यक्ष अनूप साहू, उपाध्यक्ष रामचंद्र साहू, प्रखंड महामंत्री बलराम सिंह सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बिजली विभाग की लापरवाही से गई रोशनी की जान : अजित

## घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** प्रखंड के बांकी पंचायत अंतर्गत कानारोईया गांव में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसे में 20 वर्षीय रोशनी कुमारी की मौत हो गई। वह अपने घर के पास पकरी के पेड़ से बकरियों के लिए डाली काट रही थी, तभी ऊपर से गुजर रहे हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी जान चली गई।घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मौके पर थाना प्रभारी, पंचायत प्रमुख, मुखिया, जिला परिषद प्रतिनिधि समेत कई जनप्रतिनिधि पहुंचे। बानो प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि अजित कुंडलना, मंडल अध्यक्ष शमशेर अंसारी, महासचिव सैमुएल बुढ़, ग्राम सभा अध्यक्ष निस्तार टोपनो, लूथर आईंद, मृतका के पिता डेबो सिंह और अन्य ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को सांत्वना दी।अजित कुंडलना ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा ऐसी घटनाएं बार-बार होना विभाग की सीधी लापरवाही को दर्शाता है। जहां-जहां 11 हजार वोल्ट का तार पेड़ों से छू रहा है, वहां तुरंत केबल लगाया जाए और पेड़ों की छटाई हो। विभाग को चाहिए कि वह सर्वे कर त्वरित कार्यवाही करे, ताकि भविष्य में किसी की जान न जाए।उन्होंने ग्राम सभा की ओर से पेड़ों की छटाई में सहयोग का आश्वासन दिया और विभाग से स्व. रोशनी कुमारी के दशकर्म हेतु आर्थिक मदद की मांग की।ग्रामीणों का कहना है कि बिजली विभाग की ढीली कार्यशैली के कारण गांव में हर समय खतरा मंडराता रहता है, लेकिन विभाग तब तक नहीं जागता जब तक कोई बड़ी दुर्घटना न हो जाए। अब सवाल यह है कि क्या इस घटना के बाद विभाग सुधरेगा या फिर ऐसी दर्दनाक घटनाएं यूं ही दोहराई जाएंगी?




## तीन पंचायतों में सामाजिक सुरक्षा योजना व ग्राम सभा सशक्तिकरण पर प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन के तत्वावधान में ठेठईटांगर प्रखंड के तीन पंचायत—मेरोमडेगा, ठेठईटांगर और घुटबहार—में स्थानीय स्वशासन सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत पंचायत सचिवालय सभागार में एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।प्रशिक्षण में ग्राम सभा नेतृत्वकर्ता, महिला समूह नेतृत्वकर्ता, पीआरआई सदस्य, पंचायत मुखिया, ग्राम प्रधान और वार्ड सदस्य शामिल हुए। प्रतिभागियों को ग्राम पंचायत में संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रावधान, पात्रता मानदंड और लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।वक्ताओं ने ग्राम सभा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि ग्राम सभा वंचित परिवारों की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथ ही ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के अंतर्गत महिला सभा और बाल सभा की भागीदारी पर भी चर्चा हुई, जिससे योजना निर्माण और ग्राम विकास को गति मिलती है।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण नेतृत्व को सशक्त बनाना, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देना और पंचायत स्तर पर पारदर्शिता एवं सहभागिता सुनिश्चित करना था।

## बानो में आयुष हेल्थ कैंप आयोजित 110 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच




नवीन मेल संवाददाता

**बानो।** जिला आयुष पदाधिकारी के तत्वावधान में बुधवार को जयपाल मैदान, बानो में आयुष हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से वयोवृद्ध लोगों के स्वास्थ्य की जांच और उपचार पर जोर दिया गया।शिविर में डॉ. जावेद आलम ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, जिन्हें केंद्र पर आकर प्राप्त किया जा सकता है। बरसात के मौसम में पानी को उबालकर पीने और मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह भी दी गई।कुल 110 लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाएं दी गईं। इस अवसर पर डॉ. जावेद आलम, डॉ. सीमा टोप्पो, योग प्रशिक्षक सावित्री देवी, सुवंती कंडुलना, गिरिधारी तथा क्षेत्र की सहिया उपस्थित रहीं।

## जहरीले सांप के काटने से युवक की मौत

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गरजा गांव में बुधवार देर रात जहरीले सांप के काटने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गरजा निवासी मुकेश नायक के रूप में हुई है।परिजनों के अनुसार, मुकेश घर में सो रहा था, तभी उसे जहरीले सांप ने काट लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी, जिसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल सिमडेगा लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया। परिजन उसे राउरकेला अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई।शव को वापस सदर अस्पताल लाया गया, जहां अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## नवनियुक्त जिला खेल व संस्कृति नोडल पदाधिकारी से कलाकारों ने की मुलाकात

नवीन मेल संवाददाता




**कोलेबिरा।** सिमडेगा के नागपुरी लोक कलाकार बनफूल नायक के नेतृत्व में सांस्कृतिक संस्था आदिकाल मंच के कलाकारों ने सोमवार को नवनियुक्त जिला खेल पदाधिकारी सह जिला संस्कृति नोडल पदाधिकारी मनोज कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान जिला में कला-संस्कृति के विकास और पूर्व में संचालित 'शनिपरब' एवं 'सुबह सवेरे' कार्यक्रम को पुनः शुरू करने पर चर्चा हुई।मनोज कुमार ने बताया कि अब राज्य के वृद्ध कलाकारों को पेंशन और बीमार कलाकारों को सहयोग राशि प्रदान की जाएगी। इसके लिए पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग समय-समय पर आवेदन हेतु विज्ञापन जारी करता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन योजनाओं का लाभ जिला के कलाकारों तक पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।कलाकारों ने करम पर्व की पूर्व संध्या पर होने वाले सांस्कृतिक आयोजन को निरंतर कराने का आग्रह किया, जिस पर पदाधिकारी ने इस विषय पर सांस्कृतिक कार्य निदेशालय से संपर्क करने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में नागपुरी गीत, अंगवस्त्र व खड़िया नृत्य के साथ पदाधिकारी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बनफूल नायक, परमानंद दास, श्रवण दास, छोटू नायक, सचिन नायक, नीली अनीता डुंगडुंग सहित कई कलाकार मौजूद रहे।

## पत्रकार हरिनारायण सिंह को सिमडेगा पत्रकार संघ ने दी श्रद्धांजलि

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** हिंदी पत्रकारिता के गुरु के रूप में विख्यात स्व. हरिनारायण सिंह की स्मृति में बुधवार को सूचना भवन सभागार में सिमडेगा पत्रकार संघ द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पलटू महतो सहित संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।सभा की शुरुआत स्व. हरिनारायण सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर और 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना से हुई।डीपीआरओ पलटू महतो ने कहा कि हरिनारायण सिंह केवल एक पत्रकार नहीं, बल्कि पत्रकारिता की जीवंत संस्था थे। चार दशक से अधिक लंबे कैरियर में उन्होंने निष्पक्षता, निडरता और जनसरोकार को हमेशा प्राथमिकता दी। उनकी लेखनी में मुद्दों की गहराई, तथ्यों की मजबूती और सरल भाषा का अद्भुत संगम देखने को मिलता था।सिमडेगा पत्रकार संघ के अध्यक्ष आशीष शास्त्री ने कहा कि स्व. हरिनारायण सिंह ने पत्रकारिता की नई पौध तैयार की। उनके मार्गदर्शन में अनेक युवा पत्रकारों ने अपना करियर शुरू किया और आज वे विभिन्न राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मीडिया संस्थानों में कार्यरत हैं। जीवन के अंतिम क्षण तक वे कलम और खबर के प्रति समर्पित रहे।संघ के अन्य सदस्यों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उनका योगदान केवल पत्रकारिता तक सीमित नहीं था, बल्कि वे संस्थागत निर्माण और पत्रकारों के हित में संघर्ष के लिए भी याद किए जाएंगे।श्रद्धांजलि सभा में श्रीराम पुरी, अफजल इमाम, दीपक रिंकू, शंभू सिंह, विकास साहू, अमन मिश्रा, बलभद्र बड़ाईक, अरुण राम और सत्यम केशरी सहित अन्य पत्रकार मौजूद थे।

## सिमडेगा: आजसू ने भाजपा प्रखंड अध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग की



**सिमडेगा।** आजसू पार्टी प्रखंड अध्यक्ष बोलबा निहाल सिंह ने भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बोलबा सह समसेरा पंचायत मुखिया सुरजन बड़ाईक के खिलाफ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।शिकायत के अनुसार, 9 अगस्त को बोलबा नीचे बाजार का खराब ट्रांसफार्मर बदला गया। आरोप है कि मुखिया ने ट्रांसफार्मर लगाने के नाम पर ग्रामीणों से 30,000 वसूले और राशि विभागीय खर्च बताई। 10 अगस्त की रात व्हाट्सएप ग्रुप में इस विषय पर चर्चा के दौरान निहाल सिंह द्वारा सवाल उठाने पर सुरजन बड़ाईक ने उन्हें फोन कर अभद्र भाषा का प्रयोग, जान से मारने की धमकी और एसटी/एससी एक्ट में फंसाने की चेतावनी दी।निहाल सिंह ने आरोप लगाया कि सुरजन बड़ाईक दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जो मारपीट या हत्या जैसी वारदात कर सकता है और स्वयं को बोलबा का मालिक व राजा कहता है।आजसू पार्टी जिला कमेटी ने जिला प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेकर आरोपी पर कार्रवाई करने की मांग की है और इस घटना की कड़ी निंदा की है। इधर इस मामले में भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष से बात करने पर उन्होंने कहा कि उनके मान सम्मान को लगातार उछाल जा रहा था इसको लेकर दोनों में कहा सुनी हुई है हालांकि लगाया गया आरोप निराधार है।

## बानो थाना के आरक्षी पियुष होरो को मिला 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' सम्मान




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में उत्कृष्ट टर्न आउट, कर्त्तव्य परायणता और सकारात्मक सोच रखने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने के लिए 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' पुरस्कार योजना की शुरुआत की गई है। इस पहल के तहत प्रत्येक सप्ताह आरक्षी से लेकर सहायक अवर निरीक्षक संवर्ग के पुलिसकर्मियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित पुलिसकर्मी की तस्वीर संबंधित थाना, ओपी या प्रतिष्ठान के सूचना पट पर पूरे सप्ताह प्रदर्शित की जाएगी।इस कड़ी में बुधवार को बानो थाना में प्रतिनियुक्त आरक्षी (899) पियुष होरो को माह अगस्त 2025 के द्वितीय सप्ताह के लिए 'पुलिसमैन ऑफ द वीक' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पियुष होरो को यह सम्मान उनके बेहतरीन टर्न आउट, कर्त्तव्य निष्ठा और नैतिक सोच के लिए प्रदान किया गया।

## बोलबा में एक दिवसीय पंचायती राज उन्नति सूचकांक पर कार्यशाला आयोजित

नवीन मेल संवाददाता




**बोलबा।** बोलबा प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को एक दिवसीय पंचायती राज उन्नति सूचकांक विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यक्रम उप विकास आयुक्त सिमडेगा के निर्देश पर प्रखंड स्तरीय स्तर पर संपन्न हुआ।कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुषमा आनंद ने कहा कि यदि हर कोई अपने हिस्से का काम ईमानदारी से करे, तो बोलबा उन्नत प्रखंड बन सकता है। उन्होंने बताया कि प्रखंड विकास के नौ प्रमुख पैरामीटर हैं—गरीबी मुक्त पंचायत, स्वास्थ्य पंचायत, स्वच्छ एवं हरित पंचायत, सुशासन पंचायत, बाल हितैषी पंचायत, महिला हितैषी पंचायत आदि। इन कार्यों को विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं पंचायत प्रतिनिधि मिलकर आगे बढ़ाते हैं, जिससे पंचायत का समग्र विकास होता है।बीडीओ ने महिला सभा आयोजित करने तथा समाज में फैली कुरीतियों—जैसे दहेज प्रथा, डायन प्रथा और बाल विवाह—को समाप्त करने के लिए जनजागरूकता बढ़ाने पर भी जोर दिया।कार्यशाला में प्रखंड समन्वयक समन्वयक, सभी मुखिया, पंचायत सचिव, सीएचओ, बीआरपी, सीआरपी, पंचायत सहायक, जल सहिया, एएनएम, आंगनबाड़ी सेविका, प्रधानाध्यापक, वीईएलएस, सीएसओ, कृषि मित्र, पुलिस निरीक्षक-सह-थाना प्रभारी, जनवितरण प्रणाली विक्रेता, क्लस्टर कोऑर्डिनेटर, ग्राम रोजगार सेवक, ऊर्जा मित्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## न्यूज बॉक्स

### केरसई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने डोर-टू-डोर तिरंगा वितरण किया



**केरसई।** स्वतंत्रता दिवस उत्सव को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने केरसई चौक और आसपास के क्षेत्रों में घर-घर जाकर तिरंगा झंडा वितरित किया। इस दौरान लोगों को अपने घरों और आस-पास तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित किया गया।अर्जुन मुंडा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने जानकारी दी कि आजादी का उत्सव मनाने के लिए पूर्व सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने सिमडेगा जिले को बड़ी संख्या में तिरंगा झंडे उपलब्ध कराए हैं, जिनका वितरण जिले के सभी प्रखंडों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया जा रहा है।मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, गौतम कुमार, सुरेश प्रसाद, बुलेश्वर प्रसाद, विकास कुमार, खिरोधर प्रधान, अंतु प्रसाद, जहुरन सिंह, कुतुब अंसारी, नीलम सिंह और सुभद्रा कुमारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बानो में स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर सामूहिक परेड अभ्यास



**बानो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एस.एस. हाई स्कूल मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारी के तहत बुधवार को विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक परेड अभ्यास किया।अभ्यास के दौरान प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिनमें अनुशासन बनाए रखना, कतारबद्ध होकर चलना, झंडे को सलामी देना, मोड़ों पर सही दूरी पर घूमना और लाइन को सीधा रखने जैसे बिंदु शामिल थे।सामूहिक परेड में रा. मध्य विद्यालय बानो, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बानो, संत थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल बानो, बाल विकास विद्यालय बानो, प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय बानो और होली हार्ट पब्लिक स्कूल बानो के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।इस अवसर पर शिक्षक स्मिथ कुमार सोनी, आनंद कुमार, फ्रांसिस टेटे, कामला बड़ाईक सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

### बानो में वन विभाग ने हाथी प्रभावित ग्रामीणों के बीच टॉर्च व सामग्री बांटी



**बानो।** बेड़ाइरगी पंचायत के बुरुइरगी गांव में बुधवार को वन विभाग ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों के बीच टॉर्च, जुट बोरा और हाथी भगाने की सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम बानो वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी अभय कुमार, झामुमो सोय पंचायत अध्यक्ष संदीप समद और वनकर्मियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।इस दौरान ग्रामीणों को हाथियों से बचाव और आपात स्थिति में सतर्क रहने के उपाय बताए गए। वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी ने कहा कि जंगली हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखें, उकसावे से बचें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। उन्होंने बताया कि हाथियों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है।वन विभाग ने हेलगढ़ा दिशा के ग्रामीणों को भी सतर्क रहने की अपील की, क्योंकि झुंड उसी ओर बढ़ चुका है।

26वां वीर शहीद थॉमस सोरेंग फुटबॉल टूर्नामेंट

### एसए ब्रदर्स सबडेगा और जयदुर्गा एफसी ओड़िशा 15 अगस्त को खेलेंगे फाइनल



**सिमडेगा।** 26वें वीर शहीद थॉमस सोरेंग अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का रोमांचक सेमीफाइनल बुधवार को एस.ए. ब्रदर्स सबडेगा (ओड़िशा) और पुलिस लाइन सिमडेगा के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी भरत प्रसाद का स्वागत आयोजक राजेश कु. सिंह एवं समिति के पदाधिकारियों ने किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत कराई।निर्धारित समय तक दोनों टीमों के बीच कोई गोल नहीं हुआ। पेनाल्टी शूटआउट में एस.ए. ब्रदर्स ने 6-5 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबला 15 अगस्त को एस.ए. ब्रदर्स सबडेगा और जयदुर्गा फुटबॉल क्लब (ओड़िशा) के बीच खेला जाएगा।टूर्नामेंट के सफल संचालन में अध्यक्ष अमित डुंगडुंग, महामंत्री समसूल अंसारी, उपाध्यक्ष मो. शमीउल्लाह, सुभाष महतो, प्रताप बड़ा, कुलदीप किंडो, अजित नवरंगी, रिंकू अग्रवाल, कमल शर्मा, विकास बेसरा, अभिषेक कुमार, शंभू केशरी, बिकास साहू सहित समिति के अन्य सदस्य शामिल रहे। रेफरी की जिम्मेदारी राजकुमार पाणिग्रही (टाटा), सूचित टोप्पो (राउरकेला) और राकेश किस्कु (जमशेदपुर) ने निभाई। मेडिकल टीम में विवेक कुमार और हेमलता कुमारी मौजूद थे।

ईसीआई पर राजद सांसद मनोज झा का तंज, कहा

# बांग्लादेश के चुनाव आयोग को भारत में आदर्श न बनाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सांसद मनोज झा ने 'वोट चोरी' एसआईआर सहित तेजस्वी यादव के चुनाव बहिष्कार वाले बयान पर कहा कि लोग चुनाव का बहिष्कार कर सकते हैं, जैसा कि बांग्लादेश में देखने को मिला। उन्होंने चुनाव आयोग से हाथ जोड़कर विनती की है कि वह बांग्लादेश के चुनाव आयोग को आदर्श न बनाए और संवेदनशीलता दिखाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को अपने इतिहास को पढ़ना चाहिए और समझना चाहिए क्योंकि संवेदना मरेगी तो यह बांग्लादेश हो जाएगा।

राजद सांसद ने आयोग और भाजपा के संबंध की जांच होनी चाहिए और मुझे लगता है कि जनता बिहार विधानसभा चुनाव में दोनों के रिश्तों की जांच करेगी। मनोज झा ने तेजस्वी यादव के उस बयान का भी समर्थन किया, जिसमें उन्होंने भाजपा नेताओं के पास दो ईपीआईसी (वोटर आईडी) होने का दावा किया है। राजद सांसद ने कहा यह चुनाव आयोग की प्रक्रियात्मक विफलता को दर्शाता है। भीखू भाई दलसानिया लोकसभा चुनाव में गुजरात के वोटर हो जाते हैं। बिहार में इस साल चुनाव हैं, तो वह यहां के वोटर हो गए हैं। आगे बंगाल में चुनाव है, तो वह बंगाल के वोटर बन जाएंगे। लोगों के बीच में दो वोटर कार्ड को लेकर कोलाहल है।

### भाजपा-चुनाव आयोग संबंधों की जांच की मांग उठी



मनोज झा ने भाजपा के उन बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है जिसमें भाजपा की ओर से दावा किया गया है कि विपक्ष चुनाव आयोग और एसआईआर पर लोगों को गुमराह इसलिए कर रहा है क्योंकि बिहार विधानसभा चुनाव में विपक्ष की हार तय है। उन्होंने कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग के रिश्ते की जांच होनी चाहिए और चुनाव में जनता इन दोनों के रिश्ते की जांच सुनिश्चित करेगी। आईएएनएस से बातचीत में उन्होंने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में कथित अनियमितताओं का जिक्र करते हुए चुनाव आयोग और भाजपा के बीच संबंधों पर सवाल उठाया है। उनका कहना है कि पीठासीन अधिकारी की गड़बड़ी, जो सीसीटीवी में कैद हुई थी और भाजपा द्वारा उसे सही ठहराने की कोशिश की गई, दोनों के बीच गहरा रिश्ता दर्शाती है।

भाजपा का 'वोट चोरी' पर कड़ा जवाब

# अखिलेश, राहुल और प्रियंका की सीटों पर चुनाव में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से लगाए गए 'वोट चोरी' के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा ने राहुल, प्रियंका गांधी वाड्रा, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और डिंपल यादव की लोकसभा सीटों पर मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। भाजपा ने कन्नौज, रायबरेली, मैनपुरी, वायनाड और डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्रों में लाखों संदिग्ध मतदाताओं की मौजूदगी को लेकर सवाल उठाए हैं। भाजपा ने 'घुसपैठिया वोट बैंक' से वोट चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की लोकसभा सीटों का आंकड़ा जारी किया है। इसमें बताया गया कि राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र रायबरेली में 2,00,089 संदिग्ध मतदाताओं की सूची सामने आई है, जिसमें 19,512 डुप्लिकेट मतदाता, 71,977 फर्जी पते वाले मतदाता, 15,853 मिश्रित परिवार वाले मतदाता और 92,747 सामूहिक रूप से जोड़े गए मतदाता शामिल हैं।

इसके अलावा, टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी की पश्चिम बंगाल की डायमंड हार्बर सीट पर 2,59,779 संदिग्ध मतदाताओं का खुलासा हुआ है। इनमें 3,613 डुप्लिकेट मतदाता, 1,55,365 फर्जी पते वाले मतदाता, 290 फर्जी रिश्तेदार वाले मतदाता, 43,947 मिश्रित परिवार वाले मतदाता और 56,564 सामूहिक रूप से जोड़े गए मतदाता शामिल हैं।



### संदिग्ध वोटर पर विपक्षी सांसदों की सीटों पर सवाल

इसके अलावा, अखिलेश यादव की संसदीय सीट कन्नौज में कुल 2,91,798 संदिग्ध मतदाताओं की पहचान की गई है, जिसमें 16,163 डुप्लिकेट मतदाता, 1,53,919 फर्जी पते वाले मतदाता, 25,772 मिश्रित परिवार वाले मतदाता और 74,531 सामूहिक रूप से जोड़े गए मतदाता शामिल हैं। माजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने इस सीट से 1,70,922 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की लोकसभा सीट वायनाड में 93,499 संदिग्ध मतदाताओं का पता चला है। इनमें 20,438 डुप्लिकेट मतदाता, 17,450 फर्जी पते वाले मतदाता, 4,246 मिश्रित परिवार वाले मतदाता और 51,365 सामूहिक रूप से जोड़े गए मतदाता शामिल हैं। सपा सांसद डिंपल यादव की लोकसभा सीट मैनपुरी में 2,55,914 संदिग्ध मतदाताओं की पहचान की गई है, जिसमें 14,088 डुप्लिकेट मतदाता, 1,76,078 फर्जी पते वाले मतदाता, 16,216 मिश्रित परिवार वाले मतदाता और 49,532 सामूहिक रूप से जोड़े गए मतदाता शामिल हैं। इस सीट से डिंपल यादव ने 2,21,639 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी।

## चुनाव आयोग जोड़ने का नहीं, तोड़ने का काम कर रहा है : वीरेंद्र सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**



समाजवादी पार्टी के सांसद वीरेंद्र सिंह ने बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के आरोपों का समर्थन करते हुए चुनाव आयोग पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जोड़ने का नहीं, तोड़ने का काम कर रहा है। तेजस्वी यादव ने दावा किया कि भाजपा नेताओं के पास दो वोटर कार्ड हैं, जिसे लेकर उन्होंने प्रेस वार्ता की। वीरेंद्र सिंह ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग का मुख्य काम हर नागरिक को मतदान का अधिकार सुनिश्चित करना है, लेकिन आयोग मतदाता सूची से नाम हटाने पर ज्यादा ध्यान दे रहा है, न कि नाम जोड़ने पर। चुनाव आयोग का काम है कि जो भी वोटर हैं उनकी ओर से मतदान सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग नागरिकता तय करने का काम कर रहा है, जो उसका अधिकार क्षेत्र नहीं है। किसी की नागरिकता पर संदेह है तो उसकी जानकारी गृह मंत्रालय को देनी चाहिए। आयोग को जो काम दिया गया है, वह करना चाहिए। लेकिन, वह दोनों काम कर रहा है। सिंह ने सरकार और चुनाव आयोग की मिलीभगत का भी आरोप लगाया, जिसके खिलाफ विपक्षी दलों की ओर से विरोध किया जा रहा है। जस्टिस यशवंत वर्मा मामले में उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते जस्टिस वर्मा को महाभियोग के जरिए सजा मिलनी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि पहले महाभियोग प्रस्ताव लाने की चर्चा थी, लेकिन अब मामला जांच समिति को सौंप दिया गया है। सिंह ने कहा कि यदि महाभियोग के जरिए जस्टिस वर्मा को हटाया जाता, तो उन्हें पूर्व जज के तौर पर कोई विशेषाधिकार या सम्मान नहीं मिलता।स्वतंत्रता दिवस पर मीट की दुकानें बंद करने के आदेश पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इस दिन देशभक्ति की भावना के साथ आजादी का जश्न मनाना चाहिए, न कि पाबंदियां लगाकर। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या प्रतिबंधों के साथ आजादी का उत्सव उचित है? फतेहपुर की घटना पर समाजवादी पार्टी के सांसद वीरेंद्र सिंह ने कहा कि जब भी सरकार डरती है, पुलिस को आगे कर देती है।

कांग्रेस सांसद ने 'वोट चोरी' के मुद्दे पर कहा-

## लोकतंत्र को नष्ट किया जा रहा है

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बिहार में 'वोट चोरी' का मुद्दा विपक्षी दलों की ओर से जोर-शोर से उठाया जा रहा है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने राजद नेता तेजस्वी यादव के आरोपों का समर्थन करते हुए दावा किया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और चुनाव आयोग के बीच सांठगांठ है, जिसके जरिए वोटर लिस्ट में धांधली की जा रही है और लोकतंत्र को नष्ट किया जा रहा है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि सब कुछ सामने आ रहा है कि कैसे भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं के बीच वोट बांटे हैं। भाजपा की चुनावी मशीनरी के बिना यह गठजोड़ संभव नहीं था। यह चुनाव और भाजपा के बीच मिलीभगत, व्यवस्था में हेरफेर, वोट चुराने के साथ यह लोकतंत्र को नष्ट करना चाहते हैं।दरअसल, तेजस्वी यादव ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया कि चुनाव आयोग भाजपा के साथ मिलकर बिहार में 'वोट चोरी' कर रहा है और कुछ भाजपा नेताओं के पास दोहरे मतदाता पहचान पत्र हैं। मुजफ्फरपुर की महापौर निर्मला देवी के मामले में तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि इनके पास दो वोटर कार्ड हैं। राहुल गांधी के आरोप पर मसूद ने कहा कि आरोप तो चुनाव आयोग पर लगाया जा रहा है, भाजपा इस पर जवाब क्यों दे रही है? क्या वह चुनाव आयोग के प्रवक्ता बन गए हैं?

जस्टिस वर्मा मामले में जांच के लिए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की ओर से तीन सदस्य संसदीय कमेटी बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि अभी समिति की रिपोर्ट आने तक कुछ भी कहना अनुचित होगा। 15 अगस्त पर मीट की दुकान बंद करने के फैसले पर उन्होंने कहा कि इस देश के अंदर मीट को ही बंद कर देना चाहिए। हम बीफ एक्सपोर्ट में नंबर-1 बनेंगे, लेकिन लोगों को मीट खाने से रोकेंगे? क्या सब कारोबार चलाने के लिए किया जा रहा है? मैं बीफ नहीं खाता हूं। लेकिन कई लोग मांसाहारी हैं। देश में 14 प्रतिशत जनसंख्या मुसलमानों की है, जिनमें 82 प्रतिशत लोग मांसाहारी हैं। ऐसे में यह क्या तमाशा चल रहा है? बता दें कि मीट की दुकान बंद करने के फैसलों को लेकर कुछ विपक्षी सांसदों ने भी ऐतराज जताया है।

## बिहार चुनाव में अपनी हार देख कांग्रेस झूठे आरोप लगा रही : अनुराग ठाकुर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय जनता पार्टी के सांसद अनुराग ठाकुर ने 'मतदाता सूची' को लेकर विपक्ष के आरोपों पर पलटवार किया है। अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि बिहार विधानसभा चुनाव में अपनी हार देखकर कांग्रेस और उसके सहयोगी दल झूठे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आत्मचिंतन करने की बजाय कांग्रेस ने हर हार के बाद नया बहाना ढूंढने का काम किया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर आरोपों के बाद भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा, "अगर किसी के नेतृत्व में 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड है, तो वह राहुल गांधी का नेतृत्व है। जब चुनाव हारते हैं, तो वे ईवीएम पर सवाल उठाते हैं या मतदाताओं को दोष देते हैं। पार्टी के भीतर भी राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाए जाते हैं। अनुराग ठाकुर बोले, "कांग्रेस ने पहले कहा कि ईवीएम मशीन के साथ हेराफेरी होती है, ईवीएम बैन करो, बैलेट पेपर लाओ। फिर कहा ईवीएम को रिमोटली हैक किया जा सकता है। फिर कहा वीवीपैट 100 प्रतिशत चेक सुनिश्चित करो। कांग्रेस ने आत्मचिंतन नहीं किया, लेकिन ईवीएम से लेकर संवैधानिक संस्थाओं तक पर आरोप लगाती रही। अब बिहार चुनाव हारता हुआ देख पहले ही विपक्षी दलों के साथ मिलकर झूठे आरोप लगाने में जुटी है। भाजपा सांसद ने कहा, "कुछ कांग्रेस के लोग कह रहे थे राहुल गांधी और विपक्ष के नेताओं ने बवंडर खड़ा किया, लेकिन यह बवंडर नहीं 'ब्लंडर' है। मैं राहुल गांधी को यही कहूंगा, धूल चेहरे पर थी और आप आईना साफ करते रहे।"अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाए कि कांग्रेस और सीपीआई ने मिलकर 'वोट चोरी' की दुकान चलाई थी।

## जनता से नकारे गए राहुल चुनाव आयोग पर फोड़ रहे ठीकरा : विश्वास सारंग

**एजेंसी। भोपाल**



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूचियों को लेकर उठाए जा रहे सवाल के जवाब में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि राहुल गांधी और कांग्रेस को जनता ने हर बार नकारा है, यही कारण है कि वे चुनाव आयोग और मतदाता सूची पर सवाल उठा रहे हैं।

राहुल गांधी के आरोपों पर मंत्री सारंग ने आईएएनएस से कहा है कि राहुल गांधी जनता से नकारे हुए नेता हैं। जनता ने नकार दिया तो लगातार कभी इलेक्शन कमीशन पर तो कभी वोटर लिस्ट पर ठीकरा फोड़ रहे हैं, सवाल खड़ा कर रहे हैं। जनता ने उन्हें नकारा है और घर बैठाया है इसलिए राहुल गांधी को जनता और राजनीति की नब्ज़ समझने की ज़रूरत है, न कि इस तरह से वोट सूची पर या चुनाव आयोग पर प्रश्नचिन्ह लगाने की ज़रूरत है।

भाजपा के विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी राहुल गांधी को अपरिपक्व नेता करार दिया है और कहा कि उनके बयान बचकाने वाले होते हैं और उनका आचरण तथा व्यवहार उनके नाम पप्पू जैसा होता है। वे देश के लोकतंत्र के प्रति अविश्वास का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी कोशिश है कि देश में शहरी नक्सलवाद को बढ़ावा दें और वोट देना ही छोड़ दें। राहुल गांधी देश में गृह युद्ध की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर घर तिरंगा लगाने का आह्वान किया है। तिरंगा अभियान पर मंत्री सारंग ने कहा है कि तिरंगा हमारी आन, बान, शान और हमारी पहचान है। तिरंगे की शान और देश की आजादी के लिए देश के हजारों लोगों ने बलिदान किया है। हमारे सैनिकों ने तिरंगे के सम्मान के लिए बलिदान दिया है। यह हम सभी का दायित्व है कि तिरंगे को अपने घरों पर लगाकर क्रांतिकारियों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करें।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज बच्चों की तरफ से आपको गुड न्यूज़ मिल सकती है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आज आपके मन में नए विचार आएंगे। आज आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, जिससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज बिजनेस के सिलसिले में आपकी आज विदेश यात्रा भी हो सकती है और ये यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। आज आपकी नौकरी में प्रमोशन हो सकता है, जिससे ऑफिस में आपकी छवि मजबूत बनेगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक बना रहेगा। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियाँ सुचारु रूप से चलती रहेंगी लेकिन आप लेन-देन करते समय थोड़ी सतर्कता बरतें। आज आप अपने किसी करीबी दोस्त के साथ बाहर जा सकते हैं, बाहर का मौसम आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने पिता का काम में हाथ बटाएँगे, जिससे उन्हें ख़ुशी मिलेगी। आज आप बच्चों के लिए घर में अलग-अलग तरह की डिशेज बना सकती है। आज बच्चों से आपको गुड न्यूज़ मिल सकती है, जिससे आपको गर्व महसूस होगा।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए उपयोगी बना रहेगा। आज आपके सारे रुके हुए काम पूरे हो जाएंगे। आज दुकानदारों के लिए का दिन अच्छा रहेगा, आज आपकी अच्छी आमदनी होने के योग बन रहे है। आज आपकी रुचि कला के क्षेत्र में रहेगी और आपको अच्छे ऑफर भी मिल सकते है।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बड़ी डील मिल सकती है, जिससे आपके व्यापार में ग्रोथ होगी। आज आपको किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे।

**तुला :** आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप व्यर्थ के खर्चों को कम करने का प्रयास करें तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको बिजनेस में दुगुना धन लाभ होगा, जिससे आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा।

**वृश्चिक :** आज का दिन के लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आप अपने बड़े-बुज़ुर्ग का आर्शिवाद लेकर नया बिजनेस शुरु करें तो फायदा होना तय है। आज काम कमी अधिकता रहेगी इसलिए आज स्वास्थ्य के प्रति आप थोड़ी सावधानी रखें। इस राशि के लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा। आज ऑफिस में कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते है। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरुप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आज आप खुद को अधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे, जिससे आपका मन काम में लगेगा। अगर आज किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वह आज समय से पहले पूरा कर लेंगे, लेकिन आज आपको पहले से योजना बनाकर चलने की जरूरत है।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको कई दिनों से रुके हुए काम में सफलता मिल सकती है, जिससे मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आप किसी भी काम में जल्दबाजी करने से बचें, जिससे आपका काम शांति से हो जाए। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए अनुकूल बना रहेगा। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है, आप जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से हो सकती है, जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी।

वोट चोरी के खिलाफ जयपुर में कांग्रेस का प्रदर्शन

## भाजपा की कठपुतली बन गया है चुनाव आयोग

**एजेंसी नई दिल्ली**



कांग्रेस ने बुधवार को राजस्थान के जयपुर में वोट चोरी के खिलाफ एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट समेत राज्य में पार्टी के शीर्ष नेताओं ने इस रैली में हिस्सा लिया। गहलोत ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से उनके वोट चोरी के आरोप की जाँच के लिए हलफनामा मांगने पर चुनाव आयोग की आलोचना की। विरोध मार्च के दौरान गहलोत ने एएनआई से कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव, इन सभी लोगों ने दिल्ली में विरोध प्रदर्शन के ज़रिए पूरे देश में यह संदेश दिया है कि वोट चोरी हो रहे हैं। राहुल गांधी ने भी आँकड़े दिए हैं, और चुनाव आयोग उनसे हलफनामा मांग रहा है। हमने ऐसा पहली बार देखा है।

गहलोत ने कहा कि जो हो रहा है वह लोकतंत्र के लिए खतरनाक है... बिहार में 60 लाख वोट काटे गए, लेकिन एक भी वोट नहीं जोड़ा गया... इसके खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विरोध प्रदर्शन कर रही है, जिसमें सभी लोग भाग ले रहे हैं। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने आरोप लगाया कि देश की संवैधानिक संस्थाओं को खोखला करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि आज देश भर में वोटों में धांधली को लेकर सवाल उठ रहे हैं... चुनाव आयोग कोई जवाब नहीं दे रहा है... मुझे आश्चर्य है कि भाजपा चुनाव आयोग का बचाव करने के लिए आगे आ रही है। हमारी संवैधानिक संस्थाओं को खोखला करने की कोशिश की जा रही है।

### 'हरिजन' शब्द का उपयोग बंद करें सभी विभाग: ओडिशा सरकार

**ओडिशा।** ओडिशा सरकार ने अपने सभी विभागों, सार्वजनिक एवं शैक्षणिक संस्थानों को आधिकारिक संवादों में 'हरिजन' शब्द का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अनुसूचित जनजाति (एसटी) एवं अनुसूचित जाति (एससी) विकास और अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के आयुक्त-सह-सचिव द्वारा मंगलवार को जारी एक पत्र के अनुसार, सरकार ने संबंधित प्राधिकारियों से कहा कि ''संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत अधिसूचित अनुसूचित जातियों से संबंधित व्यक्तियों को दर्शाने के लिए अंग्रेजी में अनुसूचित जाति और उड़िया या अन्य राष्ट्रीय भाषाओं में अनुसूचित जाति जैसे शब्दों का इस्तेमाल'' किया जाना चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि यह पत्र सभी अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रमुख सचिवों और आयुक्त-सह-सचिवों को भेजा गया है।

सासाराम विकास मंच की विचार गोष्ठी

## आपस में मिलकर हर क्षेत्र का विकास करना है : डॉ सचिन

**एजेंसी। सासाराम(रोहतास)**




सासाराम विकास मंच की ओर से मंच के अध्यक्ष तथा शहर के जाने-माने शल्य-चिकित्सक डॉ सचिन कुमार सिंह की अध्यक्षता में विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर डॉ सचिन कुमार सिंह ने कहा कि इस मंच का उद्देश्य कतई राजनीतिक नहीं, बल्कि सासाराम का चहुंमुखी विकास करना है। उन्होंने कहा कि यहां विकास की अपार संभावनाएं हैं। आपस में मिल-जुलकर हर क्षेत्र में आगे ले जाना ही मंच की सफलता और सार्थकता होगी। गोष्ठी में आए सासाराम एसपी जैन कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ गुरुचरण सिंह ने कहा कि सासाराम विकास मंच की जो कल्पनाएं हैं, डॉ सचिन कुमार सिंह के संयोजन में निश्चित रूप से आने वाले समय में मूर्तरूप लेंगी। उन्होंने कहा कि यदि इच्छा-शक्ति हो, तो सबकुछ संभव है। रोहतास महिला कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि सासाराम बहुत प्राचीन शहर है। इसकी प्राचीनता सम्राट अशोक के शिलालेख से भी प्रमाणित होती है। इसका हर तरह से विकास होना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि कृषि को उद्योग का दर्जा मिलने से इस शहर का कृषि के क्षेत्र में अप्रत्याशित विकास होगा। पत्रकार व कवि सरोज कुमार पंकज ने कहा कि सासाराम में फ्लाईओवर बहुत जरूरी है। इससे शहर खूबसूरत दिखेगा, जाम से निजात मिलेगा तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने सासाराम के साहित्य एवं कला-संस्कृति की ओर भी मंच का ध्यान आकृष्ट किया और इस क्षेत्र में भी विकास करने की बात कही। इनके अलावे शहर के विख्यात नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ केएन तिवारी, समाजसेवी डॉ जावेद अख्तर, सत्यनारायण स्वामी, विनोद बिहारी जायसवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल तथा सरदार शिवदयाल सिंह सहित अनेक विद्वान वक्ताओं ने सासाराम विकास मंच के संयोजक डॉ सचिन कुमार सिंह को धन्यवाद देते हुए सासाराम के विकास के संदर्भ में अपना विचार सुझाये। पूरे कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार ने किया।

**विधानसभा चुनाव** एसआईआर विवाद के बीच बीजेपी पर तेजस्वी का बड़ा आरोप

# 'गुजरात के लोग बन रहे हैं बिहार के मतदाता'

- आरोप लगाया कि चुनाव के बाद वे किसी अन्य राज्य में मतदाता बन सकते हैं

**एजेंसी। बिहार**

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को आरोप लगाया कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा का एक वरिष्ठ पदाधिकारी अपना मतदाता पंजीकरण कई राज्यों में स्थानांतरित कर रहा है। एक्स पर एक पोस्ट में, यादव ने दावा किया कि गुजरात निवासी और बिहार भाजपा के प्रदेश संगठन महासचिव भीखू भाई दलसानिया, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के करीबी विश्वासपात्र हैं, ने गुजरात की मतदाता सूची से अपना नाम हटाकर बिहार में मतदाता के रूप में पंजीकरण करा लिया है। तेजस्वी यादव ने लिखा कि यह भीखू भाई दलसानिया जी हैं। वे गुजरात के निवासी हैं। वे बिहार भाजपा के प्रदेश संगठन महासचिव हैं। वे प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के करीबी विश्वासपात्र हैं। उन्हें भाजपा के विशेष बिहार प्रोजेक्ट का काम सौंपा गया है। यादव ने दावा किया कि दलसानिया पहले अमित शाह के गांधीनगर निर्वाचन क्षेत्र में मतदान करते थे और बिहार चुनाव के बाद किसी अन्य राज्य में पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह जी के लोकसभा क्षेत्र गांधीनगर में मतदान किया था। अब, बिहार विधानसभा चुनाव नज़दीक आते ही, उन्होंने गुजरात की मतदाता सूची से अपना नाम हटा लिया है और बिहार में मतदाता बन गए हैं। बिहार चुनाव समाप्त होने के बाद, वह संभवतः किसी अन्य राज्य में मतदाता बन जाएँगे। उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि वे पाँच वर्षों में कितनी बार और कितने राज्यों में मतदान करते हैं। यादव के अनुसार, बिहार की मतदाता सूची में दलसानिया का कोई पता या मकान नंबर नहीं है, और उनका नाम हिंदी के बजाय गुजराती भाषा में है।



### बिहार में मतदाता सूची में गुजराती में नाम दर्ज

बिहार की मतदाता सूची में उनका नाम हिंदी में नहीं, बल्कि गुजराती भाषा में लिखा है, ताकि कोई भी हिंदी भाषी इसे पढ़ न सके। चुनाव आयोग की महानता असीम है, लेकिन इस बार हम हर विवरण पर कड़ी नज़र रख रहे हैं। हम बिहार में चुनाव आयोग की वोट चोरी को सफल नहीं होने देंगे। इससे पहले आज, यादव ने आरोप लगाया कि भारत का चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को दो मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर जारी करके बिहार में मतदाता सूची में हेरफेर कर रहा है। पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए यादव ने कहा, "पहले हमने बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा के बारे में बात की थी। अब आप इसे अपराध कहें, गलती कहें या पर्दाफ़ाश, हमने पहले भी कहा था, लेकिन आज मैं आपको बताना चाहता हूँ कि चुनाव आयोग भाजपा की मदद कर रहा है और विपक्ष के वोट काट रहा है।

# थोड़ी सी बारिश में भी फिसलन भरा बन जाता है पदारथडीह-राजनडीह संपर्क मार्ग

● आवागमन में उठानी पड़ती है लोगो को परेशानी

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पदारथडीह-राजनडीह संपर्क मार्ग पर थोड़ी सी बारिश में भी फिसलन पैदा हो जाती है। दरअसल, कादलकर्मी-दंगवार वाया जपला मुख्य पथ से पठारी गांवों के संपर्क का रास्ता दायीं मुख्य नहर के किनारे से पदारथडीह होकर काशीस्त्रोत पुल के नीचे गुजरता है। जो राजनडीह गांव को जोड़ता है। जहां से महुडंड मुख्य पथ के माध्यम से पठारी गांवों तक पहुंचा जा सकता है। इसी रास्ते में रेलवे क्षेत्र में पड़ने वाला भाग कच्चा है। जबकि उन गांवों तक जाने यह भी एक महत्वपूर्ण माध्यम है। जो थोड़ी सी बारिश में भी फिसलन भरा बन जाता है। इस प्रकार इससे होकर काशीस्त्रोत पुल के नीचे के रास्ते से आवागमन जोखिम भरा बन जाता है।

### नहीं बना अंडरपास ब्रिज, पुलिया बाढ़ में बह गई

बताया जाता है कि थर्ड लाइन विस्तारीकरण के प्रारंभ में ही पदारथडीह-राजनडीह के समीप महुडंड मुख्य पथ पर सहज और सुलभ तरीके से पहुंचने के लिए ग्रामीणों ने अंडरपास ब्रिज निर्माण की मांग की थी। जिसके प्रति अनसुनी कर दी गई। जबकि ऐसा होने से ग्रामीण निर्विघ्न रूप से आवागमन कर रहे होते। मगर ऐसा नहीं हुआ। वहीं, रामनगर-राजनडीह के बीच की कच्ची सड़क में राजबारा नदी पर बनी पुलिया भी इस बार की बाढ में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। ऐसे में महुडंड मुख्य पथ के गांवों तक पहुंच का दूसरा रास्ता भी पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। ऐसे में देश की आजादी के वर्षों बाद भी मोहम्मदगंज, कादलकुर्मी और महुडंड पंचायत के दर्जनाधिक गांवों तक आवागमन सुगम नहीं बन पाने का ग्रामीणों को मलाल है।

## खुटिया गांव के चिकित्सक दुर्योधन साव की सड़क हादसे में मौत

नवीन मेल संवाददाता



**धुरकी।** धुरकी थाना क्षेत्र के खुटिया गांव में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। गांव के निवासी दुर्योधन साव, जो पेशे से चिकित्सक थे और छत्तीसगढ़ के खरवां में रहकर मरीजों का इलाज करते थे, की अचानक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अहले सुबह दुर्योधन साव किसी मरीज का इलाज करने के लिए निकल रहे थे। इसी दौरान रास्ते में किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनका सिर गंभीर रूप से फट गया और वे मौके पर ही गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत वाड्राफनगर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें भर्ती कर इलाज शुरू किया। लेकिन गंभीर चोट और अत्यधिक खून बह जाने के कारण इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही उनके बेटे बिपिन गुप्ता, आनंद गुप्ता और लवकुश गुप्ता समेत परिवार के अन्य सदस्य घटना स्थल और अस्पताल पहुंचे। इस दर्दनाक घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक का पार्थिव शरीर पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक गांव खुटिया लाया जा रहा है, जहां अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही है। स्थानीय लोग और रिश्तेदार लगातार उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं।

## झारखंड के शिल्पकार को हमेशा याद किया जाएगा : रामाशीष यादव



नवीन मेल संवाददाता

**ऊंटारी रोड़।** यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सह वरिष्ठ भाजपा नेता रामाशीष यादव ने रामगढ जिले के नेमरा गांव में पहुँचकर झारखंड राज्य के शिल्पकार एवं पुर्व मुख्यमंत्री दिसोम गुरूशिबू सोरेन जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की! रामाशीष यादव ने उनके पुत्र तथा वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी से आत्मीय मुलाकात कर आदरणीय दिसोम गुरू शिबू सोरेन जी को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके त्याग, संघर्ष और जन सेवा को नमन किया। श्री यादव ने कहा कि दिसोम गुरूजी का संपूर्ण जीवन समाज और झारखंड की अस्मिता की रक्षा के लिए समर्पित रहा है।उनके योगदान को झारखंड की जनता हमेशा याद रखेगी।

### 'कॉफी विद एसडीएम' में गोताखोरों के साथ संवाद, एसडीएम ने कहा

# जलीय आपदाओं से निपटने के लिए कुशल 'जल रक्षकों' की टीम जरूरी

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफ़ी विद एसडीएम' में बुधवार को क्षेत्र भर के गोताखोरों के साथ उनकी सौहार्दपूर्ण बैठक हुयी। इस दौरान न केवल क्षेत्र के गोताखोरों की निजी समस्याओं को सुना गया बल्कि नदियों एवं जलाशयों में होने वाली आकस्मिक घटनाओं पर त्वरित बचाव कार्य, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता तथा गोताखोरों के प्रशिक्षण से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई। एसडीएम के निमंत्रण पर इस संवाद कार्यक्रम में क्षेत्र के 26 जल-रक्षकों (गोताखोरों) ने हिस्सा लिया। एसडीएम ने कहा कि बरसात के मौसम में जल स्तर बढ़ने से डूबने की घटनाओं में इज़ाफ़ा होता है, ऐसे में गोताखोरों की भूमिका जीवनरक्षक के रूप में अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने सभी गोताखोरों से खुद भी सतर्क रहने, बचाव के लिए सदैव तैयार रहने और जलाशयों में किसी आपदा की स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचना देने का आग्रह किया। एसडीएम ने गोताखोरों को "जल रक्षक" का विशेषण देते हुये उनकी चुनौती पूर्ण भूमिकाओं की सराहना की। बैठक में गोताखोरों ने अपने अनुभव साझा किए और बचाव कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने अपने सुझाव भी दिए। ज्यादातर गोताखोरों ने कहा कि वे मछली पकड़ने के क्रम में कुशल गोताखोर बन गए हैं, किंतु उनके पास गोताखोरी से संबंधित तकनीकी चीजों की कमी है, यहां तक कि कई बार उनके पास रस्सी और जाल भी अच्छी गुणवत्ता का नहीं मिल पाता है। उन्होंने लाइफ जैकेट, ऑक्सीजन किट, 8 इंच खानेदार जाल आदि उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। संवाद में इस बात का जोर दिया गया कि किसी जलीय आपदा के बाद तात्कालिक रूप से क्या-क्या प्राथमिक चिकित्सा से जुड़े उपाय किए जा सकते हैं इस पर उन्हें एक अनौपचारिक प्रशिक्षण दिया जाए। एसडीएम ने आश्वस्त किया कि वे जल्द ही स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर सभी गोताखोरों के लिए "लाइफ सेविंग" पर एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित करवायेंगे, जिसमें डूबे हुए व्यक्ति की जीवन रक्षा के लिए तात्कालिक मानवीय उपाय जैसे माउथ ब्रीदिंग, सीपीआर आदि शामिल रहेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र के अच्छे गोताखोरों की सूची मत्स्य विभाग के समन्वय से तैयार करवाएंगे, उनमें से कुछ उत्कृष्ट गोताखोरों को मानदेय या पारिश्रमिक के आधार पर कैसे अनुमंडल स्तर की आपदा प्रबंधन टीम से जोड़ा जाए इन विकल्पों पर भी जल्द ही कोई उपाय निकालेंगे। पिछले दिनों कोयल नदी में अचानक बाढ़ आने के बाद टापू में फंसे एक दिव्यांग युवक को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर रेस्क्यू अभियान में जुटे रहने वाले गोताखोर सोनू कुमार को एसडीएम संजय कुमार ने शाल ओढ़ाकर एवं पुरस्कार राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया। इसी प्रकार हाल ही में अन्नराज डैम में डूबे सहीजना के युवक का शव 30 फीट गहरे पानी से निकाल लाने वाले गोताखोर करीमन चौधरी को शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। कुछ गोताखोरों द्वारा बताया गया कि वे विभिन्न जगहों पर रेस्क्यू करने के लिए जाते हैं किंतु रेस्क्यू हो जाने के उपरांत प्रायः ऐसी स्थिति आ जाती है कि उन्हें पुरस्कार तो दूर की बात उन्हें न तो वापस लौटने के लिए वाहन मिलता है और न ही आने जाने का किराया। इसके चलते हैं उनमें पहल करने की अभिरुचि खत्म होती जा रही है। हालांकि एसडीएम द्वारा बुलाए जाने पर वे लोग काफी उत्साहित दिखे, उन सभी ने बताया कि यह पहली बार है कि जब किसी प्रशासनिक पदाधिकारी ने उन्हें यह सम्मान देकर अपने यहां बुलाया और उनके महत्व को समझा है, इससे उनका उत्साह और मनोबल बढ़ा है। संवाद के दौरान सुझाव आया कि जिले भर के गोताखोरों का डेटाबेस बनाकर क्षेत्र को अलग-अलग जोन में विभाजित कर हर जोन में निकटवर्ती गोताखोरों को टैग किया जाए ताकि किसी जलाशय, जल स्रोत या इलाके में कोई जल दुर्घटना होती है तो संबंधित पदाधिकारियों को पता चल सके कि इस क्षेत्र के लिए सक्रिय गोताखोर कौन कौन हैं।

अंत में एसडीएम संजय कुमार ने सभी जल रक्षकों (गोताखोरों) की आपदा प्रबंधन में उपयोगिता एवं महत्व को रेखांकित करते हुए उनसे जीवन रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का अनुरोध किया एवं सम्मान स्वरूप सभी को अंग वस्त्र प्रदान कर उनके कार्य के प्रति आदर प्रकट किया।



### गोताखोरों के नाम नंबर प्रचारित प्रसारित करने का निर्णय

एसडीएम ने सभी गोताखोरों से अनुरोध किया कि यदि उनकी सहमति होगी तो वे क्षेत्र भर के गोताखोरों के नंबर मीडिया और सोशल मीडिया आदि के माध्यम से आम लोगों के बीच प्रसारित करना चाहते हैं ताकि किसी आपदा की स्थिति में स्थानीय लोग खुद भी कुशल गोताखोर की त्वरित सेवा ले सकें। उन्होंने कहा की जोरदार सूची बनने की उपरांत लिखित सहमति मिलने पर सभी के नाम नंबर सार्वजनिक कर दिए जायेंगे।

## कांग्रेस का चुनाव आयोग के खिलाफ पुतला दहन



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** खरौंधी बाजार में मंगलवार शाम कांग्रेस प्रखंड इकाई ने वोट चोरी के आरोप में भारत के चुनाव आयोग का पुतला दहन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व कांग्रेस गढ़वा जिला प्रवक्ता राहुल दुबे ने किया। शाम करीब 5 बजे पूर्व कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता बाजार में एकत्र हुए और जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए नावाडीह मोड़ तक पहुंचे। इसके बाद पुनः बाजार लौटकर चुनाव आयोग का पुतला जलाया गया।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने "वोट चोरी बंद करो", "चुनाव आयोग मुर्दाबाद", "लोकतंत्र की हत्या बंद करो" और "संविधान की हत्या बंद करो" जैसे नारे लगाए। राहुल दुबे ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी कर लोकतंत्र की हत्या कर रहा है और केन्द्र की मोदी सरकार का एजेंट बनकर जनता के संवैधानिक अधिकार छीनने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने मांग की कि वोट चोरी और लोकतंत्र की हत्या में शामिल चुनाव आयोग को गिरफ्तार किया जाए, अन्यथा पूरे देश में कांग्रेस आंदोलन करेगी।पुतला दहन कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष नवल किशोर यादव, उपाध्यक्ष राजेश्वर राम, रवि ठाकुर, महासचिव रविशंकर रजक, केतार प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह खरवार समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बनने के 5 वर्षों बाद भी उपयोगी नहीं बन सका कोल्ड स्टोर

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय साप्ताहिक बाजार प्रांगण में बना कोल्ड स्टोर 5 वर्ष में भी किसानों और व्यापारियों के लिए उपयोगी नहीं बन हो सका है। बताया जाता है कि इसके चालू होने के बाद इसमें भंडारण की क्षमता 30 मीट्रिक टन की होगी। ऊर्जा की वैकल्पिक व्यवस्था से भी इसका संचालन होगा। जिससे बिजली नहीं रहने पर भी इसका निर्बाध रूप से संचालन होता रहेगा। इसके लिए भवन निर्माण के साथ ही जेनरेटर का साधन भी मुकम्मल कर दिया गया है। किसानों और व्यापारियों का कहना है कि जब इसका निर्माण किया जा रहा था, तब उन्हें विभिन्न प्रकार के कच्चे माल के इसमें स्टोरेज को लेकर उम्मीद जगी थी। जो अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। इसका उन्हें मलाल है। इसका निर्माण पूरा कराकर इसे यूंही लावारिस हालत में छोड़ दिया गया है। इससे इसके निर्माण के औचित्य पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। स्थानीय स्तर पर विभागीय अधिकारी भी इसके बारे में अनभिज्ञता जाहिर करते हैं। जबकि कृषि एवं सहकारिता विभाग के तहत इस कोल्ड स्टोर के निर्माण कराया गया है। किसानों एवं व्यापारियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी रणवीर कुमार से इस कोल्ड स्टोर को चालू कराने की दिशा में कारगर कदम उठाने की मांग की है।

## पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में मनाया गया विश्व हाथी दिवस

● विश्व हाथी दिवस पर सम्मानित किए गए पीटीआर के महावत इमामुद्दीन

नवीन मेल संवाददाता




**बेतला।** विश्व हाथी दिवस के अवसर पर मंगलवार को पलामू टाइगर रिजर्व में कार्यरत महावतों को पीटीआर प्रबंधन के द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही पलामू में कार्यरत संस्था मासूम आर्ट ग्रुप व दिल्ली में कार्यरत संस्था सुनेय फाउंडेशन द्वारा पीटीआर के पूर्व निदेशक पद्मश्री पीके सेन की याद में पलामू के सबसे पुराने महावत इमामुद्दीन को श्रेष्ठ महावत सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। उन्हे 10000 रुपए, अंगवस्त्र व उपहार दिए गए। वही कुटमू स्थित आदिम जनजाति विद्यालय की छात्राओं के बीच हाथी के बारे में जानकारी दी गई। वही पीटीआर के उत्तरी प्रमंडल के उप निदेशक प्रजेश कांत जेना ने कहा कि हाथी पीटीआर के जंगल के लिए एक अहम जानवर है। इसका संरक्षण जरूरी है। हाथियों के बिना पीटीआर का जंगल अधूरा है। वर्तमान समय मे हाथी और इंसान के संघर्ष की स्थिति सभी जगह है पर पीटीआर में यह स्थिति नियंत्रण में है। फिर भी ऐसी घटनाए शून्य हो इसकी तैयारी की जा रही है। बच्चो के बीच इसे लेकर जानकारी देना सबसे महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मासूम आर्ट ग्रुप के सचिव सैकत चटर्जी ने कहा कि इमामुद्दीन सिर्फ एक महावत ही नही थे वे एक चलता फिरता इनसाइक्लोपीडिया है जिन्हे बेतला के वन्य प्राणी व जंगल की गहरी जानकारी है। उनके सेवा व समर्पण के लिए उन्हे सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि इमामुद्दीन को सम्मानित करने में सुनेय फाउंडेशन की रिचा सेन ने अग्रणी भूमिका निभाई। इस अवसर पर पीटीआर प्रबंधन ने कार्यरत महावत रघुनाथ परहिया, रामप्रसाद सिंह, जोहा मियां, सतेंद्र सिंह, नीरेंद्र भुइया, संजय यादव को सम्मानित किया गया। बेतला के पालतू हाथी जूही, मुर्गेश, सीता व राखी को भी फल खिलाया गया। बच्चो को उनके बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन वनकर्मी निरंजन कुमार ने किया। इस अवसर पर वनकर्मी संतोष कुमार सिंह, रामकुमार देवपाल भगत, धीरज कुमार, सुभाष कुमार, प्रवीण कुमार, गुलशन सुरीन आदि सक्रिय थे।

## मादक द्रव्य मानवता के लिए जहर : अभिषेक कुमार तिवारी

● शराब शरीर और समाज पर डालती है प्रतिकूल प्रभाव-प्रशिक्षक

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** जिला दंडाधिकारी एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी पलामू के निर्देशानुसार राजकीयकृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय, सतबरवा में बुधवार को मादक द्रव्य एवं नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मादक पदार्थ के जिला प्रशिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी और दिलीप प्रसाद ने कहा कि तंबाकू, सिगरेट, पान मसाला, शराब, चरस, गांजा, अफीम जैसे नशे न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य बल्कि समाज की संरचना को भी नष्ट करते हैं। इनके रोकथाम में विद्यार्थी समाज में सर्वश्रेष्ठ भूमिका निभा सकते हैं।कार्यक्रम में नशीले पदार्थों की तस्करी और अफीम की खेती की रोकथाम, साथ ही समाज और परिवार में जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। अंत में शिक्षक व विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली और 'नशा मुक्त भारत अभियान' एप के माध्यम से ऑनलाइन प्रमाणपत्र प्राप्त किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अविनाश चौधरी, दिलीप प्रसाद, रवि रंजन कुमार, राम रक्षा प्रसाद, सत्य प्रकाश शर्मा, मुकेश तिवारी, राहुल जायसवाल, सुबोध कुमार, नरेंद्र राम, विश्वजीत पासवान, मेघा कुमारी सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### गांव का विकास...

परछाई के रूप में भी देखते हैं। चाहे ग्रामीण इलाकों का दौरा हो, गरीब और वंचितों की समस्याएं सुनना हो या जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाना, हर कार्य में गुरुजी की सोच और आदर्श साफ झलकते हैं। जनसेवा, सरल स्वभाव और लोगों से गहरे जुड़ाव की वही विरासत, जिसे गुरुजी ने दशकों तक निभाया, आज मुख्यमंत्री अपने कार्यों से आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व में वही सादगी, वही संघर्ष और वही अटूट समर्पण झलकता है, जिसने गुरुजी को लोगों के दिलों में अमर कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके जीवन का हर कदम पिता की सीख और आशीर्वाद से प्रेरित है। 'गुरुजी ने सिखाया कि राजनीति का अर्थ केवल सत्ता नहीं, बल्कि जनता की सेवा और अधिकारों की रक्षा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जल, जंगल और जमीन राज्य की पहचान और अस्तित्व का आधार हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार इन तीनों संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन को अपनी प्राथमिकता में रखकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह केवल प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा का विषय नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और समृद्ध झारखंड बनाने का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की संस्कृति, परंपरा और आजीविका जल, जंगल और जमीन से अभिन्न रूप से जुड़ी है। यही कारण है कि राज्य सरकार जल संरक्षण, वनों की रक्षा और भूमि अधिकार सुनिश्चित करने के लिए कई योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की असली पहचान उसकी प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक धरोहर है। सरकार जल संरक्षण, वन संरक्षण और भूमि अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह धरती हरी-भरी और जीवनदायी बनी रहे।

### लाखों की भीड़...

लौटने के क्रम में दोपहर बाद भी नेमरा जाने वाले वाहनों की कतार लगी हुई थी। नेमरा के लोगों ने बताया कि सुबह से ही भीड़ लगनी शुरू हो जाती है। गुरुजी के आवास से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर लगभग 200 गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। दो किलोमीटर पहले ही बहुत बड़े पार्किंग स्थल की तैयारी चल रही थी, जहां हजारों वाहन पार्क किए जा सकते हैं। रास्ते भर वर्दीधारी पुलिसकर्मियों को तैनात देखा गया, जो आने-जाने वाले लोगों को गाइड कर रहे थे। कहीं-कहीं गुरुजी अमर रहे के नारे लग रहे थे।

### सीसीआई के गवर्निंग...

खड़गे भी मतदान के लिए उपस्थित रहे। डॉ प्रदीप कुमार वर्मा की जीत में झारखंड के सभी वर्तमान एवं पूर्व सांसदों ने एकजुटता दिखाते हुए उनका समर्थन किया। इस अवसर पर झारखंड भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अजय राय ने उन्हें बधाई देते हुए कहा, डॉ प्रदीप कुमार वर्मा का इस महत्वपूर्ण पद पर चुना जाना झारखंड के लिए गर्व का विषय है। यह न केवल राज्य की प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला क्षण है, बल्कि इससे झारखंड की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती मिलेगी। ज्ञात हो कि वर्ष 1947 में स्थापित यह क्लब देश के सांसदों एवं पूर्व सांसदों के लिए एक महत्वपूर्ण सामाजिक और राजनीतिक मंच है।

### गोइलकेरा में पुलिस...

इलाकों में पिछले कुछ समय से पुलिस का सघन अभियान जारी है। खासकर, सारंडा और आसपास के जंगलों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। हाल के दिनों में पुलिस ने कई नक्सली बंकर ध्वस्त किए हैं और बड़ी संख्या में आईईडी व हथियार बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अभियान का मकसद क्षेत्र को पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाना है। आईजी अभियान ने दावा किया कि सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है और जल्द ही इस इलाके में नक्सली गतिविधियों का पूरी तरह अंत हो जाएगा। राज्य में इस वर्ष पुलिस के साथ मुठभेड़ की अलग-अलग घटनाओं में अब तक 23 नक्सली मारे जा चुके हैं। अप्रैल महीने में बोकारो जिले के लुगू पहाड़ी इलाके में एक करोड़ के इनामी प्रयाग मांझी उर्फ विवेक सहित आठ नक्सली एनकाउंटर में मारे गए थे।

**राष्ट्रीय खेल** | जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन, बोले कैसर राजा

# जिले में हॉकी खेल को आगे बढ़ाने में विभाग करेगा मदद

● हॉकी खेल के प्रोत्साहन के लिए प्रत्येक प्रखंड में खेल मैदान का होना आवश्यक : बृज कुमार

नवीन मेल संवाददाता




### विजेताओं को मेडल ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित

प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर राजा ने अंडर 17 बालक एवं बालिका वर्ग के विजेता उप विजेता टीम को मेडल ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मोके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, एडमोन कच्छप, कार्यक्रम प्रबंधक कविता कुमारी, संकुल साधन सेवी सह मीडिया प्रभारी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, जिला सहायक रविंद्र कुमार चौबे शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार तिवारी, आलोक कुमार, अजय कांत, शमशाद आलम, अनुराग गिरी, रोशनदीप टोप्पो, रजनीश कुमार, आनंद सिन्हा, पंकज सोनी जय मंती पाना सहित सभी लोग उपस्थित थे।

**गढ़वा।** राजकीय कृत रामासाहू सी.एम. उत्कृष्ट विद्यालय ,स्टेडियम गढ़वा में जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का जिला स्तरीय अंडर -17 बालक एवं बालिका वर्ग का मैच आयोजित की गई। झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत आयोजित इस मैच का शुभारंभ सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार, गढ़वा थाना प्रभारी बृज कुमार ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर राजा ने कहा कि शिक्षा विभाग खेल के प्रति काफी गंभीर है एवं विशेष कर नेशनल गेम होने के नाते हॉकी खेल को जिला में बढ़ावा देने के लिए शिक्षा विभाग हरसंभव मदद करने को तैयार हैं उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों में बढ़ावा देने को उद्देश्य से बच्चों को खेल सुविधा देते हुए बच्चों के प्रतिभा को निखारा जाएगा। गढ़वा थाना प्रभारी बृज कुमार ने कहा कि हॉकी खेल के प्रोत्साहन के लिए गढ़वा जिला के प्रत्येक प्रखंड में खेल मैदान एवं बच्चों को आवश्यक खेल किट मुहैया कराने की आवश्यकता है उसके बाद निश्चित रूप से गढ़वा के प्रतिभावान बच्चे इस खेल में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। एपीओ कुलदीपक अग्रवाल ने कहा कि हॉकी के क्षेत्र में गढ़वा जिला आगे बढ़ रहे हैं। जिसका परिणाम है कि यहां के बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने रांची जा रहे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभ कामनाएं दी। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने कहा कि हॉकी एक राष्ट्रीय खेल है एवं विश्व में हॉकी खेल भारत वर्ल्ड चैंपियन रहा है गढ़वा जिला में भी प्रतिभा की कमी नहीं है बच्चों को आत्म विश्वास के साथ प्रेक्टिस करने की आवश्यकता है निश्चित रूप से गढ़वा जिला भी हॉकी खेल के क्षेत्र में राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर भी बेहतर करेगा ऐसी पूर्ण संभावना है।

अंडर- 17 बालक वर्ग में रामासाहू सी.एम. उत्कृष्ट विद्यालय गढ़वा की टीम ने संत जोसेफ उच्च विद्यालय बिश्रामपुर को 1-0 से हराकर विजेता बनी वही अंडर -17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गढ़वा की टीम ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रमना को 2-0 से हराकर विजेता बनी। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर राजा ने अंडर 17 बालक एवं बालिका वर्ग के विजेता उप विजेता टीम को मेडल ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मोके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, एडमोन कच्छप, कार्यक्रम प्रबंधक कविता कुमारी, संकुल साधन सेवी सह मीडिया प्रभारी देवेंद्र नाथ उपाध्याय, जिला सहायक रविंद्र कुमार चौबे शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार तिवारी, आलोक कुमार, अजय कांत, शमशाद आलम, अनुराग गिरी, रोशनदीप टोप्पो, रजनीश कुमार, आनंद सिन्हा, पंकज सोनी जय मंती पाना, शोभा कुमारी, उषा कुमारी, उपेंद्र राम सहित सभी लोग उपस्थित थे।

# भारत और सिंगापुर के बीच तीसरी मंत्री स्तरीय बैठक...

## व्यापक रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर जोर



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत और सिंगापुर ने बुधवार को नई दिल्ली में तीसरी मंत्री स्तरीय बैठक (इंडिया-सिंगापुर मिनिस्टीरियल राउंडटेबल - आईएसएमआर) आयोजित की, जिसमें डिजिटलाइजेशन, कौशल विकास, स्थिरता, स्वास्थ्य सेवा, कनेक्टिविटी और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग के छह स्तंभों के तहत द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा हुई। बैठक में भारतीय पक्ष का नेतृत्व विदेश मंत्री एस. जयशंकर, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने किया। सिंगापुर की ओर से उप प्रधानमंत्री गैन किम योंग, राष्ट्रीय सुरक्षा और गृह मामलों के समन्वय मंत्री के. शन्मुगम, विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन, डिजिटल डेवलपमेंट एवं सूचना मंत्री जोसेफिन टियो, मानव संसाधन मंत्री टैन सी लेंग और परिवहन के कार्यवाहक मंत्री जेफ्री सियाओ शामिल हुए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सिंगापुर के मंत्रियों का भारत-सिंगापुर व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि आईएसएमआर ने इंडिया-सिंगापुर बिजनेस राउंडटेबल के साथ उपयोगी बातचीत की और कहा कि सरकार और उद्योग के बीच तालमेल द्विपक्षीय संबंधों के अगले चरण को खोलने की कुंजी है।

मंगलवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने सिंगापुर के मंत्रीस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नई दिल्ली में स्वागत किया था। उन्होंने कहा कि आईएसएमआर, एक अनूठा तंत्र है, जो भारत-सिंगापुर व्यापक रणनीतिक साझेदारी को निरंतर मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सितंबर 2024 की सिंगापुर यात्रा के दौरान भारत-सिंगापुर संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाया गया था। साझा इतिहास, भरोसे और आपसी सम्मान पर आधारित मित्रता तथा विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सहयोग ने दोनों देशों के रिश्तों को वर्षों में और गहरा व विविधतापूर्ण बनाया है। आईएसएमआर की परिकल्पना प्रधानमंत्री मोदी ने की थी। इसकी पहली बैठक सितंबर 2022 में नई दिल्ली में हुई थी, जबकि दूसरी बैठक अगस्त 2024 में सिंगापुर में आयोजित की गई थी।

### सिंगापुर प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत

- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने सिंगापुर के मंत्रीस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नई दिल्ली में स्वागत किया।
- आईएसएमआर को भारत-सिंगापुर व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने वाला अनूठा तंत्र बताया।

### भारत-सिंगापुर संबंधों का विकास

- पीएम की सितंबर 2024 की सिंगापुर यात्रा में रिश्तों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जाया गया।

## यमन के हूती ग्रुप का दावा चार इजरायली शहरों पर ड्रोन हमले किए



**सना (आईएएनएस)।** यमन के हूती समूह ने बताया है कि इजरायल के शहरों हाइफा, नेगेव, इलियट और बीर शेवा को निशाना बनाकर चार ड्रोन हमले किए गए। याह्या सरिया, हूती समूह के सैन्य प्रवक्ता, ने अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित बयान में दावा किया कि छह ड्रोनों से किए गए हमलों ने अपने उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया। सरिया ने कहा कि ये हमले इजरायल द्वारा "नरसंहार, भुखमरी और विस्थापन के माध्यम से फ़िलिस्तीनी हितों को खत्म करने की योजना" के जवाब में किए गए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक "गाजा पट्टी पर आक्रमण बंद नहीं हो जाता और नाकाबंदी नहीं हट जाती, तब तक इजरायल पर हमले जारी रहेंगे। समूह के कथित हमलों के बारे में इजरायल की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

## बलूच नेता तारा चंद ने मुनीर को बताया फर्जी फील्ड मार्शल, परमाणु धमकी की निंदा की



**वाशिंगटन (आईएएनएस)।** बलूच अमेरिकन कांग्रेस के अध्यक्ष तारा चंद ने बुधवार को पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर की परमाणु धमकी की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें "फर्जी फील्ड मार्शल" और "इंसानों का दुश्मन" करार दिया। तारा चंद ने कहा कि अमेरिका दौरे के दौरान मुनीर ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान कभी भी भारत को सिंधु नदी को रोकने की अनुमति नहीं देगा और अपने जल अधिकारों की रक्षा के लिए भारत द्वारा बनाए जाने वाले किसी भी बांध को नष्ट कर देगा। तारा चंद ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, "पाकिस्तान का फर्जी फील्ड मार्शल असीम मुनीर, जिसने अमेरिका में धमकी दी कि वह भारत और दुनिया को अपने परमाणु बमों से तबाह कर देगा, उसे शर्म आनी चाहिए।

# योगी सरकार के 'बांके बिहारी मंदिर' अध्यादेश के प्रमुख प्रावधान

## मंदिर का संचालन स्वामी हरिदास परंपरा के अनुसार होगा



**नवेन्दु सिंह**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने विधानसभा में श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास से संबंधित अध्यादेश पेश किया है। इस अध्यादेश के तहत मंदिर के लिए एक न्यास का गठन किया जाएगा, जो चढ़ावे से लेकर मंदिर की चल-अचल संपत्तियों तक का प्रबंधन करेगा। न्यास का गठन और मंदिर का संचालन स्वामी हरिदास परंपरा के अनुसार होगा।

### न्यास की जिम्मेदारियां

***अध्यादेश के अनुसार, न्यास निम्नलिखित कार्यों का प्रबंधन करेगा***

- **दर्शन का समय :** न्यास दर्शन का समय निर्धारित करेगा।
- **पुजारी प्रबंधन :** पुजारियों की नियुक्ति, वेतन और भत्तों की व्यवस्था।
- **सुरक्षा और प्रशासन :** भक्तों की सुरक्षा, मंदिर का प्रभावी प्रबंधन और प्रशासन।

### न्यास के अंतर्गत शामिल संपत्ति

***न्यास मंदिर की सभी संपत्तियों का प्रबंधन करेगा, जिनमें शामिल हैं:***

- मंदिर में स्थापित मूर्तियां और परिसर।
- भक्तों द्वारा चढ़ाए गए उपहार, नकद, आभूषण, अनुदान, हुंडी संग्रह, और डाक/तार से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट या चेक।
- पूजा, कर्मकांड, समारोह और धार्मिक अनुष्ठानों के लिए दी गई संपत्ति।
- मंदिर की सभी चल और अचल संपत्तियां।

### श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं

***अध्यादेश का लक्ष्य श्रद्धालुओं को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। इसके लिए निम्नलिखित व्यवस्था विकसित की जाएंगी:***

- प्रसाद वितरण और कतार प्रबंधन।
- वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए अलग दर्शन मार्ग।
- पेयजल, विश्राम के लिए बेंच, गौशालाएं, अन्नक्षेत्र, रसोईघर, होटल, सराय, प्रदर्शनी कक्ष, भोजनालय और वेटिंग रूम।

### न्यास की संरचना

***न्यास में कुल 18 सदस्य होंगे, जिनमें शामिल हैं:***

- **11 मनोनीत सदस्य :** वैष्णव परंपराओं, संप्रदायों या पीठों से 3 प्रतिष्ठित सदस्य।
- सनातन धर्म की किसी भी शाखा/संप्रदाय से 3 सदस्य।
- गोस्वामी परंपरा से 2 सदस्य (स्वामी हरिदास के वंशज: एक राज-भोग और एक शयन-भोग सेवादार)।
- 3 अन्य सनातनी हिंदू सदस्य।
- इनका कार्यकाल 3 वर्ष होगा।

### 7 पदेन सदस्य

- मथुरा के जिला मजिस्ट्रेट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर निगम आयुक्त।
- उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ।
- बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट के सीईओ।
- राज्य सरकार का नामित प्रतिनिधि।
- यदि कोई पदेन सदस्य सनातन धर्म को नहीं मानता, तो उनकी जगह अन्य अधिकारी मनोनीत किया जाएगा।

## सभी सेक्टर में लागू करने की है तैयारी

# ओबीसी वर्ग के क्रीमी लेयर को ले आ सकता है प्रस्ताव

## केवल 8 लाख रु. से कम आय वालों को मिलेगा आरक्षण का लाभ



सालाना आय 8 लाख रु. से ज्यादा वाले 'क्रीमी लेयर' में

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ओबीसी के लिए 'क्रीमी लेयर' की सर्वमान्य सीमा तय करने की तैयारी कर ली है। यह केंद्र व राज्य सरकार के अलग-अलग विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों पीएसयू, विश्वविद्यालयों तथा निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के बीच 'बराबरी' लाने के उद्देश्य से हो रहा है। इसके लिए एक प्रस्ताव केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय, अन्य मंत्रालयों व राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) से बात करके तैयार किया गया है। सरकार के अनुसार इससे ओबीसी वर्ग में ज्यादा लोगों को मौके मिलेंगे, उनके लिए रोजगार के मौके बढ़ेंगे । मालूम हो कि 1992 में सर्वोच्च न्यायालय ने इंदिरा साहनी बनाम भारत सरकार के मामले में एक ऐतिहासिक फैसला दिया था, जिसे 'मंडल फैसले' के नाम से भी जाना जाता है। इस फैसले के बाद ही ओबीसी के भीतर 'क्रीमी लेयर' की व्यवस्था को जोड़ा गया था। सरकारी नौकरियां न करने वालों के लिए 'क्रीमी लेयर' का मानदंड 1993 में 1 लाख रुपये प्रति वर्ष निर्धारित किया गया था , 2004, 2008 व 2013 में इसमें संशोधन किया गया। 2017 में इस सीमा को 8 लाख रुपये प्रतिवर्ष कर दिया गया और तब से अब तक यह इतनी ही है। ओबीसी के बीच 'क्रीमी लेयर' को लेकर कुछ विशेष समूह आते हैं। जैसे- संवैधानिक पदों पर काम कर रहे लोग जिनमें – ऑल इंडिया सर्विसेज, केंद्रीय व राज्य सेवा में काम करने वाले ग्रुप- ए ,क्लास -1 के ऑफिसर्स, केंद्र व राज्य के ग्रुप- बी ,क्लास -2 के कर्मचारी, सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारी; सशस्त्र बलों के ऑफिसर; पेशेवर, व्यापार और उद्योग से जुड़े लोग; संपत्तियों के मालिक और ऐसे लोग जो आय/संपत्ति परीक्षण के दायरे में आते हैं। 2017 में कुछ केंद्रीय पीएसयू में 'बराबरी' तय करने को लेकर फैसला लिया गया था लेकिन उस समय प्राइवेट सेक्टर के साथ-साथ विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में ऐसा नहीं हो पाया। मालूम हो कि मंडल आयोग की सिफारिश के आधार पर ओबीसी में आने वाले 'नॉन क्रीमी लेयर' को केंद्र सरकार की नौकरियों में और शैक्षणिक संस्थानों में दाखिलों में 27 %आरक्षण दिया जाता है। राज्य सरकार में यह आरक्षण अलग-अलग होता है और इस वजह से ओबीसी का जाति सर्टिफिकेट जारी करने में मुश्किल आती है। इस बारे में द इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि विश्वविद्यालयों के असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और प्रोफेसरों का वेतन लेवल 10 या इससे ऊपर से शुरू होती है और यह सरकार में ग्रुप -ए के पद या उससे ज्यादा है। सरकार की ओर से तैयार किए गए प्रस्ताव में कहा गया है कि इन्हें 'क्रीमी लेयर' माना जाए।मतलब यह है कि उनके बच्चों को ओबीसी आरक्षण का लाभ न मिले। प्राइवेट सेक्टर में पद व सैलरी को लेकर पैमाने अलग-अलग हैं , और वहां पर इस तरह की 'बराबरी' को स्थापित कर पाना मुश्किल है। इसलिए प्रस्ताव में कहा गया है कि 'बराबरी' को स्थापित करने के लिए आय/संपत्ति के मानदंड को आधार माना जाए। विश्वविद्यालयों के नॉन-टीचिंग स्टाफ के कर्मचारियों को उनके लेवल/ग्रुप/पे स्केल के अनुसार क्रीमी लेयर में रखा जाएगा। राज्य सरकार के तहत आने वाले पीएसयू के लिए कहा गया है कि एग्जीक्यूटिव लेवल के पदों, जिनमें बोर्ड लेवल के अफसर और बोर्ड लेवल से नीचे के मैनेजमेंट वाले पद शामिल हैं, उन्हें 'क्रीमी लेयर' श्रेणी में माना जाए। लेकिन यदि इनकी आय 8 लाख रुपये से कम है तो यह 'क्रीमी लेयर' में नहीं आएंगे।सरकारी सहायता से चलने वाले संस्थानों के लिए यह प्रस्ताव रखा गया है कि क्योंकि यह सामान्य तौर पर संबंधित केंद्रीय या राज्य सरकार की शर्तों और पे स्केल का पालन करते हैं, इसलिए कर्मचारियों का वर्गीकरण उनके पद व वेतन के आधार पर किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट में इसे लेकर कई मामले लंबित पड़े हुए हैं इसलिए यह जरूरी है कि स्पष्ट नियम बनाए जाएं। केंद्र सरकार का कहना है कि इससे ओबीसी वर्ग के अंदर ज्यादा लोगों को मौके मिलेंगे।

### प्रस्ताव की मुख्य बातें

- **क्रीमी लेयर की सीमा तय करना :** सरकार इस सीमा को आय या संपत्ति के आधार पर तय करने की सोच रही है। इससे उन लोगों को जो बहुत अधिक आय या संपत्ति रखते हैं, आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।
- **आय/संपत्ति के आधार पर वर्गीकरण :** 2017 से पहले यह सीमा 8 लाख रुपये प्रति वर्ष थी। प्रस्ताव में कहा गया है कि उच्च पदों पर काम कर रहे या अधिक आय वाले लोग (जैसे- विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, सरकारी अधिकारी, पीएसयूके उच्च पदाधिकारी) को 'क्रीमी लेयर' माना जाएगा। उनके बच्चे अब आरक्षण का लाभ नहीं ले पाएंगे।

#### संबंधित क्षेत्रों में लागू

- सरकारी नौकरियों में, विश्वविद्यालयों में, पीएसयू में और निजी सेक्टर में पदों और आय के आधार पर यह व्यवस्था लागू हो सकती है।
- विश्वविद्यालयों के शिक्षकों, पीएसयू के वरिष्ठ अधिकारियों और सरकारी संस्थानों के कर्मचारियों को भी इस सीमा से जोड़ा जाएगा।
- **मामलों का समाधान और स्पष्टता :** सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में चल रहे मामलों को ध्यान में रखते हुए, इस प्रस्ताव का उद्देश्य स्पष्ट नियम बनाना है ताकि कानूनी जटिलताएं कम हों।
- **लाभ का वितरण और रोजगार :** सरकार का तर्क है कि इससे अधिक लोगों को अवसर मिलेंगे और ओबीसी वर्ग का सामाजिक-आर्थिक सुधार होगा।
- यह प्रस्ताव मुख्य रूप से आर्थिक आधार पर 'क्रीमी लेयर' की सीमा तय कर, उस सीमा से ऊपर के लोगों को आरक्षण का लाभ न देने का प्रस्ताव है। इससे सरकारी और निजी क्षेत्र में समावेशिता बढ़ेगी और आर्थिक समानता को बढ़ावा मिलेगा,8 लाख रु. से कम सालाना आमदनी वालों को आरक्षण का लाभ मिलेगा।

# वजन कम करने वाली दवा ओजेम्पिक और मौनजारो से आंखों की रोशनी घट सकती है?

**ब्यूरो**



एआई जेनरेटेड

**नई दिल्ली।** हार्वर्ड में एक शोध में बढ़ते वजन से बेहाल लोगों के लिए मोटापा कम करने वाली दवाएं ओजेम्पिक व मौनजारो को लिया गया। इन दवाओं का उपयोग वजन घटाने व टाइप-2 मधुमेह को नियंत्रित करने में किया जाता है। लेकिन कुछ नई शोध में ये बात सामने आई है कि वजन घटाने वाली ये दवाएं आंखों से जुड़ी परेशानियां पैदा कर सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया व अमेरिका में 40 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें कुछ मरीजों को स्थायी दृष्टि हानि हुई है। हार्वर्ड के शोधकर्ताओं के मुताबिक सेमाग्लूटाइड लेने वालों में खतरा 4 से 7 गुना ज्यादा हो सकता है। कुछ मरीजों में इन दवाओं के सेवन के बाद अचानक अंधापन की शिकायतें सामने आई हैं।जाना नेटवर्क ओपन में प्रकाशित दो हालिया शोधों ने दवाओं के आंखों से संबंध की पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक सेमाग्लूटाइड व टिरजेपटाइड दवाओं के उपयोग से कुछ आंखों की बीमारियों के जोखिम में वृद्धि देखी गई है। सेमाग्लूटाइड एक जीएलपी-1 (ग्लूकागन-लाइक पेप्टाइड-1) एनालॉग है, जो शरीर में मौजूद प्राकृतिक जीएलपी-1 हार्मोन की तरह काम करता है। यह ब्लड शुगर व भूख को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसका उपयोग टाइप 2 डायबिटीज के इलाज में और अधिक मात्रा में वजन घटाने के लिए किया जाता है। टिरजेपटाइड जीएलपी-1 व जीआईपी (ग्लूकोज-डिपेंडेंट इंसुलिन ट्रॉपिक पोलिपेप्टाइड) दोनों हार्मोन की नकल करता है, जिससे पैंक्रियास से इंसुलिन का स्त्राव होता है और ब्लड शुगर व वजन को कंट्रोल किया जाता है। शोध के अनुसार वजन घटाने वाली इन दवाओं का सेवन करने से डायबिटिक रेटिनोपैथी का खतरा बढ़ सकता है। जब लंबे समय तक हाई ब्लड शुगर रेटिना की नाजुक रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचाता है, जिससे दृष्टि धुंधली हो सकती है या इंसान हमेशा के लिए अंधा भी हो सकता है।नान-आर्टेरिटिक एंटेरियर इस्केमिक आप्टिक न्यूरोपैथी एक ऐसी स्थिति जिसमें ऑप्टिक नर्व को रक्त की आपूर्ति कम हो जाती है और इससे अचानक, बिना दर्द के दृष्टि हानि हो सकती है।जामा नेटवर्क ओपन में प्रकाशित दो हालिया अध्ययनों ने जीएलपी -1 दवाओं जैसे सेमाग्लूटाइड और टिरज़ेपाटाइड व नेत्र संबंधी जोखिमों के बीच संभावित संबंध का विश्लेषण किया। दो हालिया स्टडी में पाया गया कि टाइप 2 डायबिटीज के मरीजों में जीएलपी-1 दवाएं जैसे सेमाग्लूटाइड, टिरज़ेपाटाइड लेने वालों को नान-आर्टेरिटिक एंटेरियर इस्केमिक आप्टिक न्यूरोपैथी और डायबिटिक रेटिनोपैथी का खतरा थोड़ा बढ़ सकता है। हालांकि इन दवाओं से पूर्ण अंधापन व गंभीर रेटिनोपैथी जटिलताओं का जोखिम कम हुआ। रोगियों को सर्जरी या लेजर इलाज की जरूरत भी कम पड़ी। दूसरी शोध में पाया गया कि ताकतवर जीएलपी -1 दवाएं लेने वालों में ऑप्टिक नर्व से जुड़ी समस्याएं अन्य दवाओं की तुलना में थोड़ी अधिक थीं, लेकिन मामले दुर्लभ रहे।पहली रिसर्च में टाइप 2 डायबिटीज से ग्रस्त मरीजों पर फोकस किया गया, जो जीएमपी -1 दवाएं जैसे डुलाग्लूटाइड, लिराग्लूटाइड ले रहे थे। दो वर्षों की निगरानी में पाया गया कि मरीजों में डायबिटिक रेटिनोपैथी और नान-आर्टेरिटिक एंटेरियर इस्केमिक आप्टिक न्यूरोपैथी( आंख की नसों में रक्त प्रवाह रुकने से होने वाली अचानक दृष्टि हानि) का थोड़ा अधिक जोखिम था। दूसरी रिसर्च के मुताबिक सेमाग्लूटाइड और टिरज़ेपाटाइड जैसी ताकतवर जीएलपी -1 दवाएं लेने वालों की तुलना पुरानी जीएलपी -1 दवाओं का सेवन करने वालों से की गई जिसमें नान-आर्टेरिटिक एंटेरियर इस्केमिक आप्टिक न्यूरोपैथी और ऑप्टिक नर्व से जुड़ी समस्याओं के मामूली अधिक मामले सामने आए।




# जया बच्चन का बर्ताव देख कर कंगना को आया गुस्सा...

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने दिल्ली-एनसीआर के इलाकों से आवारा कुत्तों को आठ हफ्तों के भीतर आश्रय गृहों में भेजने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के ख़िलाफ़ अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह निर्देश दर्शाता है कि एक समाज के रूप में हम कितने "निष्प्राण" हो गए हैं। मंगलवार को, सोनाक्षी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर इस आदेश पर प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिसके बाद गरमागरम बहस और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। लोग सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के खिलाफ नारे लगा रहे हैं और इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

**जया बच्चन ने सेल्फी ले रहे शख्स को दिया धक्का :** जया बच्चन का बर्ताव देख कर कंगना रनौत को आया गुस्सा जया बच्चन अक्सर अपने गुस्से को लेकर चर्चा में रहती हैं और हाल ही में उनका एक और ऐसा ही वीडियो सामने आया। जिसमें कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में एक शख्स पर बुरी तरह भड़कतीं, धक्का मारती दिखीं। इस पर अब कंगना रनौत का रिएक्शन वायरल हो रहा है। कंगना ने जया बच्चन के रवैये पर नाराजगी जाहिर करते हुए। उन्हें 'बिगड़ी हुई महिला' करार देते हुए कहा कि लोग उन्हें सिर्फ इसलिए बर्दाश्त करते हैं, क्योंकि वह अमिताभ बच्चन की पत्नी हैं। दिग्गज अभिनेत्री पर कंगना का ये रिएक्शन वायरल हो रहा है।

